# 1000 रामायण प्रश्नोत्तरी



राजेंद्र प्रताप सिंह

# 1000

# रामायण प्रश्नोत्तरी

राजेद्रं प्रताप सिंह

प्रभात प्रकाशन, दिल्ली
ISO 9001:2008 प्रकाशक

परम श्रद्धेय गुरुवर

पं. राज बली पांडेयजी

को सादर समर्पित

नीलाम्बुज-श्यामल-कोमलाङ्गं

सीतासमारोपितवामभागम्।

पाणौ महासायक-चारुचापं

नमामि रामं रघुवंशनाथम्।।



# स्वकथ्य

रामायण भारतीय एवं हिंदू वाङ्मय का सर्वाधिक पूज्य एवं समादृत ग्रंथ है। रामचरित की पावन गंगा सदियों से हिंदू समाज-मानस में कल-कल प्रवाहित होती आई है। संसार के किसी भी भाग में रहनेवाले हिंदू रामायण—रामचरित—के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा एवं भावनात्मक जुड़ाव रखते हैं। रामायण से संबंधित कथाओं-उपकथाओं की चर्चा सर्वत्र बड़ी ही आस्था व श्रद्धा से की जाती है। अनेक बार हम उस कथा को सुन चुके होते हैं, फिर भी बार-बार सुनने-जानने को मन उत्सुक रहता है।

प्रस्तुत पुस्तक की रचना का प्रयोजन ऐसे व्यक्तियों को रामायण संबंधी ज्ञान से समृद्ध कराना है, जो रामायण के विषय में अधिकाधिक जानना चाहते हैं, इसमें अभिरुचि रखते हैं। समय के अभाव के कारण रामायण जैसे ग्रंथ को पढ़कर उसे आत्मसात् कर पाने का अवसर आज सबके पास नहीं है। यह पुस्तक पाठकों को बहुत सूक्ष्मता और सरलता से रामायण के प्रमुख बिंदुओं, वस्तुनिष्ठ तथ्यों और महत्त्वपूर्ण संदर्भों से परिचित कराती है। इस पुस्तक में रामायण में उल्लिखित केंद्रीय और महत्त्वपूर्ण प्रश्नों को दिया गया है। इसमें प्रश्नों के माध्यम से श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, दशरथ, कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, बालि, अंगद, सुग्रीव, जांबवान्, नल, नील तथा रावण, कुंभकर्ण, मेघनाद, विभीषण, मंदोदरी आदि प्रमुख पात्रों के साथ ही विभिन्न पर्वतों, नगरों एवं नदियों के संबंध में सुस्पष्ट और संक्षिप्त जानकारी मिलती है। राक्षसों एवं श्रीराम की सेना के बीच युद्ध में किए गए पराक्रमों तथा श्रीराम व रावण और लक्ष्मण व मेघनाद आदि के मध्य युद्ध में प्रयुक्त विभिन्न शस्त्रों एवं दिव्यास्त्रों के नाम, उनके प्रयोग और परिणामों के साथ ही राक्षसों द्वारा किए गए विचित्र माया-युद्धों का भी रोमांचक वर्णन है। साथ ही रामायण में वर्णित ऋषियों, महर्षियों व राजर्षियों के पावन चरित्रों का भी परिचय प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त लगभग डेढ़ सौ विभिन्न पात्रों के माता, पिता, पत्नी, पुत्र-पुत्री, पितामह, पौत्र, नाना, मामा आदि जैसे संबंधों का विस्तृत एवं खोजपरक वर्णन भी। इसमें चौदह अध्यायों के अंतर्गत कुल 1000 प्रश्न दिए गए हैं। ये सभी प्रश्न रामायण से संदर्भ लेकर, चुनकर बनाए गए हैं। 'क्या नाम था', 'रोमांचक जानकारियाँ', 'महत्त्वपूर्ण स्थान', 'अस्त्र-शस्त्र', 'वरदान और शाप', 'नामों की निर्मिति', 'संख्याओं को भी जानें' तथा 'संबंधों का सागर' जैसे महत्त्वपूर्ण अध्यायों में वर्गीकृत ये प्रश्न सहज ही पाठकों को रामायण संबंधी अनेकानेक जानकारियाँ प्रदान करते हैं। यथार्थतः यह पुस्तक रामायण का संदर्भ कोश है।

कई बार ऐसे अवसर आते हैं, जब हम रामायण का कोई संदर्भ जानना चाहते हैं और ग्रंथ के पन्ने-पर-पन्ने पलटते जाते हैं; ढूँढ़ते हैं, खोजते हैं, किंतु वह नहीं मिलता। ऐसे में यह पुस्तक पाठकों को अपार सहयोग देगी। यह आम पाठकों के लिए तो महत्त्वपूर्ण है ही, लेखकों, संपादकों, पत्रकारों, वक्ताओं, शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा शोधार्थियों के लिए भी अत्यंत उपयोगी है।

पुस्तक के अंत में तीन परिशिष्ट दिए गए हैं। परिशिष्ट-**1** में 'श्रीराम की वंश-परंपरा का परिचय', परिशिष्ट-**2** में 'राजा जनक की वंश-परंपरा का परिचय' तथा परिशिष्ट-**3** में 'लंका-नरेश रावण का वंश-वृक्ष' दिया गया है। आशा है, तीनों परिशिष्ट पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे।

प्रस्तुत पुस्तक को तैयार करने में प्रमुख रूप से 'वाल्मीकीय रामायण' की सहायता ली गई है, तथापि इसमें 'श्रीरामचरितमानस' एवं 'अद्भुत रामायण' से संबंधित तथा लोक-प्रसिद्ध अन्य कथा-प्रसंगों की भी अल्पाधिक सहायता ली है।

परम श्रद्धेय मनीषी-विद्वान् डॉ. श्याम बहादुर वर्माजी का मैं कृतज्ञ रहूँगा, जिन्होंने पांडुलिपि-निर्माण में समय-समय पर मेरा मार्गदर्शन किया। मेरे संपादक मित्रों—श्री प्रेमपाल शर्मा एवं श्री अशोक कुमार 'ज्योति' ने पुस्तक को सँवारने में जो महत्त्वपूर्ण योगदान दिया उसके लिए उनका हार्दिक आभार। प्रस्तुत पुस्तक की पांडुलिपि तैयार करते समय प्रिय जीवनसंगिनी श्रीमती उषा सिंह ने जिस समर्पण-भाव से सहयोग दिया, बिखरे-फैले व अव्यवस्थित कागजों को जिस आत्मीयता से सहेजा, उसके लिए 'धन्यवाद' शब्द कम होगा।

और अंततः, पुस्तक आपके हाथों में है। अपने परिश्रम के मूल्यांकन तथा उसके सत्-असत् का निर्णय मैं आप पर छोड़ता हूँ।

—राजेंद्र प्रताप सिंह

266, डबल स्टोरी, वेलकम
सीलमपुर-III, दिल्ली-110053

# 1

# क्या नाम था

1. श्रीराम की सेना के दो अभियंता वानरों के नाम बताइए।
(क) अंगद-हनुमान
(ख) सुग्रीव-अंगद
(ग) केसरी-सुषेण
(घ) नल-नील
उत्तर. (घ) नल-नील

2. जिस विमान पर बैठकर श्रीराम लक्ष्मण-सीता सहित लंका से अयोध्या आए थे, उसका क्या नाम था?
(क) गरुड
(ख) पुष्पक
(ग) सौभ
(घ) नीलकुंज
उत्तर. (ख) पुष्पक

3. लंका के उस प्रसिद्ध वैद्य का क्या नाम था, जिसे लक्ष्मण की मूर्च्छा दूर करने हेतु हनुमानजी लंका से उठा लाए थे?
(क) मातलि
(ख) विश्रवा
(ग) सुषेण
(घ) रैभ्य
उत्तर. (ग) सुषेण

4. लक्ष्मण की मूर्च्छा दूर करने हेतु हनुमानजी जो ओषधि लेकर आए थे, उसका क्या नाम था?
(क) प्राणदायिनी बूटी
(ख) संजीवनी बूटी
(ग) अमृतांजनी
(घ) योगिनी
उत्तर. (ख) संजीवनी बूटी

5. राजा जनक का मूल नाम क्या था?
(क) सीरध्वज
(ख) शतध्वज
(ग) कपिध्वज
(घ) मकरध्वज
उत्तर. (क) सीरध्वज

6. कैकेयी की उस दासी का क्या नाम था जिसने कैकेयी को राम को वनवास और भरत को राजगद्दी माँगने के लिए बहकाया था?
(क) देविका
(ख) सुजाता
(ग) मंथरा

(घ) सुहासिनी
उत्तर. (ग) मंथरा

7. वाल्मीकि रामायण की रचना जिस छंद में हुई है उसका क्या नाम है?
(क) चौपाई
(ख) सोरठा
(ग) सवैया
(घ) अनुष्टुप्
उत्तर. (घ) अनुष्टुप्

8. उस गुप्तचर का क्या नाम था जिसके कहने पर श्रीराम ने सीताजी का परित्याग कर दिया था?
(क) सुमालि
(ख) मणिभान
(ग) दुर्मुख
(घ) छंदक
उत्तर. (ग) दुर्मुख

9. कैकेयी की उस दासी का क्या नाम था जो मायके से ही उसके साथ आई थी?
(क) सुभदा
(ख) मंथरा
(ग) रेवती
(घ) नलिनी
उत्तर. (ख) मंथरा

10. उस तीर्थ का क्या नाम था जिसमें डुबकी लगाकर श्रीराम ने परमधाम को प्रस्थान किया था?
(क) समंतपंचक
(ख) गोमंतक
(ग) गोप्रतार
(घ) नारदकुंड
उत्तर. (ग) गोप्रतार

11. महर्षि विश्वामित्र का क्षत्रिय दशा का क्या नाम था?
(क) रुक्मरथ
(ख) विश्वरथ
(ग) चित्ररथ
(घ) दशरथ
उत्तर. (ख) विश्वरथ

12. बालि और सुग्रीव जिस वानर से उत्पन्न हुए थे उसका क्या नाम था?
(क) ऋक्षराज
(ख) जंभन
(ग) मैंद
(घ) गंधमादन
उत्तर. (क) ऋक्षराज

13. रामायणकालीन सरयू नदी को वर्तमान में क्या कहते हैं?
(क) यमुना

(ख) घाघरा
(ग) गोमती
(घ) गंगा
उत्तर. (ख) घाघरा

14. समुद्र में रहनेवाली उस नागमाता का क्या नाम था, जिसने समुद्र लाँघते हुए हनुमानजी को रोका था और उन्हें खा जाने को उद्यत हुई थी?
(क) त्रिजटा
(ख) मंथरा
(ग) बलंधरा
(घ) सुरसा
उत्तर. (घ) सुरसा

15. राजा दशरथ ने पुत्रोत्पत्ति हेतु जो यज्ञ किया था, उसका क्या नाम था?
(क) राजसूय
(ख) पुत्रेष्टि
(ग) वैष्णव
(घ) अश्वमेध
उत्तर. (ख) पुत्रेष्टि

16. राजा जनक के पुरोहित का क्या नाम था?
(क) सीरध्वज
(ख) वसिष्ठ
(ग) शतानंद
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (ग) शतानंद

17. महर्षि विश्वामित्र की तपस्या जिस अप्सरा ने भंग की थी उसका क्या नाम था?
(क) उर्वशी
(ख) जानपदी
(ग) घृताची
(घ) मेनका
उत्तर. (घ) मेनका

18. श्रीराम ने जिन वृक्षों की ओट लेकर वानरराज बालि को मारा था, उनका क्या नाम था?
(क) साल वृक्ष
(ख) वट वृक्ष
(ग) शमी वृक्ष
(घ) अशोक वृक्ष
उत्तर. (क) साल वृक्ष

19. राजा जनक के छोटे भाई का क्या नाम था?
(क) कुशनाभ
(ख) कुश
(ग) कुशध्वज
(घ) सीरध्वज
उत्तर. (ग) कुशध्वज

20. शत्रुघ्न के पुरोहित का क्या नाम था?
(क) शतानीक
(ख) उपमन्यु
(ग) आरुणि
(घ) कांचन
उत्तर. (घ) कांचन

21. रामायण जिस युग से संबंधित है उसका क्या नाम है?
(क) द्वापरयुग
(ख) त्रेतायुग
(ग) सत्ययुग
(घ) कलियुग
उत्तर. (ख) त्रेतायुग

22. समुद्र-मंथन से जो अश्व निकला था उसका क्या नाम है?
(क) चेतक
(ख) बाज
(ग) उच्चैःश्रवा
(घ) सुमाली
उत्तर. (ग) उच्चैःश्रवा

23. अशोक वाटिका का दूसरा नाम क्या था?
(क) प्रमदावन
(ख) कदलीवन
(ग) मधुवन
(घ) वृंदावन
उत्तर. (क) प्रमदावन

24. महर्षि वाल्मीकि का बचपन का क्या नाम था?
(क) रत्नेश
(ख) रत्नसेन
(ग) रत्नाकर
(घ) रत्नाभ
उत्तर. (ग) रत्नाकर

25. उन महर्षि का क्या नाम है जिनके बारे में कहा जाता है कि वे अपने जीवन के पूर्वार्द्ध में डाकू थे?
(क) वाल्मीकि
(ख) विश्वामित्र
(ग) परशुराम
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (क) वाल्मीकि

26. उस हाथी का क्या नाम था जिसे सगर-पुत्रों ने पृथ्वी धारण करते हुए देखा था?
(क) अश्वत्थामा
(ख) कुवलयापीड
(ग) विरूपाक्ष
(घ) शत्रुहंता

उत्तर. (ग) विरूपाक्ष

27. लंका-दहन के पश्चात् हनुमान जिस पर्वत पर चढ़कर, समुद्र लाँघकर वापस आए थे उसका क्या नाम है?
(क) अरिष्ट
(ख) मैनाक
(ग) गिरनार
(घ) विंध्याचल
उत्तर. (क) अरिष्ट

28. महर्षि वसिष्ठ की गाय का क्या नाम था?
(क) कपिला
(ख) सुरभि
(ग) धेनु
(घ) शैलोदा
उत्तर. (ख) सुरभि

29. अवधी भाषा में रचित रामायण का क्या नाम है?
(क) अवधी रामायण
(ख) रामचरितमानस
(ग) कंब रामायण
(घ) अध्यात्म रामायण
उत्तर. (ख) रामचरितमानस

30. कुबेर के सेनापति का क्या नाम था?
(क) मणिमान्
(ख) मणिग्रीव
(ग) मणिध्वज
(घ) मणिभद्र
उत्तर. (घ) मणिभद्र

31. उस सागर का क्या नाम था देवताओं और असुरों ने जिसका मंथन किया था?
(क) क्षीरोद सागर
(ख) प्रशांत सागर
(ग) कश्यप सागर
(घ) विष्णु सागर
उत्तर. (क) क्षीरोद सागर

32. लंका जाने के लिए पुल बाँधते समय श्रीराम ने जिस शिवलिंग की स्थापना की थी, उसका क्या नाम है?
(क) एकलिंग
(ख) पशुपतिनाथ
(ग) रामेश्वर
(घ) ज्योतीश्वर
उत्तर. (ग) रामेश्वर

33. विभीषण के उस अनुचर का क्या नाम था, जिसने पक्षी का रूप धारण कर, लंका जाकर रावण की रक्षा-व्यवस्था तथा सैन्य-शक्ति का पता लगाया था?
(क) आशुवंत

(ख) अनल
(ग) अघ
(घ) अभि
उत्तर. (ख) अनल

34. उस पर्वत का क्या नाम है जो समस्त पर्वतों का राजा है?
(क) हिमालय
(ख) मैनाक
(ग) गिरनार
(घ) अरिष्ट
उत्तर. (क) हिमालय

35. रामायण के प्रथम कांड का क्या नाम है?
(क) अरण्यकांड
(ख) बालकांड
(ग) अयोध्याकांड
(घ) किष्किंधाकांड
उत्तर. (ख) बालकांड

36. रामायण के अंतिम कांड का क्या नाम है?
(क) सुंदरकांड
(ख) किष्किंधाकांड
(ग) उत्तरकांड
(घ) बालकांड
उत्तर. (ग) उत्तरकांड

37. उस हाथी का क्या नाम है जो श्वेत वर्ण का था?
(क) शत्रुंजय
(ख) ऐरावत
(ग) अश्वत्थामा
(घ) कुवलयापीड
उत्तर. (ख) ऐरावत

38. लक्ष्मण की मूर्च्छा दूर करने हेतु जिस ओषधि को वैद्य ने मँगाया था उसका क्या नाम था?
(क) कंचनप्रभा
(ख) लोचनप्रभा
(ग) संजीवनी बूटी
(घ) ब्राह्मी बूटी
उत्तर. (ग) संजीवनी बूटी

39. तृतीय प्रजापति का क्या नाम है?
(क) दक्ष
(ख) शेष
(ग) प्रचेता
(घ) क्रतु
उत्तर. (ख) शेष

40. उस ब्राह्मण का क्या नाम था जिसे श्रीराम ने कहा था कि वह अपने दंड (डंडे) को जहाँ तक फेंक सकेंगे वहाँ तक की गायें उन्हें मिल जाएँगी?
(क) त्रिजट
(ख) कश्यप
(ग) अश्वकेतु
(घ) अश्वसेन
उत्तर. (क) त्रिजट

41. कुबेर को ब्रह्माजी ने जो विमान दिया था उसका क्या नाम था?
(क) वायुपुत्र
(ख) सौभ
(ग) पुष्पक
(घ) तीव्रगामी
उत्तर. (ग) पुष्पक

42. किस देवता का एक नाम 'सर्पमाली' है?
(क) विष्णु
(ख) इंद्र
(ग) वरुण
(घ) शिव
उत्तर. (घ) शिव

43. किस ऋषि को 'समुद्रचुलुक' कहते हैं?
(क) भरद्वाज
(ख) अगस्त्य
(ग) याज्ञवल्क्य
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ख) अगस्त्य

44. पूर्वजन्म में रावण का क्या नाम था?
(क) बलंधर
(ख) भस्मासुर
(ग) प्रतापभानु
(घ) अघासुर
उत्तर. (ग) प्रतापभानु

45. राजा निमि की राजधानी का क्या नाम था?
(क) वैजयंत
(ख) कुशस्थली
(ग) अहिच्छत्र
(घ) चित्रकूट
उत्तर. (क) वैजयंत

46. किस देवता का एक नाम 'स्थाणु' है?
(क) विष्णु
(ख) गणेश
(ग) इंद्र

(घ) शिव
उत्तर. (घ) शिव

47. उस मणि का क्या नाम है जो समुद्र-मंथन से उत्पन्न हुई थी?
(क) कौस्तुभ
(ख) पारस
(ग) वैदूर्य
(घ) स्यमंतक
उत्तर. (क) कौस्तुभ

48. नलकूबर जिस अप्सरा पर आसक्त था, उसका क्या नाम था?
(क) मेनका
(ख) उर्वशी
(ग) रंभा
(घ) घृताची
उत्तर. (ग) रंभा

49. हनुमान जब अशोक वाटिका में सीताजी से मिलने गए थे, उस समय वे जिस वृक्ष पर छिपे थे उसका क्या नाम था?
(क) अशोक
(ख) शमी
(ग) साल
(घ) अश्वत्थ
उत्तर. (क) अशोक

50. इंद्र के प्रसिद्ध हाथी का क्या नाम था?
(क) अश्वत्थामा
(ख) कुवलयापीड
(ग) ऐरावत
(घ) गजेश
उत्तर. (ग) ऐरावत

51. कुबेर के हाथी का क्या नाम है?
(क) महापद्म
(ख) शत्रुहंता
(ग) कुवलयापीड
(घ) हिमपांड्र
उत्तर. (घ) हिमपांड्र

52. यम के हाथी का क्या नाम है?
(क) ऐरावत
(ख) महापद्म
(ग) विरूपाक्ष
(घ) अश्वत्थामा
उत्तर. (ख) महापद्म

53. वरुण के हाथी का क्या नाम है?

(क) सौमनस
(ख) हिमपांड्र
(ग) महापद्म
(घ) ऐरावत
उत्तर. (क) सौमनस

54. उस समुद्र का क्या नाम था जिसका जल रक्त वर्णी था?
(क) क्षीरोद सागर
(ख) भवसागर
(ग) लोहित सागर
(घ) प्रशांत महासागर
उत्तर. (ग) लोहित सागर

55. श्रीराम आदि चारों भाइयों के विवाह कार्य जिस ऋषि ने संपन्न कराए थे उसका क्या नाम था?
(क) विश्वामित्र
(ख) वसिष्ठ
(ग) अत्रि
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (ख) वसिष्ठ

56. जिस महर्षि ने श्रीराम के दुःखमय जीवन की भविष्यवाणी की थी उनका क्या नाम था?
(क) दुर्वासा
(ख) परशुराम
(ग) वाल्मीकि
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) दुर्वासा

57. उस कौए का क्या नाम था जिसने गरुडजी को रामकथा सुनाई थी?
(क) विगत
(ख) विनत
(ग) काकभुशुंडि
(घ) नागभुशुंडि
उत्तर. (ग) काकभुशुंडि

58. अमरावती किसकी पुरी का नाम था?
(क) शिव
(ख) इंद्र
(ग) कुबेर
(घ) रावण
उत्तर. (ख) इंद्र

59. अश्वमेध यज्ञ के अश्व के मस्तक पर जो पत्र बाँधा जाता था उसका क्या नाम था?
(क) विजयपत्र
(ख) रणपत्र
(ग) घोषपत्र
(घ) जयपत्र
उत्तर. (घ) जयपत्र

60. शत्रु द्वारा चलाए हुए अस्त्र को निष्फल करने की विधि का क्या नाम है?
(क) रभस
(ख) रजस
(ग) यमस
(घ) नभस
उत्तर. (क) रभस

61. उस राक्षस का क्या नाम था जिसने सीता की हत्या न करने के लिए रावण को समझाया था?
(क) महोदर
(ख) प्रघस
(ग) सारण
(घ) सुपार्श्व
उत्तर. (घ) सुपार्श्व

62. समुद्र-मंथन से जो भयानक विष निकला था उसका क्या नाम है?
(क) हलाहल
(ख) यमद
(ग) वत्सनाभ
(घ) नीलकंठ
उत्तर. (क) हलाहल

63. समुद्र-मंथन हेतु जिस पर्वत को मथानी बनाया गया था उसका क्या नाम था?
(क) हिमालय
(ख) मैनाक
(ग) मंदराचल
(घ) गिरनार
उत्तर. (ग) मंदराचल

64. रामायण के सबसे बड़े कांड का क्या नाम है?
(क) सुंदरकांड
(ख) युद्धकांड
(ग) उत्तरकांड
(घ) किष्किंधाकांड
उत्तर. (ख) युद्धकांड

65. रामायण के सबसे छोटे कांड का क्या नाम है?
(क) बालकांड
(ख) अरण्यकांड
(ग) सुंदरकांड
(घ) उत्तरकांड
उत्तर. (ख) अरण्यकांड

66. राजा जनक के उस मंत्री का क्या नाम था जो जनक की आज्ञा से राजा दशरथ को बुलाने के लिए अयोध्या गए थे?
(क) सदानंद
(ख) शतानंद
(ग) यौधेय

(घ) सुदामन्
उत्तर. (घ) सुदामन्

67. उस सरोवर का क्या नाम था, जो एक योजन लंबा तथा इतना ही चौड़ा था?
(क) पंपासर
(ख) अमृतसर
(ग) पंचाप्सर
(घ) मानसर
उत्तर. (ग) पंचाप्सर

68. उस पर्वत का क्या नाम है जो सिंधुनद और समुद्र के संगम पर स्थित था तथा जिसके सौ शिखर थे?
(क) नीलगिरि
(ख) हेमगिरि
(ग) मेरु
(घ) महेंद्र
उत्तर. (ख) हेमगिरि

69. आठवें वसु का क्या नाम है?
(क) सावित्र
(ख) सोम
(ग) अनल
(घ) प्रत्यूष
उत्तर. (क) सावित्र

70. रावण ने सुग्रीव के पास जो दूत भेजा था उसका क्या नाम था?
(क) प्रघस
(ख) महोदर
(ग) शुक
(घ) धूम्राक्ष
उत्तर. (ग) शुक

71. उस वानर यूथपति का क्या नाम था जो गेरू के समान लाल रंग का था?
(क) गंधमादन
(ख) गवय
(ग) मैंद
(घ) द्विविद
उत्तर. (ख) गवय

72. उस वानर यूथपति का क्या नाम था जो चाँदी के समान धवल वर्ण का था?
(क) सुषेण
(ख) अंगद
(ग) गज
(घ) श्वेत
उत्तर. (घ) श्वेत

73. उस ग्रह का क्या नाम है जो समय-समय पर सूर्य और चंद्रमा पर ग्रहण लगाता है?
(क) राहु

(ख) केतु
(ग) शनि
(घ) बुध
उत्तर. (क) राहु

74. प्रभाव किसके मंत्री का नाम था?
(क) अंगद
(ख) नल
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ग) सुग्रीव

75. रामायणकालीन काशी का वर्तमान में क्या नाम है?
(क) कुरुक्षेत्र
(ख) गया
(ग) पटना
(घ) वाराणसी
उत्तर. (घ) वाराणसी

76. रामायणकालीन लवपुर का वर्तमान में क्या नाम है?
(क) लाहौर
(ख) इलाहाबाद
(ग) देहरादून
(घ) वाराणसी
उत्तर. (क) लाहौर

77. रामायणकालीन नगरी मधुपुरी का वर्तमान में क्या नाम है?
(क) मथुरा
(ख) वाराणसी
(ग) चंडीगढ़
(घ) कुरुक्षेत्र
उत्तर. (क) मथुरा

78. 'मारुत' किस देवता का नाम है?
(क) अग्नि
(ख) इंद्र
(ग) वायु
(घ) शनि
उत्तर. (ग) वायु

79. इंद्र के प्रसिद्ध उद्यान का क्या नाम था?
(क) काम्यक
(ख) नंदन (कानन)
(ग) प्रमदा
(घ) सौरभ
उत्तर. (ख) नंदन (कानन)

80. इंद्र के सारथि का नाम बताइए?
(क) दारुक
(ख) मातलि
(ग) अधिरथ
(घ) सुवर्चा
उत्तर. (ख) मातलि

81. उस गंधर्वी का क्या नाम है जिसने अपनी तीन पुत्रियों का विवाह माल्यवान्, सुमाली और माली (राक्षस) के साथ किया था?
(क) केतुमती
(ख) सुलोचना
(ग) मंदोदरी
(घ) नर्मदा
उत्तर. (घ) नर्मदा

82. उस वानर का क्या नाम है जो एक सरोवर-जल में अपनी परछाईं देखकर उससे युद्ध करने के लिए कूदा और स्त्री बन गया था?
(क) गवय
(ख) सुषेण
(ग) द्विविद
(घ) ऋक्षराज
उत्तर. (घ) ऋक्षराज

83. मेघनाद जिस देवी की पूजा किया करता था उसका क्या नाम था?
(क) सरस्वती
(ख) दुर्गा
(ग) निकुंभिला
(घ) लक्ष्मी
उत्तर. (ग) निकुंभिला

84. हनुमानजी की माता पूर्वजन्म में एक अप्सरा थीं। अप्सरा रूप में उनका क्या नाम था?
(क) घृताची
(ख) पुंजिकस्थला
(ग) उर्वशी
(घ) जानपदी
उत्तर. (ख) पुंजिकस्थला

85. लक्ष्मण की मूर्च्छा दूर करने हेतु हनुमानजी जिस पर्वत को ओषधि सहित उठाकर लाए थे उसका क्या नाम था?
(क) ऋष्यमूक
(ख) मैनाक
(ग) अंजन
(घ) द्रोणगिरि
उत्तर. (घ) द्रोणगिरि

86. सीताजी की खोज में लंका पहुँचने पर हनुमानजी ने जिस विमान को देखा था उसका क्या नाम था?
(क) जयंत

(ख) पुष्पक
(ग) गरुड
(घ) सौभ
उत्तर. (ख) पुष्पक

87. उस राक्षसी का क्या नाम था जो लंका के समीप समुद्र में रहती थी और उड़ते हुए जीवों को खींच लेती थी तथा खा जाती थी?
(क) बलंधरा
(ख) प्रघसा
(ग) त्रिजटा
(घ) सिंहिका
उत्तर. (घ) सिंहिका

88. कुब्जा इनमें से किसका नाम है?
(क) कैकेयी
(ख) मंथरा
(ग) सुलोचना
(घ) मंदोदरी
उत्तर. (ख) मंथरा

89. लंका में राक्षसों के कुल देवता का जो स्थान था उसका क्या नाम था?
(क) अशोक वन
(ख) निकुंभिला
(ग) चैत्य प्रासाद
(घ) कदंब वर्त
उत्तर. (ग) चैत्य प्रासाद

90. रामायण महाकाव्य का दूसरा नाम क्या था?
(क) रावण-वध
(ख) पौलस्त्य-वध अथवा दशानन-वध
(ग) निशाचर-वध
(घ) इंद्रजित्-वध
उत्तर. (ख) पौलस्त्य-वध अथवा दशानन-वध

91. श्रीराम द्वारा (बालि-वध के निमित्त) बालि से युद्ध करते हुए सुग्रीव ने अपने गले में जो माला पहन रखी थी उसका क्या नाम था?
(क) गजपुष्पी लता
(ख) विजयमाल
(ग) केतुमाल
(घ) चारुहास
उत्तर. (क) गजपुष्पी लता

92. श्रीराम को वन से वापस लाने के लिए जाते हुए भरत जिस नौका से गंगा के पार उतरे थे उसका क्या नाम था?
(क) भवतारिणी
(ख) चंद्रहास
(ग) देववर्णिनी

(घ) स्वस्तिक
उत्तर. (घ) स्वस्तिक

93. आज की व्यास नदी का रामायण काल में क्या नाम था?
(क) सरयू
(ख) गंगा
(ग) विपाशा
(घ) मंदाकिनी
उत्तर. (ग) विपाशा

94. उस धनुष का क्या नाम था, महर्षि परशुराम ने श्रीराम को (सीता स्वयंवर में) जिसपर बाण चढ़ा देने की चुनौती दी थी?
(क) गांडीव
(ख) अजगव
(ग) शाङ्‌र्ग
(घ) वैष्णव
उत्तर. (घ) वैष्णव

95. उत्तर कुरु प्रदेश में स्थित कुबेर के उपवन का क्या नाम था?
(क) चित्ररथ
(ख) नंदन
(ग) काम्यक
(घ) प्रमदा
उत्तर. (क) चित्ररथ

96. ‘कलहप्रिय’ किसका नाम था?
(क) नारद
(ख) गणेश
(ग) श्रीकृष्ण
(घ) शकुनि
उत्तर. (क) नारद

97. उस यज्ञ का क्या नाम है, जो ‘पवित्र’ नामक सोमयज्ञ से प्रारंभ और ‘सौत्रामणि’ से समाप्त होता है?
(क) अश्वमेध
(ख) राजसूय
(ग) वैष्णव
(घ) विश्वजित्
उत्तर. (ख) राजसूय

❑

# 2

# रोमांचक जानकारियाँ

98. रावण के परिवार का वह कौन योद्धा था जो राम-रावण युद्ध में श्रीराम की ओर से लड़ा था?
(क) महोदर
(ख) विभीषण
(ग) प्रहस्त
(घ) माल्यवान्
उत्तर. (ख) विभीषण

99. वह कौन वीर था जिसने रावण को बंदी बनाकर कारागार में डाल दिया था और उसके (रावण के) पितामह के निवेदन पर उसे मुक्त किया था?
(क) कृतवीर्य
(ख) सहस्रार्जुन
(ग) गय
(घ) दशरथ
उत्तर. (ख) सहस्रार्जुन

100. वह कौन वीर था जो रावण को छह माह तक अपनी काँख (बगल) में दबाए रहा था?
(क) सहस्रार्जुन
(ख) कुबेर
(ग) मय
(घ) बालि
उत्तर. (घ) बालि

101. जब ऋषि विश्वामित्र राजा दशरथ से श्रीराम व लक्ष्मण को माँगने आए थे उस समय तमाम तर्कों के मध्य दशरथ ने ऋषि से अपनी कितनी अवस्था बताई थी?
(क) 60,000 वर्ष
(ख) 70,000 वर्ष
(ग) 80,000 वर्ष
(घ) 90,000 वर्ष
उत्तर. (क) 60,000 वर्ष

102. लक्ष्मण, हनुमान, भरत और शत्रुघ्न को किन दो भाइयों ने युद्ध में पराजित कर दिया था?
(क) रावण-कुंभकर्ण
(ख) बालि-सुग्रीव
(ग) लव-कुश
(घ) खर-दूषण
उत्तर. (ग) लव-कुश

103. कुंभकर्ण के शयन हेतु रावण ने जो घर बनवाया था वह कितना लंबा-चौड़ा था?
(क) 2 योजन लंबा, 1 योजन चौड़ा
(ख) 3 योजन लंबा, 2 योजन चौड़ा
(ग) 4 योजन लंबा, 4 योजन चौड़ा

(घ) 2 योजन लंबा, 2 योजन चौड़ा
उत्तर. (क) 2 योजन लंबा, 1 योजन चौड़ा

104. वह कौन राक्षस था जो एक बार में छह मास तक सोता रहता था?
(क) रावण
(ख) कुंभकर्ण
(ग) मेघनाद
(घ) अतिकाय
उत्तर. (ख) कुंभकर्ण

105. रावण ने किसे प्रसन्न करने के लिए अपने दसों शीश भेंट कर दिए थे?
(क) शनि
(ख) ब्रह्मा
(ग) अग्नि
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) ब्रह्मा

106. वह कौन था जो बिना माता के ही, केवल पिता से, जनमा था?
(क) विभीषण
(ख) दशरथ
(ग) अश्वपति
(घ) मिथि
उत्तर. (घ) मिथि

107. इनमें से किसने एक पाँव पर खड़े होकर पाँच हजार वर्षों तक तपस्या की थी?
(क) शंबूक
(ख) दशरथ
(ग) विभीषण
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ग) विभीषण

108. सीता-हरण के पूर्व सोने का मृग बनकर कौन आया था?
(क) सुबाहु
(ख) मारीच
(ग) कालनेमि
(घ) रावण
उत्तर. (ख) मारीच

109. पत्थर की शिला बनी अहल्या का उद्धार किसने किया था?
(क) श्रीराम
(ख) लक्ष्मण
(ग) दशरथ
(घ) हनुमान
उत्तर. (क) श्रीराम

110. वह कौन महर्षि थे जिन्होंने पिता की आज्ञा से अपनी माता का सिर काट लिया था?
(क) वाल्मीकि

(ख) धौम्य
(ग) अगस्त्य
(घ) परशुराम
उत्तर. (घ) परशुराम

111. वह कौन महर्षि थे जो संपूर्ण समुद्र-जल को चुल्लू में भरकर पी गए थे?
(क) अत्रि
(ख) अगस्त्य
(ग) दुर्वासा
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ख) अगस्त्य

112. शूर्पणखा राक्षसी के नाक-कान किसने काटे थे?
(क) सीता
(ख) राम
(ग) लक्ष्मण
(घ) हनुमान
उत्तर. (ग) लक्ष्मण

113. वह कौन महर्षि थे जो क्षत्रिय होते हुए भी अपनी तपस्या के बल पर ब्रह्मर्षियों में गिने जाते हैं?
(क) वसिष्ठ
(ख) परशुराम
(ग) विश्वामित्र
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

114. वह कौन राजा था जिसे महर्षि विश्वामित्र सशरीर स्वर्गलोक भेज रहे थे?
(क) गाधि
(ख) त्रिशंकु
(ग) सहस्रार्जुन
(घ) जनक
उत्तर. (ख) त्रिशंकु

115. इनमें से कौन था जो सूर्य को फल समझकर खाने के लिए उसके पास चला गया था?
(क) जांबवान्
(ख) सुरसा
(ग) हनुमान
(घ) कालनेमि
उत्तर. (ग) हनुमान

116. वह कौन महर्षि थे जिन्होंने अपनी पत्नी को प्रस्तर-शिला बन जाने का शाप दिया था?
(क) अत्रि
(ख) वसिष्ठ
(ग) वाल्मीकि
(घ) गौतम
उत्तर. (घ) गौतम

117. वह कौन रीछ था, जिसकी सृष्टि ब्रह्मा ने अपनी जँभाई से की थी?
(क) शोणिवान
(ख) जांबवान्
(ग) ऋक्षराज
(घ) ऋक्षकेतु
उत्तर. (ख) जांबवान्

118. श्रीराम के राज्याभिषेक के समय निम्न में से कौन पाँच सौ नदियों का जल लाया था?
(क) नील
(ख) सुग्रीव
(ग) जांबवान्
(घ) नल
उत्तर. (ग) जांबवान्

119. वह कौन राक्षसी थी जिसने सीता को, रावण को अस्वीकृत करने पर, खा जाने की धमकी दी थी?
(क) प्रघसा
(ख) ताड़का
(ग) प्रमोदिनी
(घ) त्रिजटा
उत्तर. (क) प्रघसा

120. वह कौन ऋषि थे जिन्होंने क्रुद्ध होकर गंगा के समस्त जल को पी लिया था?
(क) जह्नु
(ख) दुर्वासा
(ग) याज्ञवल्क्य
(घ) धौम्य
उत्तर. (क) जह्नु

121. वह कौन था जिसने अपने पिता की आज्ञा से उनका वृद्धत्व स्वीकार कर उन्हें अपना यौवन दे दिया था?
(क) भरत
(ख) पुरु
(ग) प्रतीप
(घ) श्रीराम
उत्तर. (ख) पुरु

122. वह कौन ऋषि था जो अपने पिता की आज्ञा से गायों का वध करता था?
(क) उपयाज
(ख) कंडु
(ग) परशुराम
(घ) याज
उत्तर. (ख) कंडु

123. अश्विनीकुमारों ने किस ऋषि को ओषधि के द्वारा वृद्ध से युवा बना दिया था?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) जमदग्नि
(ग) च्यवन
(घ) अत्रि

उत्तर. (ग) च्यवन

124. वह कौन राक्षस था जो राम-लक्ष्मण का अपहरण करके उन्हें पाताल ले गया था?
(क) मेघनाद
(ख) अहिरावण
(ग) कुंभकर्ण
(घ) सुमाली
उत्तर. (ख) अहिरावण

125. वह कौन सा पर्वत था जो साठ हजार पर्वतों के मध्य में स्थित था?
(क) कैलास
(ख) मैनाक
(ग) महेंद्र
(घ) मेरु
उत्तर. (घ) मेरु

126. वह कौन राक्षस था, जिसे श्रीराम व लक्ष्मण ने गड्ढे में गाड़ दिया था?
(क) विराध
(ख) कुंभकर्ण
(ग) मारीच
(घ) सुबाहु
उत्तर. (क) विराध

127. वह कौन राक्षस था जिसने यम के साथ युद्ध किया था?
(क) मेघनाद
(ख) रावण
(ग) विभीषण
(घ) अतिकाय
उत्तर. (ख) रावण

128. मकरध्वज किस जंतु के गर्भ से जनमा था?
(क) कच्छप
(ख) मत्स्य
(ग) ग्राह
(घ) सर्प
उत्तर. (ख) मत्स्य

129. वह कौन वानर यूथपति था जो मृत्यु का पुत्र था?
(क) सुमुख
(ख) कुमुद
(ग) गंधमादन
(घ) सुषेण
उत्तर. (क) सुमुख

130. अयोध्या का वह कौन राजकुमार था, जो नगर के बालकों को पकड़कर सरयू नदी के जल में फेंक देता था?
(क) भगीरथ
(ख) लक्ष्मण

(ग) असमंज
(घ) दिलीप
उत्तर. (ग) असमंज

131. वह कौन मनुष्य था, जिसने राजा अंबरीष का यज्ञपशु बनना स्वीकार कर लिया था?
(क) त्रिशंकु
(ख) शुनःशेप
(ग) असमंज
(घ) त्रिकुट
उत्तर. (ख) शुनःशेप

132. अयोध्या का वह कौन प्रतापी राजा था जिसके पुत्रों ने संपूर्ण पृथ्वी को भेद डाला था?
(क) दशरथ
(ख) श्रीराम
(ग) भरत
(घ) सगर
उत्तर. (घ) सगर

133. राजा सगर के यज्ञाश्व का अपहरण किस देवता ने कर लिया था?
(क) इंद्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) शिव
(घ) विष्णु
उत्तर. (क) इंद्र

134. निम्न में वह कौन है जो सिर नीचे कर तपस्या कर रहा था?
(क) त्रिशंकु
(ख) मेघनाद
(ग) शंबूक
(घ) शुनःशेप
उत्तर. (ग) शंबूक

135. विष्णु ने किस स्त्र्ा् का सिर काट लिया था?
(क) अहल्या
(ख) भृगु-पत्नी
(ग) अंजना
(घ) अनसूया
उत्तर. (ख) भृगु-पत्नी

136. किस वानर योद्धा ने प्रतपन जैसे वीर राक्षस की आँखें निकाल ली थीं?
(क) नील
(ख) हनुमान
(ग) सुग्रीव
(घ) नल
उत्तर. (घ) नल

137. वह कौन राक्षस था, जो जनमते ही हजारों लोगों का भक्षण कर गया था?

(क) कुंभकर्ण
(ख) खर
(ग) दूषण
(घ) सुबाहु
उत्तर. (क) कुंभकर्ण

138. वह कौन था जिसने सोलह हजार नारियों को बंदी बनाकर रखा था तथा एक लाख नारियों से एक साथ विवाह करना चाहता था?
(क) रावण
(ख) दुंदुभि
(ग) कुंभकर्ण
(घ) मारीच
उत्तर. (ख) दुंदुभि

139. वह कौन देवता था, जो रावण के डर से कौआ बन गया था?
(क) वरुण
(ख) यम
(ग) वायु
(घ) शनि
उत्तर. (ख) यम

140. लंका की वह कौन राक्षसी थी, जिसने कभी मिथ्या भाषण नहीं किया था?
(क) प्रघसा
(ख) शूर्पणखा
(ग) त्रिजटा
(घ) ताड़का
उत्तर. (ग) त्रिजटा

141. वह कौन वानर वीर था जो रावण के दरबार में पाँव जमाकर खड़ा हो गया था और जिसने उसे हिला भी देने की चुनौती दी थी?
(क) हनुमान
(ख) अंगद
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ख) अंगद

142. राजा जनक द्वारा खेत में हल जोतने पर कौन उत्पन्न हुआ था?
(क) उर्मिला
(ख) श्रुतकीर्ति
(ग) सीता
(घ) मांडवी
उत्तर. (ग) सीता

143. जो दस हजार महारथियों के साथ अकेला ही युद्ध करने में समर्थ हो, वह क्या कहलाता था?
(क) अर्धरथी
(ख) अतिरथी
(ग) रथी

(घ) महारथी
उत्तर. (ख) अतिरथी

144. वह कौन राजा था जिसने अपने पुत्र को अपना वृद्धत्व देकर उससे उसका यौवन ले लिया था?
(क) अंबरीष
(ख) गय
(ग) दशरथ
(घ) ययाति
उत्तर. (घ) ययाति

❑

# 3

# नामों की निर्मिति

145. महर्षि वाल्मीकि का नाम 'वाल्मीकि' कैसे पड़ा?
(क) 'मरा, मरा' जपने के कारण
(ख) रामायण की रचना करने के कारण
(ग) तपस्या करते समय वल्मीक (बाँबी) से ढक जाने के कारण
(घ) लूट-मार करने के कारण
उत्तर. (ग) तपस्या करते समय वल्मीक (बाँबी) से ढक जाने के कारण

146. मेघनाद का एक नाम 'इंद्रजित्' क्यों था?
(क) इंद्र को युद्ध में पराजित कर देने के कारण
(ख) रावण का पुत्र होने के कारण
(ग) कठोर तपस्या करने के कारण
(घ) लक्ष्मण को मूर्च्छित कर देने के कारण
उत्तर. (क) इंद्र को युद्ध में पराजित कर देने के कारण

147. सीताजी को 'जानकी' क्यों कहते हैं?
(क) पृथ्वी से उत्पन्न होने के कारण
(ख) जनक की पुत्री होने के कारण
(ग) श्रीराम द्वारा त्याग दिए जाने के कारण
(घ) हल के फल से उत्पन्न होने के कारण
उत्तर. (ख) जनक की पुत्री होने के कारण

148. महर्षि परशुराम का नाम 'परशुराम' कैसे पड़ा?
(क) क्षत्रियों का संहार करने के कारण
(ख) अत्यंत क्रोधी होने के कारण
(ग) परशु धारण करने के कारण
(घ) शिवभक्त होने के कारण
उत्तर. (ग) परशु धारण करने के कारण

149. सरयू नदी का नाम 'सरयू' कैसे पड़ा?
(क) तीव्र गति से बहने के कारण
(ख) अनेक धाराओं में बहने के कारण
(ग) ब्रह्मसर (मानस) से निकलने के कारण
(घ) अयोध्या के निकट बहने के कारण
उत्तर. (ग) ब्रह्मसर (मानस) से निकलने के कारण

150. प्रसिद्ध गजराज ऐरावत का नाम 'ऐरावत' कैसे पड़ा?
(क) इरावती का पुत्र होने के कारण
(ख) श्वेत वर्ण का होने के कारण
(ग) समुद्र से उत्पन्न होने के कारण
(घ) दैवी शक्तियाँ प्राप्त होने के कारण
उत्तर. (क) इरावती का पुत्र होने के कारण

151. महर्षि परशुराम को ‘भार्गव’ क्यों कहते थे?
(क) शिव का भक्त होने के कारण
(ख) क्षत्रियों का संहार करने के कारण
(ग) भृगु वंश में जनमने के कारण
(घ) अति कोपी होने के कारण
उत्तर. (ग) भृगु वंश में जनमने के कारण

152. राजा सगर का नाम ‘सगर’ कैसे पड़ा?
(क) गर (विष) सहित जनमने के कारण
(ख) सागर (समुद्र) में स्नान करने के कारण
(ग) समुद्र से युद्ध करने के कारण
(घ) समुद्र को खुदवाया था, इस कारण
उत्तर. (क) गर (विष) सहित जनमने के कारण

153. इंद्र को ‘देवराज’ क्यों कहते हैं?
(क) असुरों को पराजित करने के कारण
(ख) वृत्रासुर का वध करने के कारण
(ग) देवताओं का राजा होने के कारण
(घ) ऐरावत हाथी की सवारी करने के कारण
उत्तर. (ग) देवताओं का राजा होने के कारण

154. शिवजी का एक नाम ‘नीलकंठ’ क्यों था?
(क) नीलकंठ पक्षी को अभयदान देने के कारण
(ख) नीले वर्ण का होने के कारण
(ग) हलाहल विष पीने से कंठ नीला पड़ जाने के कारण
(घ) शरीर पर राख लपेटे रहने के कारण
उत्तर. (ग) हलाहल विष पीने से कंठ नीला पड़ जाने के कारण

155. राक्षसों को ‘यातुधान’ क्यों कहा जाता है?
(क) ब्रह्मा द्वारा वर दिए जाने के कारण
(ख) अति वीर व पराक्रमी होने के कारण
(ग) ऋषियों का यज्ञ विध्वंस करने के कारण
(घ) उन्हें यातु विद्या (जादू) का ज्ञान था, इस कारण
उत्तर. (घ) उन्हें यातु विद्या (जादू) का ज्ञान था, इस कारण

156. राक्षसों को ‘निशाचर’ क्यों कहते हैं?
(क) उनकी कुरूपता के कारण
(ख) मांस भोजी होने के कारण
(ग) निशा (रात्रि) में विचरण करने के कारण
(घ) सुरापान करने तथा परस्त्री-हरण करने के कारण
उत्तर. (ग) निशा (रात्रि) में विचरण करने के कारण

157. राक्षसों को ‘राक्षस’ क्यों कहा जाता है?
(क) मांसाहार और मद्यपान करने के कारण
(ख) मानवभक्षी होने के कारण
(ग) देवताओं से युद्ध में अपनी रक्षा करने के कारण
(घ) ब्रह्मा द्वारा जल की सृष्टि करने पर उसकी ‘रक्षा’ करने के कारण

उत्तर. (घ) ब्रह्मा द्वारा जल की सृष्टि करने पर उनकी ‘रक्षा’ करने के कारण

158. भरत की माता कैकेयी का ‘कैकेयी’ नाम कैसे पड़ा?
(क) दशरथ से वरदान माँगने के कारण
(ख) राम को वन भिजवाने के कारण
(ग) देव-असुर संग्राम में दशरथ का सारथ्य करने के कारण
(घ) केकय देश की राजकुमारी होने के कारण
उत्तर. (घ) केकय देश की राजकुमारी होने के कारण

159. मेघनाद का नाम ‘मेघनाद’ कैसे पड़ा?
(क) मंदोदरी का पुत्र होने के कारण
(ख) जनमते ही मेघ के समान गर्जना करने के कारण
(ग) सुलोचना के साथ विवाह करने के कारण
(घ) कठोर तपस्या करने के कारण
उत्तर. (ख) जनमते ही मेघ के समान गर्जना करने के कारण

160. सीताजी को ‘सीता’ क्यों कहते हैं?
(क) राजा जनक की पुत्री होने के कारण
(ख) खेत की कूँड़ में जन्म लेने के कारण
(ग) श्रीराम से विवाह करने के कारण
(घ) स्वयंवर के द्वारा विवाह होने के कारण
उत्तर. (ख) खेत की कूँड़ में जन्म लेने के कारण

161. हनुमानजी का नाम ‘हनुमान’ कैसे पड़ा?
(क) इंद्र द्वारा वज्र का प्रहार करने से इनकी हनु (ठोढ़ी) टेढ़ी हो गई थी, इस कारण
(ख) अत्यंत बलशाली थे, इस कारण
(ग) लंका को जला देने के कारण
(घ) अविवाहित रहने के कारण
उत्तर. (क) इंद्र द्वारा वज्र का प्रहार करने से इनकी हनु (ठोढ़ी) टेढ़ी हो गई थी, इस कारण

162. विश्वामित्र का एक नाम ‘कौशिक’ क्यों था?
(क) कुश के कुल में उत्पन्न होने के कारण
(ख) केशों का रंग सुनहला होने के कारण
(ग) ब्रह्मर्षि पद प्राप्त करने के कारण
(घ) अति हठी होने के कारण
उत्तर. (क) कुश के कुल में उत्पन्न होने के कारण

163. कार्त्तिकेय का एक नाम ‘षण्मुख’ क्यों है?
(क) गंगा से उत्पन्न होने के कारण
(ख) कृत्तिकाओं द्वारा पाले जाने के कारण
(ग) कृत्तिकाओं का स्तनपान करने हेतु छह मुख धारण करने के कारण
(घ) राक्षसों का संहार करने के कारण
उत्तर. (ग) कृत्तिकाओं का स्तनपान करने हेतु छह मुख धारण करने के कारण

164. अतिकाय राक्षस को ‘अतिकाय’ क्यों कहा जाता था?
(क) माया-युद्ध करने के कारण
(ख) अत्यंत विशाल शरीर का होने के कारण

(ग) अधिक भोजन करने के कारण
(घ) ऋषियों के यज्ञों का विध्वंस कर देने के कारण
उत्तर. (ख) अत्यंत विशाल शरीर का होने के कारण

165. गंगा का एक नाम 'भागीरथी' क्यों पड़ा?
(क) शिव द्वारा जटाओं में बाँध लेने के कारण
(ख) ब्रह्मा के कमंडलु में समा जाने के कारण
(ग) तीव्र वेग से बहने के कारण
(घ) भगीरथ द्वारा पृथ्वी पर लाए जाने के कारण
उत्तर. (घ) भगीरथ द्वारा पृथ्वी पर लाए जाने के कारण

166. सहस्रार्जुन को 'कार्तवीर्य' क्यों कहा जाता है?
(क) रावण को पराजित करने के कारण
(ख) कृतवीर्य का पुत्र था, इस कारण
(ग) सहस्र भुजाओंवाला होने के कारण
(घ) प्रजा के साथ निर्दयतापूर्ण व्यवहार करने के कारण
उत्तर. (ख) कृतवीर्य का पुत्र था, इस कारण

167. श्रीराम को 'दाशरथि' क्यों कहा जाता है?
(क) दसों इंद्रियों को जीत लेने के कारण
(ख) उच्च कोटि का योद्धा होने के कारण
(ग) रावण का वध करने के कारण
(घ) दशरथ के पुत्र थे, इस कारण
उत्तर. (घ) दशरथ के पुत्र थे, इस कारण

168. च्यवन ऋषि का नाम 'च्यवन' क्यों था?
(क) अत्यंत क्रोधी होने के कारण
(ख) च्यवनप्राश जैसी ओषधि बनाने के कारण
(ग) माता के गर्भ से स्वयमेव गिर पड़े थे और गतिशील थे, इस कारण
(घ) शरीर की बनावट टेढ़ी होने के कारण
उत्तर. (ग) माता के गर्भ से स्वयमेव गिर पड़े थे और गतिशील थे, इस कारण

169. रावण का एक नाम 'दशग्रीव' क्यों था?
(क) दसों दिशाओं को जीत लेने के कारण
(ख) दस ग्रीवाओं सहित जन्म लेने के कारण
(ग) प्रकांड विद्वान् होने के कारण
(घ) इंद्र को पराजित कर देने के कारण
उत्तर. (ख) दस ग्रीवाओं सहित जन्म लेने के कारण

170. सीता का एक नाम 'वैदेही' क्यों था?
(क) पृथ्वी से जन्म लेने के कारण
(ख) श्रीराम से विवाह करने के कारण
(ग) भूमि में समा जाने के कारण
(घ) विदेह जनक की पुत्री होने के कारण
उत्तर. (घ) विदेह जनक की पुत्री होने के कारण

171. कार्त्तिकेय का नाम 'कार्त्तिकेय' कैसे पड़ा?

(क) गंगा द्वारा उत्पन्न किए जाने के कारण
(ख) असुरों का संहार करने के कारण
(ग) कृत्तिकाओं द्वारा पाले जाने के कारण
(घ) शिव का पुत्र होने के कारण
उत्तर. (ग) कृत्तिकाओं द्वारा पाले जाने के कारण

172. गंगा का एक नाम 'त्रिपथगा' क्यों है?
(क) तीनों लोकों में बहने के कारण
(ख) शिव द्वारा जटा में बाँध लेने के कारण
(ग) ब्रह्मा के शाप के कारण
(घ) भगीरथ द्वारा पृथ्वी पर लाए जाने के कारण
उत्तर. (क) तीनों लोकों में बहने के कारण

173. श्रीराम को 'राघव' क्यों कहा जाता है?
(क) राक्षसों का वध करने के कारण
(ख) पितृभक्त होने के कारण
(ग) लंका-विजय करने के कारण
(घ) रघु वंश में जनमने के कारण
उत्तर. (घ) रघु वंश में जनमने के कारण

174. महर्षि अगस्त्य ऋषि का नाम 'कुंभज' कैसे पड़ा?
(क) विंध्याचल पर्वत को झुका देने के कारण
(ख) कुंभ (घड़ा) से जनमने के कारण
(ग) क्रोधी स्वभाव का होने के कारण
(घ) समुद्र को पी जाने के कारण
उत्तर. (ख) कुंभ (घड़ा) से जनमने के कारण

175. महर्षि अगस्त्य का एक नाम 'सिंधुप' क्यों था?
(क) सिंधु (समुद्र) को पी जाने (पार जाने) के कारण
(ख) सिंधु से युद्ध करने के कारण
(ग) सिंध में जन्म लेने के कारण
(घ) कुंभ से जनमने के कारण
उत्तर. (क) सिंधु (समुद्र) को पी जाने (पार जाने) के कारण

176. समुद्र का एक नाम 'सागर' कैसे पड़ा?
(क) गर (विष) धारण करने के कारण
(ख) लक्ष्मण द्वारा पराजित होने के कारण
(ग) राजा सगर द्वारा खुदवाने के कारण
(घ) अति विस्तृत होने के कारण
उत्तर. (ग) राजा सगर द्वारा खुदवाने के कारण

177. शिव का एक नाम 'पिनाकी' क्यों है?
(क) 'पिनाक' नामक त्रिशूल धारण करने के कारण
(ख) शीघ्र क्रोध में आ जाने के कारण
(ग) गले में सर्प की माला पहनने के कारण
(घ) नंदी (बैल) पर सवारी करने के कारण
उत्तर. (क) 'पिनाक' नामक त्रिशूल धारण करने के कारण

178. गरुड को ‘वैनतेय’ क्यों कहा जाता है?
(क) अति विनम्र स्वभाव का होने के कारण
(ख) विष्णु का वाहन होने के कारण
(ग) विनता का पुत्र होने के कारण
(घ) सदैव विनत रहने के कारण
उत्तर. (ग) विनता का पुत्र होने के कारण

179. देवताओं को ‘सुर’ क्यों कहा जाता है?
(क) असुरों से युद्ध करने के कारण
(ख) वारुणी (सुरा) को ग्रहण करने के कारण
(ग) समुद्र-मंथन करने के कारण
(घ) संगीत विद्या में निपुण होने के कारण
उत्तर. (ख) वारुणी (सुरा) को ग्रहण करने के कारण

180. राजा जनक के पूर्वज मिथि का नाम ‘मिथि’ कैसे पड़ा था?
(क) मिथिला के राजा थे, इस कारण
(ख) राजा निमि के मृत शरीर को मथने से उत्पन्न होने के कारण
(ग) समुद्र मंथन किया था, इस कारण
(घ) पिता के माथे से उत्पन्न थे, इस कारण
उत्तर. (ख) राजा निमि के मृत शरीर को मथने से उत्पन्न होने के कारण

181. दैत्यों का नाम ‘दैत्य’ कैसे पड़ा?
(क) देवताओं से युद्ध करने के कारण
(ख) ब्रह्मा के शाप के कारण
(ग) दिति के पुत्र थे, इस कारण
(घ) समुद्र से जन्म लेने के कारण
उत्तर. (ग) दिति के पुत्र थे, इस कारण

182. राजा जनक के वंश का नाम ‘मैथिल’ कैसे पड़ा?
(क) राजा मिथि के नाम से चला, इस कारण
(ख) मिथिला में शासन था, इस कारण
(ग) प्रजापालक व न्यायशील थे, इस कारण
(घ) इस वंश में सीताजी का जन्म हुआ, इस कारण
उत्तर. (क) राजा मिथि के नाम से चला, इस कारण

183. दानवों को ‘दानव’ क्यों कहा जाता है?
(क) दनु द्वारा उत्पन्न होने के कारण
(ख) नरभक्षी होने के कारण
(ग) गंधर्वों का वध कर देने के कारण
(घ) मानवों का शत्रु होने के कारण
उत्तर. (क) दनु द्वारा उत्पन्न होने के कारण

184. महर्षि विश्वामित्र श्रीराम को ‘काकुत्स्थ’ क्यों कहते थे?
(क) राजा ककुत्स्थ के वंशज थे, इस कारण
(ख) काक (कौए) की प्राणरक्षा करने के कारण
(ग) राक्षसों का संहार करने के कारण
(घ) अहल्या का उद्धार करने के कारण

उत्तर. (क) राजा ककुत्स्थ के वंशज थे, इस कारण

185. यक्षों का नाम 'यक्ष' कैसे पड़ा?
(क) श्वेत वर्ण के थे, इस कारण
(ख) ब्रह्माजी द्वारा उत्पन्न सागर जल का यक्षण (पूजन) करने के कारण
(ग) राक्षसों से युद्ध किया था, इस कारण
(घ) ब्रह्मा द्वारा वरदान देने के कारण
उत्तर. (ख) ब्रह्माजी द्वारा उत्पन्न सागर जल का यक्षण (पूजन) करने के कारण

186. महर्षि अगस्त्य का नाम 'अगस्त्य' कैसे पड़ा?
(क) अग (अर्थात् पर्वत) को स्तंभित कर देने के कारण
(ख) अग (पर्वत) से मित्रता होने के कारण
(ग) समुद्र को पी जाने के कारण
(घ) घड़े से उत्पन्न होने के कारण
उत्तर. (क) अग (अर्थात् पर्वत) को स्तंभित कर देने के कारण

187. पार्वतीजी का नाम 'पार्वती' क्यों था?
(क) पर्वत पर रहती थीं, इस कारण
(ख) शिवजी के साथ विवाह होने के कारण
(ग) पर्वत (हिमालय) की पुत्री थीं, इस कारण
(घ) पर्वत पर तपस्या करने के कारण
उत्तर. (ग) पर्वत (हिमालय) की पुत्री थीं, इस कारण

188. शिवजी का एक नाम 'आशुतोष' कैसे पड़ा?
(क) पूरे शरीर पर भभूत (राख) लपेटे रहने के कारण
(ख) शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं, इस कारण
(ग) गले में सर्पों की माला पहनने के कारण
(घ) विष को पी जाने के कारण
उत्तर. (ख) शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं, इस कारण

189. अहल्या, जिनका श्रीराम ने उद्धार किया था, का नाम 'अहल्या' कैसे पड़ा?
(क) हल्य (विरूपता) लेश मात्र भी न होने के कारण (यह नाम ब्रह्मा ने दिया था)
(ख) बिलकुल भी न हिलने (जड़वत्) के कारण
(ग) पति द्वारा शापित होने के कारण
(घ) श्रीराम द्वारा उद्धारित होने के कारण
उत्तर. (क) हल्य (विरूपता) लेश मात्र भी न होने के कारण (यह नाम ब्रह्मा ने दिया था)

190. बालि (वानर) का नाम 'बालि' कैसे पड़ा?
(क) स्त्री बने ऋक्षराज की ग्रीवा (गरदन) पर सूर्य के वीर्य के गिरने से उत्पन्न होने के कारण।
(ख) स्त्री बने ऋक्षराज के बालों पर इंद्र का वीर्य गिरने से उत्पन्न होने के कारण
(ग) अत्यंत बली होने के कारण
(घ) युद्ध के समय शत्रु का आधा बल उसके पास आ जाने के कारण
उत्तर. (ख) स्त्री बने ऋक्षराज के बालों पर इंद्र का वीर्य गिरने से उत्पन्न होने के कारण

191. सुग्रीव का नाम 'सुग्रीव' कैसे पड़ा?
(क) अति सुंदर ग्रीवा होने के कारण
(ख) बालि से पराजित होने के कारण

(ग) स्त्रा् बने ऋक्षराज की ग्रीवा (गरदन) पर सूर्य का वीर्य गिरने से उत्पन्न होने के कारण
(घ) लंका अभियान में श्रीराम की सहायता करने के कारण
उत्तर. (ग) स्त्रा् बने ऋक्षराज की ग्रीवा (गरदन) पर सूर्य का वीर्य गिरने से उत्पन्न होने के कारण

192. कुश और लव का नाम ‘कुश’ तथा ‘लव’ कैसे पड़ा?
(क) जुड़वाँ जनमने के कारण
(ख) अल्पायु में ही वीरता दिखाने के कारण
(ग) महर्षि वाल्मीकि ने कुशाओं का एक मुट्ठा और उनके लव लेकर दोनों बालकों की भूत-बाधा का निवारण करने के लिए रक्षा-विधि का उपदेश दिया था, इस कारण
(घ) रामायण का गान करने के कारण
उत्तर. (ग) महर्षि वाल्मीकि ने कुशाओं का एक मुट्ठा और उनके लव लेकर दोनों बालकों की भूत-बाधा का निवारण करने के लिए रक्षा-विधि का उपदेश दिया था, इस कारण

193. गंगा को ‘जाह्नवी’ क्यों कहते हैं?
(क) शिव की जटा से निकलने के कारण
(ख) ब्रह्मा के कमंडलु से निकलने के कारण
(ग) स्वर्ग से पृथ्वी पर आने के कारण
(घ) जह्नु ऋषि की जंघा से निकलने के कारण
उत्तर. (घ) जह्नु ऋषि की जंघा से निकलने के कारण

❑

# 4

# संख्याओं को भी जानें

194. रामायण में कुल कितने कांड हैं?
(क) 8
(ख) 10
(ग) 6
(घ) 7
उत्तर. (घ) 7

195. रामायण माहात्म्य में कुल कितने अध्याय हैं?
(क) 5
(ख) 10
(ग) 15
(घ) 18
उत्तर. (क) 5

196. रामायण में कुल कितने सर्ग हैं?
(क) 100
(ख) 500
(ग) 800
(घ) 1000
उत्तर. (ख) 500

197. रामायण में कुल कितने श्लोकों की रचना की गई है?
(क) 10,000
(ख) 24,000
(ग) 50,000
(घ) 60,000
उत्तर. (ख) 24,000

198. लक्ष्मण ने कितने वर्षों तक निद्रा का त्याग किया, जिससे वे मेघनाद का वध कर सके?
(क) 12
(ख) 13
(ग) 14
(घ) 15
उत्तर. (क) 12

199. लंका जाने हेतु समुद्र पर बनाए गए सेतु की लंबाई कितनी थी?
(क) 10 योजन
(ख) 50 योजन
(ग) 100 योजन
(घ) 150 योजन
उत्तर. (ग) 100 योजन

200. लक्ष्मण एक बार में कितने बाण चला सकते थे?
(क) 10
(ख) 20
(ग) 50
(घ) 500
उत्तर. (घ) 500

201. श्रीराम समुद्र से मार्ग देने के लिए विनय करते हुए उसके तट पर कितने दिनों तक प्रतीक्षारत बैठे रहे थे?
(क) 1 दिन
(ख) 2 दिन
(ग) 3 दिन
(घ) 5 दिन
उत्तर. (ग) 3 दिन

202. लंका नगरी कुल कितनी दूरी में फैली हुई थी?
(क) 10 योजन चौड़ी और 20 योजन लंबी
(ख) 5 योजन चौड़ी और 5 योजन लंबी
(ग) 4 योजन चौड़ी और 6 योजन लंबी
(घ) 3 योजन चौड़ी और 5 योजन लंबी
उत्तर. (क) 10 योजन चौड़ी और 20 योजन लंबी

203. मंदोदरी के अतिरिक्त रावण की अन्य कितनी पत्नियाँ थीं?
(क) 800
(ख) 900
(ग) 1,000
(घ) 1,100
उत्तर. (ग) 1,000

204. राजा जनक ने अपनी कन्याओं (सीता, उर्मिला आदि) के निमित्त दहेज में उन्हें सहेलियों के रूप में कितनी-कितनी कन्याएँ दी थीं?
(क) 50-50
(ख) 100-100
(ग) 60-60
(घ) 80-80
उत्तर. (ख) 100-100

205. रानी कौशल्या को अपने आश्रितों का पालन करने के लिए अयोध्या शासन की ओर से कुल कितने ग्राम मिले हुए थे?
(क) 1,000
(ख) 2,000
(ग) 3,000
(घ) 4,000
उत्तर. (क) 1,000

206. श्रीराम को कुल कितने वर्षों का वनवास मिला था?
(क) 12
(ख) 14

(ग) 13
(घ) 11
उत्तर. (ख) 14

207. रावण कुल कितने भाई थे?
(क) 3
(ख) 4
(ग) 2
(घ) 6
उत्तर. (क) 3

208. महर्षि विश्वामित्र के कुल कितने पुत्र थे?
(क) 5
(ख) 10
(ग) 100
(घ) 110
उत्तर. (ग) 100

209. कार्तवीर्य अर्जुन के कितनी भुजाएँ मानी जाती हैं?
(क) 20
(ख) 100
(ग) 500
(घ) 1,000
उत्तर. (घ) 1,000

210. श्रीराम कुल कितने भाई थे?
(क) 3
(ख) 4
(ग) 2
(घ) 5
उत्तर. (ख) 4

211. राजा दशरथ की कितनी पत्नियाँ थीं?
(क) 6
(ख) 4
(ग) 2
(घ) 3
उत्तर. (घ) 3

212. रावण के कुल कितने सिर थे?
(क) 10
(ख) 20
(ग) 30
(घ) 40
उत्तर. (क) 10

213. कौशल्या के कितने पुत्र थे?

(क) 4
(ख) 1
(ग) 2
(घ) 3
उत्तर. (ख) 1

214. सुमित्रा के कितने पुत्र थे?
(क) 3
(ख) 1
(ग) 1 भी नहीं
(घ) 2
उत्तर. (घ) 2

215. कैकेयी के कितने पुत्र थे?
(क) 3
(ख) 2
(ग) 1
(घ) 1 भी नहीं
उत्तर. (ग) 1

216. कुशनाभ की कितनी कन्याएँ थीं?
(क) 5
(ख) 20
(ग) 100
(घ) 200
उत्तर. (ग) 100

217. श्रीराम के कुल कितने पुत्र थे?
(क) 2
(ख) 3
(ग) 4
(घ) 5
उत्तर. (क) 2

218. राजा जनक कुल कितने भाई थे?
(क) 3
(ख) 5
(ग) 7
(घ) 2
उत्तर. (घ) 2

219. रामायण के बालकांड में कुल कितने सर्ग हैं?
(क) 60
(ख) 70
(ग) 75
(घ) 77
उत्तर. (घ) 77

220. रामायण के बालकांड में कुल कितने श्लोक हैं?
(क) 1,000
(ख) 1,527
(ग) 1,550
(घ) 2,270
उत्तर. (घ) 2,270

221. ताड़का राक्षसी को कितने हजार हाथियों का बल प्राप्त था?
(क) 200
(ख) 500
(ग) 1,000
(घ) 2,000
उत्तर. (ग) 1,000

222. राजा सगर के कुल कितने पुत्र थे?
(क) 5,000
(ख) 60,001
(ग) 70,005
(घ) 75,003
उत्तर. (ख) 60,001

223. त्रेतायुग कुल कितने वर्ष का माना गया है?
(क) 12,96,000
(ख) 13,50,000
(ग) 15,11,310
(घ) 17,41,600
उत्तर. (क) 12,96,000

224. संपाति और जटायु (गृद्ध) में कितनी दूरी तक देखने की क्षमता थी?
(क) 80 योजन
(ख) 90 योजन
(ग) 100 योजन
(घ) 110 योजन
उत्तर. (ग) 100 योजन

225. जांबवान् ने सुग्रीव को कुल कितने सैनिक दिए थे?
(क) 5,00,00,000
(ख) 10,00,00,000
(ग) 15,00,00,000
(घ) 20,00,00,000
उत्तर. (ख) 10,00,00,000

226. जांबवान् में कितनी दूरी तक छलाँग लगाने की क्षमता थी?
(क) 90 योजन
(ख) 100 योजन
(ग) 120 योजन
(घ) 150 योजन

उत्तर. (क) 90 योजन

227. इंद्रजानु (वानर) कितने करोड़ वानरों को लेकर श्रीराम की सहायता हेतु आया था?
(क) 5,00,00,000
(ख) 7,00,00,000
(ग) 10,00,00,000
(घ) 11,00,00,000
उत्तर. (घ) 11,00,00,000

228. समुद्र-मंथन से कुल कितने रत्न निकले थे?
(क) 5
(ख) 10
(ग) 14
(घ) 25
उत्तर. (ग) 14

229. रावण के कितनी भुजाएँ थीं?
(क) 10
(ख) 20
(ग) 40
(घ) 60
उत्तर. (ख) 20

230. समुद्र-मंथन के समय कुल कितनी अप्सराएँ उत्पन्न हुई थीं?
(क) 2,00,00,000
(ख) 6,00,00,000
(ग) 8,00,00,000
(घ) 10,00,00,000
उत्तर. (ख) 6,00,00,000

231. परशुराम ने कुल कितनी बार क्षत्रियों का संहार किया था?
(क) 10
(ख) 21
(ग) 31
(घ) 60
उत्तर. (ख) 21

232. शिव की जटा से छूटकर गंगा की कितनी धाराएँ हो गई थीं?
(क) 5
(ख) 6
(ग) 7
(घ) 8
उत्तर. (ग) 7

233. वसुओं की कुल कितनी संख्या मानी जाती है?
(क) 5
(ख) 6

(ग) 7
(घ) 8
उत्तर. (घ) 8

234. कुबेर की समानता की इच्छा से रावण ने कितने हजार वर्षों की तपस्या की थी?
(क) 1,000
(ख) 2,000
(ग) 5,000
(घ) 10,000
उत्तर. (घ) 10,000

235. श्रीराम की सहायता हेतु हनुमानजी के साथ कुल कितने वानर आए थे?
(क) 10,00,00,00,000
(ख) 11,00,00,00,000
(ग) 12,00,00,00,000
(घ) 13,00,00,00,000
उत्तर. (क) 10,00,00,00,000

236. राजा सगर की कुल कितनी रानियाँ थीं?
(क) 2
(ख) 5
(ग) 8
(घ) 12
उत्तर. (क) 2

237. राजा सगर के कितने पुत्रों को कपिल मुनि ने भस्म कर दिया था?
(क) 10,000
(ख) 20,000
(ग) 60,000
(घ) 70,000
उत्तर. (ग) 60,000

238. प्रजापतियों की संख्या कुल कितनी है?
(क) 10
(ख) 20
(ग) 30
(घ) 40
उत्तर. (क) 10

239. वानर यूथपति गवाक्ष कितनी सेना लेकर सुग्रीव के पास आए थे?
(क) 1,00,00,00,000
(ख) 2,00,00,00,000
(ग) 10,00,00,00,000
(घ) 12,00,00,00,000
उत्तर. (ग) 10,00,00,00,000

240. अश्विनीकुमारों की संख्या कितनी है?

(क) 2
(ख) 3
(ग) 4
(घ) 5
उत्तर. (क) 2

241. माता कौशल्या ने कितने मास का गर्भ-धारण कर श्रीराम को जन्म दिया था?
(क) 10
(ख) 12
(ग) 13
(घ) 14
उत्तर. (ख) 12

242. त्रिशिरा राक्षस के कुल कितने सिर थे?
(क) 2
(ख) 3
(ग) 10
(घ) 16
उत्तर. (ख) 3

243. धूम्र (रीछ) कुल कितनी सेना लेकर श्रीराम की सहायता हेतु आया था?
(क) 1,00,00,00,000
(ख) 5,00,00,00,000
(ग) 10,00,00,00,000
(घ) 20,00,00,00,000
उत्तर. (घ) 20,00,00,00,000

244. लोकपाल कुल कितने हैं?
(क) 4
(ख) 5
(ग) 8
(घ) 10
उत्तर. (ग) 8

245. नल कितनी सेना लेकर श्रीराम की सहायता के लिए आए थे?
(क) 1,00,00,01,100
(ख) 1,00,02,00,000
(ग) 1,00,04,02,000
(घ) 1,50,0055,000
उत्तर. (क) 1,00,00,01,100

246. अश्वमेध यज्ञ कितने समय में समाप्त होता है?
(क) 6 माह
(ख) 10 माह
(ग) 1 वर्ष
(घ) 2 वर्ष
उत्तर. (ग) 1 वर्ष

247. सप्तर्षियों की कुल कितनी संख्या है?
(क) 5
(ख) 7
(ग) 8
(घ) 10
उत्तर. (ख) 7

248. वानर यूथपति तार कितने वानरों को लेकर राम की सहायता के लिए आए थे?
(क) 2,00,00,000
(ख) 3,00,00,000
(ग) 5,00,00,000
(घ) 7,00,00,000
उत्तर. (ग) 5,00,00,000

249. वे कुल कितने अस्त्र थे, जो प्रजापति कृशाश्व के पुत्र थे तथा जिन्हें महर्षि विश्वामित्र ने श्रीराम को प्रदान किया था?
(क) 48
(ख) 49
(ग) 50
(घ) 52
उत्तर. (ख) 49

250. ऋषि वसिष्ठ के कुल कितने पुत्र थे?
(क) 80
(ख) 90
(ग) 100
(घ) 106
उत्तर. (ग) 100

251. गंधमादन (वानर) एक छलाँग में कितनी दूर तक जा सकता था?
(क) 10 योजन
(ख) 20 योजन
(ग) 30 योजन
(घ) 50 योजन
उत्तर. (घ) 50 योजन

252. सुषेण (वानर) एक छलाँग में कितनी दूर तक जा सकता था?
(क) 80 योजन
(ख) 90 योजन
(ग) 100 योजन
(घ) 105 योजन
उत्तर. (क) 80 योजन

253. अंगद एक छलाँग में कितनी दूर तक जा सकते थे?
(क) 70 योजन
(ख) 80 योजन
(ग) 90 योजन

(घ) 100 योजन
उत्तर. (घ) 100 योजन

254. श्रीराम की सहायता को आए लंगूर जाति के वानरों की कुल कितनी संख्या थी?
(क) 80,00,000
(ख) 1,00,00,000
(ग) 1,50,00,000
(घ) 2,00,00,000
उत्तर. (ख) 1,00,00,000

255. रामायण के अनुसार सबसे बड़ी संख्या कौन सी है?
(क) महाखर्व
(ख) महापद्म
(ग) महाशंकु
(घ) महौघ
उत्तर. (घ) महौघ

256. देवताओं ने कुल कितने वानरों को उत्पन्न किया था?
(क) 10,00,00,000
(ख) 11,00,00,000
(ग) 12,00,00,000
(घ) 13,00,00,000
उत्तर. (क) 10,00,00,000

257. नक्षत्रों की कुल कितनी संख्या है?
(क) 20
(ख) 25
(ग) 27
(घ) 29
उत्तर. (ग) 27

258. बिंदु सरोवर से निकलकर गंगा की कौन सी धारा भगीरथ के पीछे-पीछे चल पड़ी थी?
(क) 5वीं
(ख) 7वीं
(ग) 8वीं
(घ) 9वीं
उत्तर. (ख) 7वीं

259. राजा दशरथ की पटरानी कौशल्या को उनके विवाह के समय मायके से स्त्रा्-धन के रूप में कुल कितने ग्राम प्राप्त हुए थे?
(क) 200
(ख) 500
(ग) 800
(घ) 1,000
उत्तर. (घ) 1,000

260. इंद्र की उपाधि कितने यज्ञ करके प्राप्त की जा सकती थी?

(क) 100
(ख) 90
(ग) 80
(घ) 70
उत्तर. (क) 100

261. कुश की कितनी पत्नियाँ थीं?
(क) 5
(ख) 3
(ग) 6
(घ) 1
उत्तर. (घ) 1

262. लव की कितनी पत्नियाँ थीं?
(क) 1
(ख) 2
(ग) 3
(घ) 4
उत्तर. (ख) 2

263. भरत के कुल कितने पुत्र थे?
(क) 7
(ख) 2
(ग) 4
(घ) 3
उत्तर. (ख) 2

264. इक्ष्वाकु (श्रीराम के पूर्वज) के कुल कितने पुत्र थे?
(क) 50
(ख) 60
(ग) 80
(घ) 100
उत्तर. (घ) 100

265. विष्णु के अवतारों में श्रीराम का अवतार कौन सा था?
(क) 7वाँ
(ख) 8वाँ
(ग) 9वाँ
(घ) 10वाँ
उत्तर. (क) 7वाँ

266. रामायण के अनुसार कुल कितने आदित्य हैं?
(क) 10
(ख) 11
(ग) 13
(घ) 12
उत्तर. (घ) 12

267. रामायण के अनुसार कुल कितने रुद्र हैं?
(क) 9
(ख) 10
(ग) 11
(घ) 12
उत्तर. (ग) 11

268. राजा दशरथ के कुल कितने मंत्री थे?
(क) 6
(ख) 7
(ग) 8
(घ) 9
उत्तर. (ग) 8

269. दिन में कुल कितने मुहूर्त बीतते हैं?
(क) 15
(ख) 16
(ग) 17
(घ) 18
उत्तर. (क) 15

270. श्रीराम ने खर के साथ युद्ध में उसके कितने सैनिकों का संहार किया था?
(क) 5,000
(ख) 10,000
(ग) 14,000
(घ) 20,000
उत्तर. (ग) 14,000

271. मल्लयुद्ध में कुल कितने प्रकार के मंडल बताए जाते हैं?
(क) 3
(ख) 4
(ग) 5
(घ) 6
उत्तर. (ख) 4

272. धनुर्वेद के कुल कितने भेद माने जाते हैं?
(क) 9
(ख) 4
(ग) 3
(घ) 6□
उत्तर. (ख) 4

❑

# 5

# किसने क्या कहा था

273. ‘हे वृक्षो! हे लताओ-पुष्पो! हे मृगो, पक्षियो! क्या तुमने सीता को देखा है? यदि देखा हो तो बता दो, वह कहाँ हैं?’ ये प्रश्न किसके हैं?
(क) लक्ष्मण
(ख) शत्रुघ्न
(ग) श्रीराम
(घ) जटायु
उत्तर. (ग) श्रीराम

274. ‘हे श्रीराम! मैंने आपका क्या बिगाड़ा था, जो मुझे इस प्रकार मारा? यदि आपने कहा होता तो मैं रावण को आपके चरणों पर ला पटकता।’ श्रीराम से इस प्रकार किसने कहा था?
(क) ताड़का
(ख) बालि
(ग) खर
(घ) मारीच
उत्तर. (ख) बालि

275. ‘हे लक्ष्मण! इस समुद्र से मार्ग दे देने के लिए हम तीन दिनों से विनय कर रहे हैं; किंतु यह मान ही नहीं रहा है। मैं अभी एक बाण मारकर इसे सुखा दूँगा; क्योंकि बिना भय के प्रीति नहीं होती।’ ये उद्गार किसके हैं?
(क) श्रीराम
(ख) भरत
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (क) श्रीराम

276. ‘हे मित्र जांबवान्! तुम तब तक जीवित रहोगे जब तक कि प्रलय और कलियुग नहीं आ जाते।’ जांबवान् को यह आशीर्वाद किसने दिया था?
(क) भरत
(ख) सुग्रीव
(ग) हनुमान
(घ) श्रीराम
उत्तर. (घ) श्रीराम

277. ‘यदि मैं जानता कि इस प्रकार मुझे अपने अनुज का बिछोह सहना पड़ेगा तो मैं पिता की आज्ञा न मानता।’ यह विलाप-स्वर किसका है?
(क) दशरथ
(ख) रावण
(ग) मेघनाद
(घ) श्रीराम
उत्तर. (घ) श्रीराम

278. ‘हे श्रीराम! जानकी सीता का आचरण सर्वथा शुद्ध है। पाप इसे छू भी नहीं सका है। मैंने सहस्रों वर्षों तक

घोर तपस्या की है। यदि सीता में कोई दोष हो तो मुझे उस तपस्या का फल न मिले।' यह घोषणा किसने की थी?
(क) वाल्मीकि
(ख) वसिष्ठ
(ग) याज्ञवल्क्य
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (क) वाल्मीकि

279. 'रावण, मेरे पाँव को तुमने जिस तरह पकड़ा है, यदि ऐसे ही श्रीराम के चरण पकड़ते तो तुम्हारा कल्याण हो जाता।' रावण को इस तरह किसने धिक्कारा था?
(क) हनुमान
(ख) सुग्रीव
(ग) नील
(घ) अंगद
उत्तर. (घ) अंगद

280. 'हे माँ पृथ्वी! यदि श्रीराम के अतिरिक्त किसी अन्य का मैंने स्वप्न में भी विचार किया हो तो तू फट जा और मुझे अपनी गोद में समा ले।' पृथ्वी से यह प्रार्थना किसने की थी?
(क) कौशल्या
(ख) शूर्पणखा
(ग) सीता
(घ) कैकेयी
उत्तर. (ग) सीता

281. 'हे कुलघातिनी कैकेयी! तूने श्रीराम को वनवास दिलाकर महापातक किया है। तू मेरे पिता की हत्यारिन है! तूने ऐसा कर मुझे भी पाप का भागी बना दिया है। तू माँ कहलाने के योग्य नहीं।' ये शब्द किसके हैं?
(क) भरत
(ख) लक्ष्मण
(ग) शत्रुघ्न
(घ) दशरथ
उत्तर. (क) भरत

282. 'रावण यदि रसातल में भी छुप जाय अथवा पितामह ब्रह्मा के पास भी चला जाय, तो भी अब वह मेरे हाथों से बच न सकेगा।' ये उद्गार किसके थे?
(क) बालि
(ख) लक्ष्मण
(ग) श्रीराम
(घ) हनुमान
उत्तर. (ग) श्रीराम

283. 'यदि आज साक्षात् शिव भी मेघनाद की रक्षा हेतु आ जाएँ तो भी मैं सौगंध खाकर कहता हूँ कि उसे जीवित नहीं छोड़ूँगा!' यह ललकार किसकी थी?
(क) श्रीराम
(ख) लक्ष्मण
(ग) हनुमान
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) लक्ष्मण

284. ‘मैं अपने भाइयों की सौगंध खाकर कहता हूँ कि युद्ध में पुत्रों, भृत्यजनों व बंधु-बांधवों सहित रावण का वध करके ही रहूँगा।’ यह प्रतिज्ञा किसकी थी?
(क) बालि
(ख) सहस्रबाहु
(ग) लक्ष्मण
(घ) श्रीराम
उत्तर. (घ) श्रीराम

285. ‘हे राम! तुमने शिव के धनुष को तोड़ दिया है। उसी समाचार को सुनकर मैं एक अन्य उत्तम धनुष लेकर तुम्हारे पास आया हूँ, जिसपर तुम बाण चढ़ाओ।’ श्रीराम से ऐसा किसने कहा था?
(क) वसिष्ठ
(ख) परशुराम
(ग) नारद
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ख) परशुराम

286. ‘हे रघुनंदन! मैंने एक हजार वर्षों तक उपवास किया है। आज मेरे उस व्रत की समाप्ति का दिन है, इसलिए इस समय आपके यहाँ जो भी भोजन हो वही मैं ग्रहण करूँगा।’ श्रीराम से यह किसने कहा था?
(क) परशुराम
(ख) वाल्मीकि
(ग) दुर्वासा
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (ग) दुर्वासा

287. ‘हे प्रभु! आपके प्रति मेरा स्नेह सदैव बना रहे। आप में ही मेरी निश्चल भक्ति रहे। आपके अतिरिक्त और कहीं भी मेरा आंतरिक अनुराग न हो।’ श्रीराम से यह विनती किसने की थी?
(क) हनुमान
(ख) भरत
(ग) विभीषण
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (क) हनुमान

288. ‘प्रिय हनुमान! संसार में मेरी कथा जब तक प्रचलित रहेगी तब तक तुम्हारी कीर्ति भी अमिट रहेगी, और तुम्हारे शरीर में प्राण भी रहेंगे।’ हनुमान से यह किसने कहा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) विभीषण
(ग) श्रीराम
(घ) भरत
उत्तर. (ग) श्रीराम

289. ‘विभीषण! रावण बल-पराक्रम से संपन्न तथा महामनस्वी था। मृत्यु के साथ ही वैर भी समाप्त हो जाता है। रावण जैसे तुम्हारा भाई था वैसे ही मेरा भी है। तुम इसका दाह-संस्कार करो।’ विभीषण से ये वचन किसने कहे थे?
(क) लक्ष्मण
(ख) कुंभकर्ण
(ग) खर
(घ) श्रीराम

उत्तर. (घ) श्रीराम

290. 'हे लंका नरेश! यह वानर कोई गुप्तचर नहीं लगता, अपितु दूत दिखाई देता है। अतः इसका वध करना उचित नहीं। आप इसे कोई दंड देकर छोड़ सकते हैं।' रावण को यह परामर्श किसने दिया था?
(क) अतिकाय
(ख) सुमाली
(ग) विभीषण
(घ) मेघनाद
उत्तर. (ग) विभीषण

291. 'मैं प्रचेता का दसवाँ पुत्र हूँ।' यह वाक्य किस ऋषि ने कहा था?
(क) वाल्मीकि
(ख) अत्रि
(ग) परशुराम
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (क) वाल्मीकि

292. 'भैया! भरत सेना सहित आ रहे हैं। लगता है, वे हमपर आक्रमण करेंगे। हमें युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए।' यह किसने किससे कहा था?
(क) हनुमान ने सुग्रीव से
(ख) लक्ष्मण ने श्रीराम से
(ग) सुग्रीव ने बालि से
(घ) शत्रुघ्न ने श्रीराम से
उत्तर. (ख) लक्ष्मण ने श्रीराम से

293. 'हे श्रीराम! आपने वैष्णव धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा दी है, इससे मैं जान गया हूँ कि आप देवेश्वर विष्णु ही हैं।' श्रीराम से यह किसने कहा था?
(क) विश्वामित्र
(ख) याज्ञवल्क्य
(ग) परशुराम
(घ) अत्रि
उत्तर. (ग) परशुराम

294. 'हे राम! मैं कामरूपिणी राक्षसी और रावण की बहन हूँ।' श्रीराम को यह परिचय किसने दिया था?
(क) कुंभीनसी
(ख) शूर्पणखा
(ग) त्रिजटा
(घ) हेमा
उत्तर. (ख) शूर्पणखा

295. 'महर्षि! आप एक धनुष के टूटने पर क्यों इतने विकल हो गए? अरे, मैंने तो बचपन में ऐसे न जाने कितने धनुष तोड़े थे। तब तो आप इतने क्रोधित न हुए थे।' यह वक्तव्य किसका है?
(क) श्रीराम
(ख) भरत
(ग) शत्रुघ्न
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (घ) लक्ष्मण

296. ‘हे प्रभु राम! भले ही लक्ष्मण मुझपर बाण चला दें, किंतु आपके चरण धोए बिना मैं आपको पार नहीं उतार सकता।’ ये वचन किसके हैं?
(क) केवट
(ख) गय
(ग) हनुमान
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (क) केवट

297. ‘हे राजन्! श्रीराम और लक्ष्मण को मुझे दे दीजिए, ताकि यज्ञ में विघ्न डालनेवाले राक्षसों का संहार हो सके।’ यह आग्रह राजा दशरथ से किसने किया था?
(क) विश्वामित्र
(ख) जनक
(ग) परशुराम
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) विश्वामित्र

298. ‘हे राम! मैं कैकेयी के दिए हुए वर के कारण मोह में पड़ गया हूँ। मेरी बात मानो, मुझे बंदी बनाकर स्वयं ही अब अयोध्या के राजा बन जाओ।’ श्रीराम से यह बात किसने कही थी?
(क) भरत
(ख) वसिष्ठ
(ग) दशरथ
(घ) सुमंत्र
उत्तर. (ग) दशरथ

299. ‘यदि भरत युवराज-पद स्वीकार करे तो उसके द्वारा की जानेवाली श्राद्ध आदि विधियाँ मुझ तक न पहुँचें।’ यह किसने कहा था?
(क) कैकेयी
(ख) दशरथ
(ग) सुमित्रा
(घ) कौशल्या
उत्तर. (ख) दशरथ

300. ‘हे रावण! राजा मांधाता तुम्हारा युद्ध का मद उतार देंगे।’ यह किसने कहा था?
(क) देवर्षि नारद
(ख) पुलस्त्य
(ग) अंगद
(घ) देवर्षि पर्वत
उत्तर. (घ) देवर्षि पर्वत

301. ‘हे श्रीराम! मैं यह रिक्त रथ लेकर अयोध्या कैसे जा सकूँगा? आपके बिना ये घोड़े इस रथ को कैसे खींच पाएँगे? अतः मैं अयोध्या वापस नहीं जाऊँगा।’ यह किसका वक्तव्य है?
(क) सुमंत्र
(ख) भरत
(ग) शत्रुघ्न
(घ) त्रिजट
उत्तर. (क) सुमंत्र

302. ‘हे अग्निदेवता! यदि मैंने पति की सेवा की है और पातिव्रत्य धर्म का सत्य हृदय से पालन किया है तो हनुमान के लिए तुम शीतल बन जाओ।’ अग्निदेव से यह प्रार्थना किसने की थी?
(क) अंजनी
(ख) सीता
(ग) सुलोचना
(घ) सरमा
उत्तर. (ख) सीता

303. ‘श्रीराम! तुम मधुर फल-मूल से संपन्न चित्रकूट पर्वत पर जाओ। मैं उसी को तुम्हारे लिए उपयुक्त निवास-स्थान मानता हूँ।’ श्रीराम से यह किसने कहा था?
(क) अत्रि
(ख) भरद्वाज
(ग) परशुराम
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (ख) भरद्वाज

❑

# 6

# वरदान और शाप

304. रामायण में कुल कितने वरदानों का वर्णन है?
(क) 82
(ख) 90
(ग) 100
(घ) 110
उत्तर. (क) 82

305. रामायण में कुल कितनों शापों का वर्णन है?
(क) 40
(ख) 48
(ग) 61
(घ) 72
उत्तर. (ग) 61

306. श्रीराम की सेना के किस वानर योद्धा को यह वरदान प्राप्त था कि उसके हाथ के स्पर्श मात्र से पत्थर पानी पर तैरेंगे?
(क) नल
(ख) नील
(ग) अंगद
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (क) नल

307. रावण को नर व वानरों के अतिरिक्त किसी से भी अवध्य होने का वरदान किसने दिया था?
(क) शिव
(ख) नारद
(ग) ब्रह्मा
(घ) विष्णु
उत्तर. (ग) ब्रह्मा

308. हनुमानजी को युद्ध में कभी न थकने का वरदान किसने दिया था?
(क) यम
(ख) वरुण
(ग) सूर्य
(घ) इंद्र
उत्तर. (क) यम

309. हनुमानजी को किसी भी शस्त्र से अवध्य होने का वरदान किसने दिया था?
(क) विश्वामित्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) नारद
(घ) शनि

उत्तर. (ख) ब्रह्मा

310. रावण को सिद्धिमंत्र किस देवता से प्राप्त हुआ था?
(क) इंद्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) विष्णु
(घ) शिव
उत्तर. (ख) ब्रह्मा

311. सुमाली (राक्षस) को अजेयता और चिर जीवन का वरदान किसने दिया था?
(क) इंद्र
(ख) विष्णु
(ग) शिव
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (घ) ब्रह्मा

312. किसने विभीषण को चिरजीवी होने का वर दिया था?
(क) ब्रह्मा
(ख) विष्णु
(ग) इंद्र
(घ) महेश
उत्तर. (क) ब्रह्मा

313. किसने हनुमान को उनकी इच्छा के अधीन ही मृत्यु होने का वर दिया था?
(क) वायु
(ख) इंद्र
(ग) वरुण
(घ) श्रीराम
उत्तर. (ख) इंद्र

314. अहल्या को पत्थर की शिला हो जाने का शाप किसने दिया था?
(क) भरद्वाज
(ख) अगस्त्य
(ग) गौतम
(घ) परशुराम
उत्तर. (ग) गौतम

315. इनमें से किसे यह शाप था कि बिना स्मरण कराए वह अपने बल को नहीं पहचान सकेंगे?
(क) अंगद
(ख) नल
(ग) जांबवान्
(घ) हनुमान
उत्तर. (घ) हनुमान

316. हनुमानजी को वरुणपाश से तथा जल में अवध्य रहने का वर किसने दिया था?
(क) वायु
(ख) कुबेर

(ग) वरुण
(घ) अग्नि
उत्तर. (ग) वरुण

317. इंद्र को किसने वृषणहीन (अंडहीन) हो जाने का शाप दिया था?
(क) ब्रह्मा
(ख) गौतम
(ग) पुलस्त्य
(घ) धौम्य
उत्तर. (ख) गौतम

318. हनुमानजी को अपने कालदंड से अवध्य तथा रोगमुक्त रहने का वरदान किसने दिया था?
(क) कुबेर
(ख) वरुण
(ग) यम
(घ) वायु
उत्तर. (ग) यम

319. किसने हनुमानजी को वरदान में अपने तेज का सौवाँ अंश दिया था?
(क) इंद्र
(ख) सूर्य
(ग) वरुण
(घ) यम
उत्तर. (ख) सूर्य

320 किस ऋषि के शाप के कारण काकभुशुंडि कौए की योनि में जनमे थे?
(क) वसिष्ठ
(ख) याज्ञवल्क्य
(ग) परशुराम
(घ) लोमश
उत्तर. (घ) लोमश

321. ऋषि वसिष्ठ ने किस राजा को विदेह (शरीर रहित) हो जाने का शाप दिया था?
(क) गय
(ख) दशरथ
(ग) निमि
(घ) सहस्रार्जुन
उत्तर. (ग) निमि

322. ऋषि वसिष्ठ को किसने विदेह (शरीर-रहित) हो जाने का शाप दिया था?
(क) दशरथ
(ख) ब्रह्मा
(ग) निमि
(घ) नारद
उत्तर. (ग) निमि

323. निम्न में से कौन राजा वसिष्ठ-पुत्रों के शाप से चांडाल बन गया था?

(क) शंबूक
(ख) गय
(ग) कुशध्वज
(घ) त्रिशंकु
उत्तर. (घ) त्रिशंकु

324. 'जा दशरथ! तू भी हमारी तरह पुत्र-वियोग में तड़पकर प्राण-त्याग करेगा।' दशरथ को यह शाप किसने दिया था?
(क) जनक
(ख) रावण
(ग) वसिष्ठ
(घ) श्रवण कुमार के माता-पिता
उत्तर. (घ) श्रवण कुमार के माता-पिता

325. 'भगवन्, मुझे ऐसा वर दो कि मैं छह महीने सोऊँ और एक दिन जागूँ।' ब्रह्मा से यह वर किसने माँगा था?
(क) कुंभकर्ण
(ख) रावण
(ग) विभीषण
(घ) मेघनाद
उत्तर. (क) कुंभकर्ण

326. 'महाराज, मैं दो वर माँगती हूँ—पहला, राम को चौदह वर्ष का वनवास और दूसरा, भरत को राजगद्दी।' दशरथ से ऐसा किसने कहा था?
(क) सुमित्रा
(ख) कौशल्या
(ग) मंथरा
(घ) कैकेयी
उत्तर. (घ) कैकेयी

327. 'बालि! युद्ध की इच्छा से जो तुम्हारे सामने आएगा उसका आधा बल स्वयमेव तुम्हारे शरीर में आ जाएगा।' यह वर बालि को किसने दिया था?
(क) शिव
(ख) ब्रह्मा
(ग) सरस्वती
(घ) श्रीराम
उत्तर. (ख) ब्रह्मा

328. 'हे रावण! मैं तुम्हें शाप देता हूँ कि तुम्हारा और तुम्हारे कुल का सर्वनाश वानरों के ही हाथ होगा।' रावण को यह शाप किसने दिया था?
(क) नंदीश्वर
(ख) नारद
(ग) पुलस्त्य
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (क) नंदीश्वर

329. 'हे निषाद! तुझे कभी भी शांति न मिले; क्योंकि क्रौंच पक्षी के इस जोड़े में से एक को तुमने बिना किसी अपराध के ही मार डाला है।' यह शाप किसने दिया था?

(क) राम
(ख) वाल्मीकि
(ग) नारद
(घ) दशरथ
उत्तर. (ख) वाल्मीकि

330. ‘हे रंभा! मैं काम और क्रोध को अपने वश में करना चाहता हूँ और तू मुझे काम की ओर धकेलना चाहती है! मैं तुझे शाप देता हूँ कि तू दस हजार वर्षों तक पत्थर की प्रतिमा बनी खड़ी रहेगी।’ रंभा अप्सरा को यह शाप किसने दिया था?
(क) वसिष्ठ
(ख) नारद
(ग) विश्वामित्र
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

331. ‘रावण, यदि आज के बाद तू किसी पर-स्त्रा् के साथ बलात् समागम करेगा तो तेरे सिर के सौ टुकड़े हो जाएँगे।’ रावण को यह शाप किसने दिया?
(क) ब्रह्मा
(ख) शिव
(ग) नारद
(घ) सीता
उत्तर. (क) ब्रह्मा

332. ‘हे पितामह ब्रह्मा! मुझे वर दीजिए, जब युद्ध के निमित्त किए जानेवाले जप और होम को पूर्ण किए बिना ही मैं युद्धक्षेत्र में युद्ध करने लगूँ, तभी मेरा विनाश हो।’ ब्रह्मा से यह वर किसने माँगा था?
(क) रावण
(ख) कुंभकर्ण
(ग) मेघनाद
(घ) खर
उत्तर. (ग) मेघनाद

333. ‘हे प्रजापति ब्रह्मा! आप मुझे वर दें कि बड़ी-से-बड़ी विपत्ति आने पर भी मेरी बुद्धि धर्म में ही लगी रहे।’ ब्रह्मा से यह वर किसने माँगा था?
(क) कुंभकर्ण
(ख) मेघनाद
(ग) विभीषण
(घ) खर
उत्तर. (ग) विभीषण

334. ‘हे रावण! मेरे समान रूप और पराक्रमवाले ही तेरे कुल का नाश करेंगे।’ यह शाप रावण को किसने दिया था?
(क) बालि
(ख) सीता
(ग) पुंजिकस्थला
(घ) नंदीश्वर
उत्तर. (घ) नंदीश्वर

# 7

# अस्त्र-शस्त्र

335. महर्षि परशुराम ने श्रीराम को किस धनुष पर बाण चढ़ाने की चुनौती दी थी?
(क) गांडीव
(ख) शाङ्‍र्ग
(ग) अजगव
(घ) वैष्णव
उत्तर. (घ) वैष्णव

336. श्रीराम ने किस अस्त्र का प्रयोग कर रावण का वध किया था?
(क) वारुणास्त्र
(ख) जृंभकास्त्र
(ग) वायव्यास्त्र
(घ) ब्रह्मास्त्र
उत्तर. (घ) ब्रह्मास्त्र

337. मेघनाद ने हनुमानजी को अशोक वाटिका में किस अस्त्र से बाँध लिया था?
(क) ब्रह्मपाश
(ख) चर्मपाश
(ग) लौहपाश
(घ) इंद्रपाश
उत्तर. (क) ब्रह्मपाश

338. रावण की उस तलवार का नाम बताइए, जो उसने शिवजी से प्राप्त की थी?
(क) संहारिणी
(ख) चंद्रहास
(ग) विजयिनी
(घ) चंद्रावल
उत्तर. (ख) चंद्रहास

339. किस अस्त्र के द्वारा मेघनाद का वध हुआ था?
(क) ब्रह्मशिरस्
(ख) ब्रह्मास्त्र
(ग) वारुणास्त्र
(घ) ऐंद्रास्त्र
उत्तर. (घ) ऐंद्रास्त्र

340. उस अस्त्र का नाम बताइए, जो शत्रु को बाँध लेता है?
(क) जृंभकास्त्र
(ख) वारुणास्त्र
(ग) नागपाश
(घ) अंजलिकास्त्र
उत्तर. (ग) नागपाश

341. वज्र नामक अस्त्र किस ऋषि की हड्डियों से बना था?
(क) वसिष्ठ
(ख) अत्रि
(ग) वाल्मीकि
(घ) दधीच
उत्तर. (घ) दधीच

342. 'मोदकी' और 'शिखरी' नामक प्रसिद्ध गदाएँ श्रीराम को किसने दी थीं?
(क) विश्वामित्र
(ख) वाल्मीकि
(ग) वसिष्ठ
(घ) परशुराम
उत्तर. (क) विश्वामित्र

343. श्रीराम को नारायणास्त्र किसने प्रदान किया था?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) अगस्त्य
(ग) विश्वामित्र
(घ) अत्रि
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

344. 'ब्रह्मशिर' नामक अस्त्र किसका था?
(क) इंद्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) शिव
(घ) नारद
उत्तर. (ख) ब्रह्मा

345. वज्रास्त्र, ऐषीकास्त्र और वायव्यास्त्र श्रीराम को किसने प्रदान किए थे?
(क) लोमश
(ख) परशुराम
(ग) इंद्र
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (घ) विश्वामित्र

346. दंडचक्र, कालचक्र, विष्णुचक्र तथा ऐंद्रचक्र—ये सभी अस्त्र श्रीराम को किस ऋषि ने दिए थे?
(क) विश्वामित्र
(ख) अत्रि
(ग) भरद्वाज
(घ) वसिष्ठ
उत्तर. (क) विश्वामित्र

347. धर्मपाश, कालपाश और वरुणपाश नामक अस्त्र श्रीराम को किसने प्रदान किए थे?
(क) परशुराम
(ख) वसिष्ठ
(ग) विश्वामित्र
(घ) वाल्मीकि

उत्तर. (ग) विश्वामित्र

348. शिखरास्त्र, क्रौंचास्त्र और सौम्यास्त्र श्रीराम को किसने दिए थे?
(क) अगस्त्य
(ख) विश्वामित्र
(ग) वसिष्ठ
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (ख) विश्वामित्र

349. सम्मोहनास्त्र व मानवास्त्र किनके प्रिय अस्त्र हैं?
(क) देवताओं के
(ख) गंधर्वों के
(ग) पिशाचों के
(घ) राक्षसों के
उत्तर. (ख) गंधर्वों के

350. वह कौन सा अस्त्र है जो पिशाचों का प्रिय अस्त्र माना जाता है?
(क) वारुणास्त्र
(ख) जृंभकास्त्र
(ग) ऐंद्रास्त्र
(घ) मोहनास्त्र
उत्तर. (घ) मोहनास्त्र

351. 'तेजःप्रभ' नामक अस्त्र किस देवता का है?
(क) वरुण
(ख) इंद्र
(ग) सूर्य
(घ) शिव
उत्तर. (ग) सूर्य

352. 'शिशिर' नामक अस्त्र किस देवता का है?
(क) सोम
(ख) शनि
(ग) ब्रह्मा
(घ) अग्नि
उत्तर. (क) सोम

353. मनु का अस्त्र इनमें से कौन सा है?
(क) शिखर
(ख) सौम्य
(ग) रुचिर
(घ) शीतेषु
उत्तर. (घ) शीतेषु

354. इनमें से कौन सा अस्त्र है जो पूर्व में प्रजापति कृशाश्व का पुत्र नहीं है?
(क) रुचिरास्त्र
(ख) नारायणास्त्र

(ग) पंथानास्त्र
(घ) मकरास्त्र
उत्तर. (ख) नारायणास्त्र

355. इनमें से कौन सा अस्त्र है जो पूर्व में प्रजापति कृशाश्व का पुत्र था?
(क) ऐंद्रास्त्र
(ख) ब्रह्मास्त्र
(ग) रुचिरास्त्र
(घ) ब्रह्मशिरास्त्र
उत्तर. (ग) रुचिरास्त्र

356. 'ब्रह्मदंड' किस ऋषि का अस्त्र था?
(क) अत्रि
(ख) अगस्त्य
(ग) वसिष्ठ
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ग) वसिष्ठ

357. विष्णु के चक्र को क्या कहा जाता था?
(क) संहारक
(ख) सुदर्शन
(ग) प्रियदर्शन
(घ) प्रियंक
उत्तर. (ख) सुदर्शन

358. ऋषि विश्वामित्र ने किस देवता की तपस्या कर दिव्यास्त्र प्राप्त किए थे?
(क) ब्रह्मा
(ख) विष्णु
(ग) शिव
(घ) इंद्र
उत्तर. (ग) शिव

359. वह कौन सा अस्त्र है जिसके प्रयोग से शत्रु सेना निद्रित हो जाती है?
(क) ऐंद्रास्त्र
(ख) जृंभकास्त्र
(ग) वारुणास्त्र
(घ) शिखरास्त्र
उत्तर. (ख) जृंभकास्त्र

360. जिस बाण का अग्र भाग सीधा गोल हो उसे क्या कहते हैं?
(क) नाराच
(ख) भल्ल
(ग) अंजलिक
(घ) वत्सदंत
उत्तर. (क) नाराच

361. जिस बाण का अग्र भाग फरसे के समान हो उसे क्या कहते हैं?

(क) शूल
(ख) क्षुर
(ग) भल्ल
(घ) सिंहदंष्ट्र
उत्तर. (ग) भल्ल

362. जिसका मुख भाग हाथों की अंजलि के समान हो उस बाण को क्या कहते हैं?
(क) भल्ल
(ख) अंजलिक
(ग) वत्सदंत
(घ) नाराच
उत्तर. (ख) अंजलिक

363. जिस बाण का अग्र भाग बछड़े के दाँतों के समान दिखाई देता हो उसे क्या कहा जाता है?
(क) नाराच
(ख) अंजलिक
(ग) भल्ल
(घ) वत्सदंत
उत्तर. (घ) वत्सदंत

364. सिंह की दाढ़ के समान अग्र भागवाले बाण को क्या कहते हैं?
(क) सिंहदंष्ट्र
(ख) क्षुर
(ग) शूल
(घ) वत्सदंत
उत्तर. (क) सिंहदंष्ट्र

365. जिस बाण का अग्र भाग क्षुरे की धार के समान हो उसे क्या कहते हैं?
(क) अंजलिक
(ख) नाराच
(ग) क्षुर
(घ) भल्ल
उत्तर. (ग) क्षुर

366. इनमें से कौन सा अस्त्र है?
(क) तलवार
(ख) अंजलिक
(ग) गदा
(घ) खड्ग
उत्तर. (ख) अंजलिक

367. इनमें से कौन सा शस्त्र है?
(क) नाराच
(ख) भल्ल
(ग) अंजलिक
(घ) तलवार
उत्तर. (घ) तलवार

368. विष्णु के धनुष का नाम बताइए।
(क) शाङ्‍र्ग
(ख) अजगव
(ग) वैष्णव
(घ) गांडीव
उत्तर. (क) शाङ्‍र्ग

369. किस अस्त्र का प्रयोग कर श्रीराम ने कुंभकर्ण का वध किया था?
(क) ब्रह्मास्त्र
(ख) वरुणास्त्र
(ग) ऐंद्रास्त्र
(घ) जृंभकास्त्र
उत्तर. (ग) ऐंद्रास्त्र

370. विभीषण को ब्रह्मास्त्र किसने दिया था?
(क) विष्णु
(ख) कुबेर
(ग) ब्रह्मा
(घ) शिव
उत्तर. (ग) ब्रह्मा

371. श्रीराम को 'जृंभकास्त्र' किसने दिया था?
(क) वाल्मीकि
(ख) विश्वामित्र
(ग) वसिष्ठ
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (ख) विश्वामित्र

372. श्रीराम को 'वायव्यास्त्र' किसने दिया था?
(क) वसिष्ठ
(ख) परशुराम
(ग) दशरथ
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (घ) विश्वामित्र

373. श्रीराम को 'वरुणपाश' किसने दिया था?
(क) विश्वामित्र
(ख) अत्रि
(ग) परशुराम
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (क) विश्वामित्र

374. 'सार्चिमाली' नामक अस्त्र श्रीराम को किसने दिया था?
(क) वाल्मीकि
(ख) अत्रि
(ग) विश्वामित्र
(घ) अगस्त्य

उत्तर. (ग) विश्वामित्र

375. ‘सर्पनाथ’ नामक अस्त्र श्रीराम को किसने दिया था?
(क) शृंगी
(ख) जाबालि
(ग) अत्रि
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (घ) विश्वामित्र

376. मेघनाद को ‘ब्रह्मशिरस्’ नामक अस्त्र किसने दिया था?
(क) ब्रह्मा
(ख) शिव
(ग) अग्नि
(घ) दुर्गा
उत्तर. (क) ब्रह्मा

377. श्रीराम को ‘सत्यवान्’ नामक अस्त्र किसने दिया था?
(क) शिव
(ख) ब्रह्मा
(ग) विश्वामित्र
(घ) इंद्र
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

378. ‘सत्यकीर्ति’ नामक अस्त्र श्रीराम को किसने दिया था?
(क) परशुराम
(ख) विश्वामित्र
(ग) याज्ञवल्क्य
(घ) अत्रि
उत्तर. (ख) विश्वामित्र

379. ‘रुचिर’ नामक अस्त्र श्रीराम को किसने समर्पित किया था?
(क) भरद्वाज
(ख) इंद्र
(ग) शिव
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (घ) विश्वामित्र

380. लक्ष्मण किस अस्त्र से युद्ध करते थे?
(क) तलवार
(ख) धनुष-बाण
(ग) गदा
(घ) खड्ग
उत्तर. (ख) धनुष-बाण

381. वज्र नामक अस्त्र किस देवता का था?
(क) इंद्र
(ख) वरुण

(ग) विष्णु
(घ) वायु
उत्तर. (क) इंद्र

382. हनुमान किस शस्त्र से युद्ध करते थे?
(क) तलवार
(ख) खड्ग
(ग) गदा
(घ) दंड
उत्तर. (ग) गदा

383. ‘नागपाश’ नामक अस्त्र मेघनाद को किसने दिया था?
(क) रावण
(ख) शिव
(ग) ब्रह्मा
(घ) इंद्र
उत्तर. (घ) इंद्र

384. नागपाश किस देवता का अस्त्र है?
(क) इंद्र
(ख) वायु
(ग) वरुण
(घ) अग्नि
उत्तर. (ग) वरुण

385. महर्षि अगस्त्य ने श्रीराम को जो दिव्य धनुष दिया था वह किसका था?
(क) विष्णु
(ख) ब्रह्मा
(ग) शिव
(घ) परशुराम
उत्तर. (क) विष्णु

386. वह कौन सा अस्त्र है जिसके प्रयोग करने पर पत्थरों की वर्षा हेने लगती थी?
(क) वायव्यास्त्र
(ख) वरुणास्त्र
(ग) पर्वतास्त्र
(घ) अंजलिकास्त्र
उत्तर. (ग) पर्वतास्त्र

387. राजा दशरथ ने भ्रमवश श्रवणकुमार पर जिस बाण का प्रहार किया था, उसे क्या कहते हैं?
(क) ऐंद्रास्त्र
(ख) शब्दवेधी
(ग) जृंभकास्त्र
(घ) ब्रह्मशिरस्
उत्तर. (ख) शब्दवेधी

388. राजा जनक ने श्रीराम को (दहेजस्वरूप) जो दिव्य धनुष, अभेद्य कवच, अक्षय बाणों से भरे तूणीर और

सुवर्ण-भूषित खंग दिए थे, वे उन्हें (जनक को) किसने प्रदान किए थे?
(क) इंद्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) महात्मा वरुण
(घ) शिव
उत्तर. (ग) महात्मा वरुण

389. 'तामस' नामक भयंकर अस्त्र का देवता कौन है?
(क) राहु (तमोग्रह)
(ख) सूर्य
(ग) वरुण
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (क) राहु (तमोग्रह)

390. उस अस्त्र का नाम बताइए जिसका प्रहार कर लव ने (वाल्मीकि आश्रम के निकट) अयोध्या से आई श्रीराम की सेना को निद्रित कर दिया था?
(क) जृंभकास्त्र
(ख) वायव्यास्त्र
(ग) वारुणास्त्र
(घ) पाशुपतास्त्र
उत्तर. (क) जृंभकास्त्र

391. लोहे के काँटों से भरी हुई चार हाथ लंबी गदा को क्या कहा जाता था?
(क) शतघ्नी
(ख) प्राणांतक
(ग) विजयिनी
(घ) चंद्रहास
उत्तर. (क) शतघ्नी

392. राजा जनक ने श्रीराम को (दहेजस्वरूप) कुल कितने दिव्य धनुष दिए थे?
(क) 5
(ख) 3
(ग) 1
(घ) 2
उत्तर. (घ) 2

393. लवणासुर के पास जो महान् शूल था वह उसे किसने दिया था?
(क) मधु
(ख) मारीच
(ग) खर
(घ) सुबाहु
उत्तर. (क) मधु

❑

# 8

# महत्त्वपूर्ण स्थान

394. महर्षि वाल्मीकि का आश्रम किस नदी के तट पर था?
(क) सरयू
(ख) नर्मदा
(ग) चर्मण्वती
(घ) तमसा
उत्तर. (घ) तमसा

395. श्रीराम के वन चले जाने पर भरत उनके वियोग में अयोध्या से दूर किस स्थान पर रह रहे थे?
(क) नंदिग्राम
(ख) पंचवटी
(ग) महेंद्र पर्वत पर
(घ) तमसा नदी के तट पर
उत्तर. (क) नंदिग्राम

396. जिस समय राम वनवास के लिए जा रहे थे उस समय भरत व शत्रुघ्न कहाँ थे?
(क) अयोध्या में ही
(ख) आखेट हेतु वन गए थे
(ग) भरत के ननिहाल (केकय देश) में
(घ) वसिष्ठ के आश्रम पर
उत्तर. (ग) भरत के ननिहाल (केकय देश) में

397. वनवास काल में श्रीराम सर्वाधिक समय तक किस स्थान पर ठहरे थे?
(क) समुद्र तट पर
(ख) चित्रकूट में
(ग) किष्किंधा पर्वत पर
(घ) भरद्वाज आश्रम में
उत्तर. (ख) चित्रकूट में

398. शबरी किस वन में रहती थी?
(क) मतंग वन
(ख) काम्यक वन
(ग) दंडक वन
(घ) वृंदावन
उत्तर. (क) मतंग वन

399. किष्किंधा से बालि द्वारा निष्कासित किए जाने के बाद सुग्रीव कहाँ रहने लगे थे?
(क) ऋष्यमूक पर्वत पर
(ख) महेंद्र पर्वत पर
(ग) इंद्रकील पर्वत पर
(घ) मैनाक पर्वत पर
उत्तर. (क) ऋष्यमूक पर्वत पर

400. लंका पहुँचकर श्रीराम की वानर सेना किस पर्वत के पास ठहरी थी?
(क) सुमेरु
(ख) सुवेल
(ग) ऋष्यमूक
(घ) नील
उत्तर. (ख) सुवेल

401. हनुमानजी ने किस पर्वत पर चढ़कर समुद्र लाँघने हेतु छलाँग लगाई थी?
(क) रैवतक
(ख) महेंद्र
(ग) कांचन
(घ) मलयगिरि
उत्तर. (ख) महेंद्र

402. लंका नगरी किस पर्वत पर स्थित थी?
(क) गंधमादन
(ख) सुमेरु
(ग) त्रिकूट
(घ) कैलास
उत्तर. (ग) त्रिकूट

403. विशल्यकरणी, सावर्ण्यकरणी, संजीवकरणी व संधानी नामक ओषधियाँ किस पर्वत पर पाई जाती थीं?
(क) पारियात्र
(ख) हिमालय
(ग) कांचन
(घ) महोदय
उत्तर. (घ) महोदय

404. महर्षि परशुराम का आश्रम किस पर्वत पर था?
(क) सुमेरु
(ख) मंदराचल
(ग) महेंद्र
(घ) किष्किंधा
उत्तर. (ग) महेंद्र

405. श्रीराम, सीता व लक्ष्मण ने शृंगवेरपुर के निकट किस नदी को पार किया था?
(क) गंगा
(ख) तमसा
(ग) गोदावरी
(घ) यमुना
उत्तर. (क) गंगा

406. कुश-लव का जन्म कहाँ हुआ था?
(क) अयोध्या में
(ख) वाल्मीकि आश्रम में
(ग) पंचवटी में
(घ) अशोक वाटिका में

उत्तर. (ख) वाल्मीकि आश्रम में

407. वनवास से लौटकर श्रीराम ने अपनी जटाएँ कहाँ कटवाई थीं?
(क) अयोध्या राजभवन में
(ख) नंदिग्राम में
(ग) सरयू नदी के तट पर
(घ) वाल्मीकि आश्रम में
उत्तर. (ख) नंदिग्राम में

408. मेघनाद (लक्ष्मण से युद्ध करते समय) युद्धक्षेत्र छोड़कर यज्ञ करने के हेतु किस स्थान पर चला गया था?
(क) शुक्राचार्य के आश्रम पर
(ख) लंका के एक मंदिर में
(ग) अपने राजभवन में
(घ) निकुंभिला में
उत्तर. (घ) निकुंभिला में

409. नंदिग्राम अयोध्या की किस दिशा में स्थित था?
(क) उत्तर
(ख) पश्चिम
(ग) पूर्व
(घ) दक्षिण
उत्तर. (ग) पूर्व

410. खर और दूषण कहाँ रहते थे?
(क) दंडक वन में
(ख) लंका में
(ग) किष्किंधा पर्वत पर
(घ) चित्रकूट में
उत्तर. (क) दंडक वन में

411. श्रीराम द्वारा सीता को वनवास दिए जाने पर वह (सीता) कहाँ रही थीं?
(क) वाल्मीकि आश्रम में
(ख) विश्वामित्र आश्रम में
(ग) पंचवटी में
(घ) अशोक वाटिका में
उत्तर. (क) वाल्मीकि आश्रम में

412. पंचवटी, जहाँ श्रीराम सीता-लक्ष्मण सहित वनवास काल में पर्णकुटी बनाकर रह रहे थे, किस नदी के किनारे स्थित था?
(क) चर्मण्वती
(ख) गोदावरी
(ग) तमसा
(घ) गंगा
उत्तर. (ख) गोदावरी

413. वनवास के समय श्रीराम से मिलने भरत किस स्थान पर गए थे?
(क) किष्किंधा पर्वत

(ख) लंका में
(ग) चित्रकूट
(घ) समुद्र तट पर
उत्तर. (ग) चित्रकूट

414. भरद्वाज ऋषि का आश्रम किस नदी के किनारे पर था?
(क) तमसा
(ख) नर्मदा
(ग) सरयू
(घ) गंगा-यमुना के संगम पर
उत्तर. (घ) गंगा-यमुना के संगम पर

415. निषादराज गुह का निवास कहाँ पर था?
(क) चित्रकूट
(ख) शृंगवेरपुर
(ग) कुशस्थली
(घ) नंदिग्राम
उत्तर. (ख) शृंगवेरपुर

416. सीता का हरण करके ले जाने पर रावण ने उन्हें सबसे पहले कहाँ रखा था?
(क) अशोक वाटिका में
(ख) एक गुफा में
(ग) अपने अंतःपुर में
(घ) विभीषण के महल में
उत्तर. (ग) अपने अंतःपुर में

417. विराध राक्षस कहाँ रहता था?
(क) दंडक वन
(ख) काम्यक वन
(ग) मिथिला
(घ) पाताल
उत्तर. (क) दंडक वन

418. ऋषि अगस्त्य कहाँ रहते थे?
(क) महेंद्र पर्वत पर
(ख) दंडकारण्य
(ग) समुद्र में
(घ) मिथिला में
उत्तर. (ख) दंडकारण्य

419. काजल और मेघ के समान काले वानर किस पर्वत पर पाए जाते थे?
(क) कांचन
(ख) अंजन
(ग) ऋष्यमूक
(घ) मैनाक
उत्तर. (ख) अंजन

420. किस नदी में स्नान करने पर माना जाता है कि संतानक लोक प्राप्त होता है?
(क) गंगा
(ख) गोदावरी
(ग) सरयू
(घ) ताप्ती
उत्तर. (ग) सरयू

421. वानर यूथपति पनस किस पर्वत पर रहते थे?
(क) पारियात्र
(ख) कांचन
(ग) मैनाक
(घ) अंजन
उत्तर. (क) पारियात्र

422. सर्वप्रथम हनुमान की भेंट श्रीराम से किस स्थान पर हुई थी?
(क) ऋष्यमूक पर्वत
(ख) पंपा सरोवर
(ग) लंका
(घ) पंचवटी
उत्तर. (क) ऋष्यमूक पर्वत

423. गंगा शिव की जटा से छूटकर किस स्थान पर जाकर गिरी थीं?
(क) गोमुख
(ख) अयोध्या
(ग) गंगोत्तरी
(घ) विंदु सरोवर
उत्तर. (घ) विंदु सरोवर

424. वह कौन सा पर्वत है जिसका स्वरूप सूर्य के वरदान से सुवर्णमय बन गया था?
(क) मंदराचल
(ख) मैनाक
(ग) सुमेरु
(घ) त्रिकूट
उत्तर. (ग) सुमेरु

425. शिवजी का वास-स्थान किस पर्वत पर है?
(क) ऋष्यमूक
(ख) कैलास
(ग) महेंद्र
(घ) सुमेरु
उत्तर. (ख) कैलास

426. किस वन को 'जनस्थान' कहा जाता था?
(क) दंडक वन
(ख) काम्यक वन
(ग) मधु वन
(घ) नंदन वन

उत्तर. (क) दंडक वन

427. सीताजी की खोज के लिए सुग्रीव ने वानर यूथपति विनत को किस दिशा में भेजा था?
(क) पूर्व
(ख) दक्षिण
(ग) उत्तर
(घ) पश्चिम
उत्तर. (क) पूर्व

428. 'रामशिला' किस स्थान पर स्थित है?
(क) गया
(ख) अयोध्या
(ग) वाराणसी
(घ) प्रयाग
उत्तर. (क) गया

429. प्राग्ज्योतिष नगर किस पर्वत पर स्थित था?
(क) मैनाक
(ख) वराह
(ग) कैलास
(घ) महेंद्र
उत्तर. (ख) वराह

430. सीताजी की खोज के लिए सुग्रीव ने वैद्युत पर्वत के क्षेत्र में किसे भेजा था?
(क) हनुमान
(ख) जांबवान्
(ग) नील
(घ) विनत
उत्तर. (क) हनुमान

431. सीता की खोज के लिए सुग्रीव ने वृषभ को किस दिशा में भेजा था?
(क) पूर्व
(ख) उत्तर
(ग) दक्षिण
(घ) पश्चिम
उत्तर. (ग) दक्षिण

432. किस पर्वत पर विश्वकर्मा ने ऋषि अगस्त्य हेतु एक दिव्य भवन का निर्माण किया था?
(क) मेरु
(ख) गंधमादन
(ग) विंध्य
(घ) कुंजर
उत्तर. (घ) कुंजर

433. सीता की खोज के लिए सुग्रीव ने मालव देश में किसे भेजा था?
(क) विनत
(ख) नल

(ग) अंगद
(घ) वृषभ
उत्तर. (क) विनत

434. सौवीर देश में किसका आधिपत्य था?
(क) जनक
(ख) दशरथ
(ग) रावण
(घ) बालि
उत्तर. (ख) दशरथ

435. इंद्र किस दिशा के लोकपाल माने जाते हैं?
(क) पूर्व
(ख) पश्चिम
(ग) उत्तर
(घ) दक्षिण
उत्तर. (क) पूर्व

436. दक्षिण-पूर्व दिशा का लोकपाल कौन माना जाता है?
(क) यम
(ख) कुबेर
(ग) वरुण
(घ) अग्नि
उत्तर. (घ) अग्नि

437. यम किस दिशा के लोकपाल माने जाते हैं?
(क) दक्षिण
(ख) पूर्व
(ग) उत्तर
(घ) पश्चिम
उत्तर. (क) दक्षिण

438. कुबेर किस दिशा के लोकपाल माने जाते हैं?
(क) पश्चिम
(ख) उत्तर-पूर्व
(ग) उत्तर
(घ) दक्षिण-पश्चिम
उत्तर. (ग) उत्तर

439. दक्षिण-पश्चिम दिशा का लोकपाल कौन माना जाता है?
(क) वरुण
(ख) सूर्य
(ग) इंद्र
(घ) अग्नि
उत्तर. (ख) सूर्य

440. वरुण किस दिशा के लोकपाल माने जाते हैं?

(क) दक्षिण-पूर्व
(ख) उत्तर
(ग) पश्चिम
(घ) पूर्व
उत्तर. (ग) पश्चिम

441. कुरु देश किस नदी के तट पर स्थित था?
(क) गंगा
(ख) तमसा
(ग) शैलोदा
(घ) नर्मदा
उत्तर. (ग) शैलोदा

442. ब्रह्माजी का भवन किस पर्वत पर स्थित था?
(क) अरिष्ट
(ख) मेरु
(ग) ऋष्यमूक
(घ) नील
उत्तर. (ख) मेरु

443. वानर यूथपति शरभ किस पर्वत पर निवास करते थे?
(क) मैनाक
(ख) कांचन
(ग) अंजन
(घ) साल्वेय
उत्तर. (घ) साल्वेय

444. केकय देश की राजधानी का क्या नाम था?
(क) राजगृह
(ख) मगध
(ग) गया
(घ) मधुपुर
उत्तर. (क) राजगृह

445. शृंगवेरपुर किस नदी के तट पर स्थित था?
(क) गोदावरी
(ख) सरयू
(ग) गंगा
(घ) तमसा
उत्तर. (ग) गंगा

446. लवपुर किसने बसाया था?
(क) राम
(ख) रावण
(ग) कुश
(घ) लव
उत्तर. (घ) लव

447. वानर यूथपति प्रमाथी किस पर्वत पर रहता था?
(क) मैनाक
(ख) साल्वेय
(ग) मंदार
(घ) कांचन
उत्तर. (ग) मंदार

448. मतंग ऋषि के शाप के भय से बालि किस पर्वत पर नहीं जाता था?
(क) ऋष्यमूक
(ख) सुमेरु
(ग) नील
(घ) अंजन
उत्तर. (क) ऋष्यमूक

449. वह कौन सा देश था जो सुंदर अश्वों के लिए प्रसिद्ध था?
(क) मिथिला
(ख) गया
(ग) बाह्लीक
(घ) अयोध्या
उत्तर. (ग) बाह्लीक

450. ऋचीक मुनि का आश्रम किस पर्वत पर था?
(क) महेंद्र
(ख) भृगुतुंग
(ग) कैलास
(घ) विंध्याचल
उत्तर. (ख) भृगुतुंग

451. सीताजी की खोज के लिए सुग्रीव ने हनुमान एवं अंगद को किस दिशा में भेजा था?
(क) दक्षिण
(ख) पूर्व
(ग) पश्चिम
(घ) उत्तर
उत्तर. (क) दक्षिण

452. वानर यूथपति केसरी किस पर्वत पर रहता था?
(क) सुमेरु
(ख) किष्किंधा
(ग) कांचन
(घ) मंदराचल
उत्तर. (ग) कांचन

453. सीताजी की खोज के लिए सुग्रीव ने पांड्य देश में किसको भेजा था?
(क) नल
(ख) जांबवान्
(ग) अंगद
(घ) सुषेण

उत्तर. (ग) अंगद

454. वनवास-गमन के समय श्रीराम सारे अयोध्यावासियों को किस स्थान पर सोते छोड़कर चले गए थे?
(क) चित्रकूट
(ख) भरद्वाज आश्रम
(ग) शृंगवेरपुर
(घ) अत्रि आश्रम
उत्तर. (ग) शृंगवेरपुर

455. भरत अपने बचपन में कहाँ रहते थे?
(क) आश्रम
(ख) ननिहाल
(ग) नंदिग्राम
(घ) अयोध्या
उत्तर. (ख) ननिहाल

456. सीता स्वयंवर के समय राजा जनक ने कुशध्वज को किस नगरी से बुलवाया था?
(क) सांकाश्या
(ख) गया
(ग) अयोध्या
(घ) चंपा नगरी
उत्तर. (क) सांकाश्या

457. सीताजी की खोज में लंका सर्वप्रथम कौन पहुँचा था?
(क) अंगद
(ख) जांबवान्
(ग) हनुमान
(घ) गंधमादन
उत्तर. (ग) हनुमान

458. श्रीराम का जन्म कहाँ हुआ था?
(क) प्रयाग
(ख) अयोध्या
(ग) मिथिला
(घ) शृंगवेरपुर
उत्तर. (ख) अयोध्या

459. हनुमानजी की भेंट सीताजी से सर्वप्रथम किस स्थान पर हुई थी?
(क) अशोक वाटिका
(ख) चित्रकूट
(ग) शृंगवेरपुर
(घ) भरद्वाज आश्रम
उत्तर. (क) अशोक वाटिका

460. प्रतिष्ठानपुर किस नदी के किनारे स्थित था?
(क) चर्मण्वती
(ख) नर्मदा

(ग) गंगा-यमुना के संगम पर
(घ) कावेरी
उत्तर. (ग) गंगा-यमुना के संगम पर

461. श्रीराम के मित्र प्रतर्दन कहाँ के राजा थे?
(क) कोशल
(ख) काशी
(ग) प्रतिष्ठानपुर
(घ) केकय
उत्तर. (ख) काशी

462. सुदामा नामक पर्वत किस देश में स्थित था?
(क) बाह्लीक
(ख) गया
(ग) काशी
(घ) लंका
उत्तर. (क) बाह्लीक

463. दक्षिण में स्थित देश चोला में सीता की खोज करने को सुग्रीव ने किसे भेजा था?
(क) सुषेण
(ख) अंगद
(ग) विनत
(घ) मैंद
उत्तर. (ख) अंगद

464. सीताजी की खोज में सुग्रीव ने मगध देश में किसे भेजा था?
(क) विनत
(ख) हनुमान
(ग) द्विविद
(घ) तार
उत्तर. (क) विनत

❑

# 9

# संबंधों का सागर

## माता

465. श्रीराम की माता का क्या नाम था?
(क) कैकेयी
(ख) सुमित्रा
(ग) कौशल्या
(घ) मंथरा
उत्तर. (ग) कौशल्या

466. हनुमानजी की माता कौन थीं?
(क) अंजनी
(ख) कृतिका
(ग) अहल्या
(घ) सुलक्षणा
उत्तर. (क) अंजनी

467. दशरथ की माता कौन थीं?
(क) शांता
(ख) सुयशा
(ग) इंदुमती
(घ) कैकेयी
उत्तर. (ग) इंदुमती

468. रावण की माता कौन थी?
(क) मंदोदरी
(ख) कैकसी
(ग) मंथरा
(घ) सुलोचना
उत्तर. (ख) कैकसी

469. जटायु (गृद्ध) की माता कौन थी?
(क) श्येनी
(ख) प्राक्षा
(ग) दिति
(घ) कुंदवा
उत्तर. (क) श्येनी

470. मंदोदरी की माता का क्या नाम था?
(क) प्रभा
(ख) हेमा
(ग) उर्वशी

(घ) रुक्मिणी
उत्तर. (ख) हेमा

471. विभीषण की माता कौन थी?
(क) मंदोदरी
(ख) कैकसी
(ग) उर्वशी
(घ) प्रभा
उत्तर. (ख) कैकसी

472. खर की माता का क्या नाम था?
(क) पुष्पोत्कटा
(ख) त्रिजटा
(ग) मंदोदरी
(घ) युगंधरा
उत्तर. (क) पुष्पोत्कटा

473. दूषण की माता का क्या नाम था?
(क) क्रोधवशा
(ख) हेमा
(ग) वाका
(घ) प्रभा
उत्तर. (ग) वाका

474. मेघनाद की माता का क्या नाम था?
(क) कैकसी
(ख) विपाशा
(ग) दिति
(घ) मंदोदरी
उत्तर. (घ) मंदोदरी

475. मारीच (राक्षस) की माता कौन थी?
(क) ताड़का
(ख) कैकसी
(ग) शूर्पणखा
(घ) नंदिनी
उत्तर. (क) ताड़का

476. नल (वानर) की माता कौन थी?
(क) मेनका
(ख) घृताची
(ग) उर्वशी
(घ) जानपदी
उत्तर. (ख) घृताची

477. लक्ष्मण की माता कौन थीं?
(क) सुमित्रा

(ख) कौशल्या
(ग) कैकेयी
(घ) मंथरा
उत्तर. (क) सुमित्रा

478. महर्षि परशुराम की माता कौन थीं?
(क) जाह्नवी
(ख) रेणुका
(ग) रेवती
(घ) लोमा
उत्तर. (ख) रेणुका

479. शत्रुघ्न की माता कौन थीं?
(क) सुमित्रा
(ख) कैकेयी
(ग) कौशल्या
(घ) इंदुमती
उत्तर. (क) सुमित्रा

480. भरत की माता कौन थी?
(क) कौशल्या
(ख) सुमित्रा
(ग) मंथरा
(घ) कैकेयी
उत्तर. (घ) कैकेयी

481. अंगद की माता का क्या नाम था?
(क) रूमा
(ख) तारा
(ग) अहल्या
(घ) मंदोदरी
उत्तर. (ख) तारा

482. लवणासुर की माता कौन थी?
(क) कैकसी
(ख) ताड़का
(ग) कुंभीनसी
(घ) कृतिका
उत्तर. (ग) कुंभीनसी

483. शतानंद (जनक के पुरोहित) की माता का क्या नाम था?
(क) शबरी
(ख) सुलोचना
(ग) कैकसी
(घ) अहल्या
उत्तर. (घ) अहल्या

484. अकंपन राक्षस की माता कौन थी?
(क) कैकसी
(ख) सुरसा
(ग) केतुमती
(घ) त्रिजटा
उत्तर. (ग) केतुमती

485. पूरु की माता कौन थी?
(क) देवहूति
(ख) देवयानी
(ग) शर्मिष्ठा
(घ) युगंधरा
उत्तर. (ग) शर्मिष्ठा

486. इंद्र की माता का क्या नाम था?
(क) अदिति
(ख) उमा
(ग) सरस्वती
(घ) लक्ष्मी
उत्तर. (क) अदिति

487. अतिकाय (रावण-पुत्र) की माता कौन थी?
(क) मंदोदरी
(ख) त्रिजटा
(ग) धान्यमालिन्
(घ) वज्रज्वाला
उत्तर. (ग) धान्यमालिन्

488. कुबेर की माता कौन थी?
(क) सत्यवंध्या
(ख) देववर्णिनी
(ग) अंजनि
(घ) गायत्री
उत्तर. (ख) देववर्णिनी

489. सुरसा की माता का क्या नाम था?
(क) कद्रू
(ख) क्रोधवशा
(ग) उर्वशी
(घ) युगंधरा
उत्तर. (ख) क्रोधवशा

490. विराध राक्षस की माता का क्या नाम था?
(क) शतह्रदा
(ख) पुष्पोत्कटा
(ग) वाका
(घ) मंदोदरी

उत्तर. (क) शतह्लदा

491. महोदर राक्षस की माता कौन थी?
(क) त्रिजटा
(ख) वज्रज्वाला
(ग) पुष्पोत्कटा
(घ) वाका
उत्तर. (ग) पुष्पोत्कटा

492. नागों की माता कौन थी?
(क) त्रिजटा
(ख) मंदोदरी
(ग) सुरसा
(घ) हेमा (अप्सरा)
उत्तर. (ग) सुरसा

493. दुंदुभि दैत्य की माता कौन थी?
(क) हेमा (अप्सरा)
(ख) अदिति
(ग) सुलोचना
(घ) प्रघसा
उत्तर. (क) हेमा (अप्सरा)

494. महर्षि दुर्वासा की माता का क्या नाम था?
(क) अरुंधती
(ख) अहल्या
(ग) गार्गी
(घ) अनसूया
उत्तर. (घ) अनसूया

495. सिंहिका राक्षसी किसकी माता थी?
(क) राहु
(ख) चंद्रमा
(ग) दैत्य
(घ) रावण
उत्तर. (क) राहु

## पिता

496. हनुमानजी के पिता कौन थे?
(क) बालि
(ख) सुग्रीव
(ग) हयग्रीव
(घ) केसरी
उत्तर. (घ) केसरी

497. रावण का पिता कौन था?
(क) विश्रवा

(ख) पुलस्त्य
(ग) सुमाली
(घ) अहिरावण
उत्तर. (क) विश्रवा

498. ताड़का (राक्षसी) के पिता का क्या नाम था?
(क) सुकेतु
(ख) मारीच
(ग) सुबाहु
(घ) रावण
उत्तर. (क) सुकेतु

499. जटायु का पिता कौन था?
(क) वासुकि
(ख) सूर्य
(ग) अरुण
(घ) कालनेमि
उत्तर. (ग) अरुण

500. जांबवान् के पिता का क्या नाम था?
(क) ऋक्षवंत
(ख) गद्गद
(ग) ऋक्षराज
(घ) भवनद
उत्तर. (ख) गद्गद

501. बालि का पिता कौन था?
(क) ऋक्षराज
(ख) जांबवान्
(ग) ऋक्षवान्
(घ) कंबोदर
उत्तर. (क) ऋक्षराज

502. सुग्रीव के पिता का क्या नाम था?
(क) केसरी
(ख) माल्यवान्
(ग) जांबवान्
(घ) ऋक्षराज
उत्तर. (घ) ऋक्षराज

503. खर-दूषण का पिता कौन था?
(क) सुबाहु
(ख) सुकेतु
(ग) विश्रवा
(घ) बालि
उत्तर. (ग) विश्रवा

504. नल (वानर) का पिता कौन था?
(क) मय
(ख) विश्वकर्मा
(ग) बालि
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) विश्वकर्मा

505. नील (वानर) का पिता कौन है?
(क) विश्वकर्मा
(ख) मय
(ग) अग्निदेव
(घ) केसरी
उत्तर. (ग) अग्निदेव

506. राजा दशरथ के पिता का क्या नाम था?
(क) दिलीप
(ख) अज
(ग) रघु
(घ) अग्निपर्ण
उत्तर. (ख) अज

507. अंगद (वानर) का पिता कौन था?
(क) सुग्रीव
(ख) नील
(ग) बालि
(घ) नल
उत्तर. (ग) बालि

508. श्रीराम, लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुघ्न के पिता कौन थे?
(क) अज
(ख) दशरथ
(ग) जनक
(घ) रघु
उत्तर. (ख) दशरथ

509. मंदोदरी के पिता का क्या नाम था?
(क) मय
(ख) सुमाली
(ग) मारीच
(घ) सुबाहु
उत्तर. (क) मय

510. (सती) सुलोचना का पिता कौन था?
(क) आर्यक (नाग)
(ख) तक्षक (नाग)
(ग) वासुकि (नाग)
(घ) अश्वसेन (नाग)

उत्तर. (ग) वासुकि (नाग)

511. महर्षि परशुराम के पिता का क्या नाम था?
(क) भरद्वाज
(ख) जमदग्नि
(ग) वसिष्ठ
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ख) जमदग्नि

512. महर्षि विश्वामित्र के पिता का क्या नाम था?
(क) जमदग्नि
(ख) अत्रि
(ग) गाधि
(घ) कश्यप
उत्तर. (ग) गाधि

513. सुमाली (राक्षस) का पिता कौन था?
(क) मय
(ख) सुकेश
(ग) पुलस्त्य
(घ) विश्वश्रवा
उत्तर. (ख) सुकेश

514. लवणासुर का पिता कौन था?
(क) रावण
(ख) प्रहस्त
(ग) मधु दैत्य
(घ) पुलस्त्य
उत्तर. (ग) मधु दैत्य

515. शतानंद (जनक के पुरोहित) के पिता कौन थे?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) गौतम
(ग) जमदग्नि
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ख) गौतम

516. महाराज गाधि के पिता का क्या नाम था?
(क) कुशनाभ
(ख) सगर
(ग) कृतवीर्य
(घ) कुशध्वज
उत्तर. (क) कुशनाभ

517. सुंद दैत्य का पिता कौन था?
(क) उपसुंद
(ख) मारीच

(ग) दूषण
(घ) जंभ
उत्तर. (घ) जंभ

518. वानर यूथपति मारीच का पिता कौन था?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) वसिष्ठ
(ग) मरीचि
(घ) जमदग्नि
उत्तर. (ग) मरीचि

519. उल्कामुख और अनंग (वानर) का पिता कौन था?
(क) केसरी
(ख) हुताशन
(ग) सुषेण
(घ) द्विविद
उत्तर. (ख) हुताशन

520. महोदर राक्षस का पिता कौन था?
(क) पुलस्त्य
(ख) धूम्राक्ष
(ग) प्रघस
(घ) विश्रवा
उत्तर. (घ) विश्रवा

521. मांधाता के पिता का क्या नाम था?
(क) युवनाश्व
(ख) हर्यश्व
(ग) अग्निवर्ण
(घ) मरु
उत्तर. (क) युवनाश्व

522. त्रिशिरा राक्षस का पिता कौन था?
(क) खर
(ख) दूषण
(ग) रावण
(घ) मारीच
उत्तर. (ग) रावण

523. मांडवी व श्रुतकीर्ति के पिता कौन थे?
(क) सीरध्वज
(ख) कपिध्वज
(ग) शतध्वज
(घ) कुशध्वज
उत्तर. (घ) कुशध्वज

524. राजा जनक के पिता कौन थे?

(क) ह्रस्वरोमा
(ख) उदावसु
(ग) ककुत्स्थ
(घ) मिथि
उत्तर. (क) ह्रस्वरोमा

525. ककुत्स्थ के पिता का नाम बताइए।
(क) दिलीप
(ख) भगीरथ
(ग) रघु
(घ) मांधाता
उत्तर. (ख) भगीरथ

526. कैकेयी के पिता का क्या नाम था?
(क) अश्वपति
(ख) कुशध्वज
(ग) मोरध्वज
(घ) सुषेण
उत्तर. (क) अश्वपति

527. अंशुमान का पिता कौन था?
(क) सगर
(ख) असमंज
(ग) भगीरथ
(घ) वसिष्ठ
उत्तर. (ख) असमंज

528. विराध राक्षस का पिता कौन था?
(क) जव
(ख) मय
(ग) बक
(घ) अघ
उत्तर. (क) जव

529. जमदग्नि ऋषि के पिता कौन थे?
(क) भरद्वाज
(ख) वसिष्ठ
(ग) दुर्वासा
(घ) ऋचीक
उत्तर. (घ) ऋचीक

530. पूरु के पिता कौन थे?
(क) ययाति
(ख) कुरु
(ग) गय
(घ) देवापि
उत्तर. (क) ययाति

531. नहुष के पिता कौन थे?
(क) आयु
(ख) ककुत्स्थ
(ग) पूरु
(घ) यौधेय
उत्तर. (क) आयु

532. रघु के पिता कौन थे?
(क) दिलीप
(ख) भगीरथ
(ग) अज
(घ) ककुत्स्थ
उत्तर. (क) दिलीप

533. कुबेर के पिता कौन थे?
(क) पुलस्त्य
(ख) ब्रह्मा
(ग) विश्रवा
(घ) अहिरावण
उत्तर. (ग) विश्रवा

534. ऋषि दुर्वासा के पिता कौन थे?
(क) अत्रि
(ख) भरद्वाज
(ग) व्यास
(घ) जगदग्नि
उत्तर. (क) अत्रि

535. त्रिशंकु का पिता कौन था?
(क) गालव
(ख) पृथु
(ग) गाधि
(घ) व्यास
उत्तर. (ख) पृथु

536. स्वयंप्रभा के पिता कौन थे?
(क) ऋचीक
(ख) मेरुसावर्णि
(ग) विश्वसह
(घ) पर्जन्य
उत्तर. (ख) मेरुसावर्णि

537. रावण के पितामह कौन थे?
(क) सुमाली
(ख) पुलस्त्य
(ग) विश्रवा
(घ) माल्यवान्

उत्तर. (ख) पुलस्त्य

538. श्रीराम के पितामह कौन थे?
(क) रघु
(ख) दिलीप
(ग) भगीरथ
(घ) अज
उत्तर. (घ) अज

539. वह कौन वानर था, जो वानरों का पितामह था?
(क) संनादन
(ख) गंधमादन
(ग) सुषेण
(घ) केसरी
उत्तर. (क) संनादन

## पत्नी

540. भरत की पत्नी का क्या नाम था?
(क) मांडवी
(ख) श्रुतकीर्ति
(ग) उर्मिला
(घ) सुचेता
उत्तर. (क) मांडवी

541. लक्ष्मण की पत्नी का क्या नाम था?
(क) श्रुतकीर्ति
(ख) उर्मिला
(ग) मांडवी
(घ) सुलक्षणा
उत्तर. (ख) उर्मिला

542. शत्रुघ्न की पत्नी का क्या नाम था?
(क) मांडवी
(ख) श्रुतकीर्ति
(ग) तारा
(घ) यशोधरा
उत्तर. (ख) श्रुतकीर्ति

543. मेघनाद की पत्नी कौन थी?
(क) मौर्वी
(ख) सुलोचना
(ग) कुमुदिनी
(घ) सुहासिनी
उत्तर. (ख) सुलोचना

544. विभीषण की पत्नी का क्या नाम था?
(क) सुमति

(ख) सुरसा
(ग) संगणा
(घ) सरमा
उत्तर. (घ) सरमा

545. कुंभकर्ण की पत्नी का क्या नाम था?
(क) वज्रज्वाला
(ख) बलंधरा
(ग) मौर्वी
(घ) मंदोदरी
उत्तर. (क) वज्रज्वाला

546. शूर्पणखा किसकी पत्नी थी?
(क) केकभ
(ख) विद्युज्जिह्व
(ग) पूर्णनाभ
(घ) जव
उत्तर. (ख) विद्युज्जिह्व

547. राजा जनक की पत्नी का क्या नाम था?
(क) सुमित्रा
(ख) हेमा
(ग) सुनयना
(घ) सुगंधा
उत्तर. (ग) सुनयना

548. कुश की पत्नी का क्या नाम था?
(क) देविका
(ख) कंजानना
(ग) सुमति
(घ) चंपका
उत्तर. (घ) चंपका

549. बालि की पत्नी का क्या नाम था?
(क) रूमा
(ख) अहल्या
(ग) तारा
(घ) सुलोचना
उत्तर. (ग) तारा

550. सुग्रीव की पत्नी का क्या नाम था?
(क) तारा
(ख) रूमा
(ग) मौर्वी
(घ) गांधारी
उत्तर. (ख) रूमा

551. अहल्या किस ऋषि की पत्नी थीं?
(क) अत्रि
(ख) वसिष्ठ
(ग) गौतम
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (ग) गौतम

552. अत्रि ऋषि की पत्नी कौन थीं?
(क) अरुंधती
(ख) रोहिणी
(ग) केतकी
(घ) अनसूया
उत्तर. (घ) अनसूया

553. वसिष्ठ ऋषि की पत्नी कौन थीं?
(क) रेणुका
(ख) रेवती
(ग) अरुंधती
(घ) विजया
उत्तर. (ग) अरुंधती

554. जमदग्नि ऋषि की पत्नी कौन थीं?
(क) रेणुका
(ख) रेवती
(ग) देवकी
(घ) विजया
उत्तर. (क) रेणुका

555. राजा सगर की दूसरी पत्नी का क्या नाम था?
(क) सुनीति
(ख) शुभा
(ग) सुमति
(घ) श्रुतकीर्ति
उत्तर. (ग) सुमति

556. महर्षि कश्यप की पत्नी का क्या नाम था?
(क) अदिति
(ख) शतरूपा
(ग) शर्मिष्ठा
(घ) श्रुतकीर्ति
उत्तर. (क) अदिति

557. महर्षि विश्वामित्र की पत्नी कौन थीं?
(क) सती
(ख) सुलक्षणा
(ग) माद्री
(घ) शांता

उत्तर. (क) सती

558. इक्ष्वाकु की पत्नी का क्या नाम था?
(क) मांडवी
(ख) सुनयना
(ग) अलंबुषा
(घ) सरमा
उत्तर. (ग) अलंबुषा

559. ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी का क्या नाम था?
(क) युगंधरा
(ख) मैत्रेयी
(ग) अनसूया
(घ) अरुंधती
उत्तर. (ख) मैत्रेयी

560. राका, पुष्पोत्कटा और बलाका किसकी पत्नियाँ थीं?
(क) रावण
(ख) विश्रवा
(ग) कुंभकर्ण
(घ) प्रहस्त
उत्तर. (ख) विश्रवा

561. इंद्र की पत्नी का क्या नाम था?
(क) अंजनि
(ख) सती
(ग) अहल्या
(घ) शची
उत्तर. (घ) शची

562. सुमति और कंजानना इनमें से किसकी पत्नियों के नाम हैं?
(क) लव
(ख) कुश
(ग) शत्रुघ्न
(घ) चंद्रकेतु
उत्तर. (क) लव

563. चंद्रमा की पत्नी का क्या नाम था?
(क) रोहिणी
(ख) रेवती
(ग) उमा
(घ) रेणुका
उत्तर. (क) रोहिणी

## पुत्र - पुत्री

564. हनुमानजी का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) कपिध्वज

(ख) शतध्वज
(ग) मकरध्वज
(घ) सीरध्वज
उत्तर. (ग) मकरध्वज

565. लक्ष्मण का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) लव
(ख) चंद्रकेतु
(ग) कुश
(घ) सुमंत्र
उत्तर. (ख) चंद्रकेतु

566. कुंभकर्ण का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) अक्षकुमार
(ख) मेल्ह
(ग) मकराक्ष
(घ) निकुंभ
उत्तर. (घ) निकुंभ

567. भरत का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) तक्ष
(ख) चंद्रकेतु
(ग) कुश
(घ) अंगद
उत्तर. (क) तक्ष

568. संपाति का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) जटायु
(ख) दीर्घायु
(ग) चिरायु
(घ) सुपार्श्व
उत्तर. (घ) सुपार्श्व

569. दशरथ की पुत्री इनमें से कौन थी?
(क) सुयशा
(ख) सुनंदा
(ग) शांता
(घ) सुनयना
उत्तर. (ग) शांता

570. विभीषण की पुत्री इनमें से कौन थी?
(क) ललिता
(ख) कला
(ग) सुकन्या
(घ) मीनाक्षी
उत्तर. (ख) कला

571. शत्रुघ्न का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) चंद्रकेतु
(ख) अंगद
(ग) सुबाहु
(घ) लव
उत्तर. (ग) सुबाहु

572. भरत का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) अंगद
(ख) कुश
(ग) पुष्कल
(घ) चंद्रकेतु
उत्तर. (ग) पुष्कल

573. महर्षि वसिष्ठ का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) सुयज्ञ
(ख) आरुणि
(ग) उपमन्यु
(घ) वेद
उत्तर. (क) सुयज्ञ

574. बालि की पुत्री इनमें कौन थी?
(क) सुभद्रा
(ख) लीलाक्षी
(ग) मीनाक्षी
(घ) सुहागी
उत्तर. (क) सुभद्रा

575. लक्ष्मण का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) कुश
(ख) श्रीदाम
(ग) अंगद
(घ) लव
उत्तर. (ग) अंगद

576. अतिकाय राक्षस किसका पुत्र था?
(क) विभीषण
(ख) रावण
(ग) मेघनाद
(घ) खर
उत्तर. (ख) रावण

577. इंद्र के सारथि मातलि का पुत्र कौन था?
(क) जयंत
(ख) सिद्धार्थ
(ग) गोमुख
(घ) यशोमुख

उत्तर. (ग) गोमुख

578. खर राक्षस का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) दूषण
(ख) मकराक्ष
(ग) सुबाहु
(घ) अंगारक
उत्तर. (ख) मकराक्ष

579. शत्रुघ्न का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) शत्रुघाती
(ख) कुश
(ग) चंद्रकेतु
(घ) तक्ष
उत्तर. (क) शत्रुघाती

580. नलकूबर किसका पुत्र था?
(क) अग्नि
(ख) कुबेर
(ग) वरुण
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) कुबेर

581. त्रिशंकु का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) अंबरीष
(ख) रोमपाद
(ग) गय
(घ) धुंधुमार
उत्तर. (घ) धुंधुमार

582. नारदजी किसके मानस-पुत्र थे?
(क) इंद्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) विष्णु
(घ) वरुण
उत्तर. (ख) ब्रह्मा

583. विश्वामित्र का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) हविष्यंद
(ख) अंगद
(ग) गंधमादन
(घ) कुशीनर
उत्तर. (क) हविष्यंद

584. भगीरथ का पुत्र इनमें से कौन था?
(क) अज
(ख) अंशुमान

(ग) दिलीप
(घ) ककुत्स्थ
उत्तर. (घ) ककुत्स्थ

## नाना -मामा

585. रावण की नानी निम्न में से कौन थी?
(क) कौतुमती
(ख) कुंभीनसी
(ग) कैकसी
(घ) मंदोदरी
उत्तर. (क) कौतुमती

586. ताड़का रावण की क्या लगती थी?
(क) नानी
(ख) चाची
(ग) बुआ
(घ) बहन
उत्तर. (क) नानी

587. रावण का नाना कौन था?
(क) अहिरावण
(ख) पुलस्त्य
(ग) मय
(घ) माल्यवान्
उत्तर. (ख) पुलस्त्य

588. भरत के मामा इनमें से कौन थे?
(क) शेष
(ख) मार्कंडेय
(ग) युधाजित्
(घ) अश्वपति
उत्तर. (ग) युधाजित्

589. सुग्रीव का मामा इनमें से कौन था?
(क) दधिमुख
(ख) अग्निमुख
(ग) अग्निवर्ण
(घ) अग्निकेतु
उत्तर. (क) दधिमुख

590. श्रीराम के नाना का क्या नाम था?
(क) अश्वपति
(ख) भानुमान
(ग) ककुत्स्थ
(घ) मांधाता
उत्तर. (ख) भानुमान

591. भरत के नाना का क्या नाम था?
(क) शतध्वज
(ख) उदावसु
(ग) अश्वपति
(घ) अश्वजित्
उत्तर. (ग) अश्वपति

592. हनुमानजी के नाना का क्या नाम था?
(क) केसरी
(ख) कुंजर
(ग) वृषभ
(घ) सुषेण
उत्तर. (ख) कुंजर

593. अंगद के नाना का क्या नाम था?
(क) मैंद
(ख) सुषेण
(ग) कुंजर
(घ) तार
उत्तर. (घ) तार

594. मारीच रावण का क्या लगता था?
(क) चाचा
(ख) मामा
(ग) दादा
(घ) नाना
उत्तर. (ख) मामा

595. लवणासुर रावण का क्या लगता था?
(क) मामा
(ख) भानजा
(ग) फूफा
(घ) नाना
उत्तर. (ख) भानजा

596. मेघनाद के मामा का क्या नाम था?
(क) बलंधर
(ख) अघासुर
(ग) दुंदुभि
(घ) अतिकाय
उत्तर. (ग) दुंदुभि

597. प्रहस्त राक्षस रावण का क्या लगता था?
(क) चाचा
(ख) मामा
(ग) भाई
(घ) नाना

उत्तर. (ख) मामा

❑

# 10

# काल के गाल में

598. श्रवणकुमार की हत्या किसके हाथों हुई थी?
(क) लक्ष्मण
(ख) विभीषण
(ग) दशरथ
(घ) जनक
उत्तर. (ग) दशरथ

599. जटायु किसके हाथों मारा गया था?
(क) संपाति
(ख) सुग्रीव
(ग) बालि
(घ) रावण
उत्तर. (घ) रावण

600. कौशल्या की मृत्यु कब हुई थी?
(क) श्रीराम का अश्वमेध यज्ञ समाप्त होने के पश्चात्
(ख) श्रीराम के वनवास के समय
(ग) दशरथ की मृत्यु के तत्काल बाद
(घ) सीता-हरण के पश्चात्
उत्तर. (क) श्रीराम का अश्वमेध यज्ञ समाप्त होने के पश्चात्

601. अशोक वाटिका में हनुमानजी के हाथों रावण का कौन सा पुत्र मारा गया था?
(क) अक्षकुमार
(ख) मेघनाद
(ग) देवांतक
(घ) नरांतक
उत्तर. (क) अक्षकुमार

602. अयोध्या के राजा मांधाता किसके हाथों मारे गए थे?
(क) लवणासुर
(ख) रावण
(ग) मधु
(घ) कुंभकर्ण
उत्तर. (क) लवणासुर

603. महर्षि जमदग्नि की हत्या किसने की थी?
(क) रावण
(ख) सहस्रार्जुन
(ग) कुंभकर्ण
(घ) बालि
उत्तर. (ख) सहस्रार्जुन

604. लंकिनी राक्षसी को किसने घूँसों से प्रहार करके मार डाला था?
(क) हनुमान
(ख) अंगद
(ग) नील
(घ) विनत
उत्तर. (क) हनुमान

605. बालि का वध किसके हाथों हुआ था?
(क) रावण
(ख) सुग्रीव
(ग) श्रीराम
(घ) मारीच
उत्तर. (ग) श्रीराम

606. मेघनाद का वध किसने किया था?
(क) लक्ष्मण
(ख) श्रीराम
(ग) हनुमान
(घ) अंगद
उत्तर. (क) लक्ष्मण

607. खर-दूषण को किसने मारा था?
(क) भरत
(ख) लक्ष्मण
(ग) श्रीराम
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ग) श्रीराम

608. रावण का वध किसने किया था?
(क) लक्ष्मण
(ख) श्रीराम
(ग) विभीषण
(घ) हनुमान
उत्तर. (ख) श्रीराम

609. कुंभकर्ण को किसने मारा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) हनुमान
(ग) सुग्रीव
(घ) श्रीराम
उत्तर. (घ) श्रीराम

610. ताड़का राक्षसी का वध किसने किया था?
(क) दशरथ
(ख) जनक
(ग) लक्ष्मण
(घ) श्रीराम

उत्तर. (घ) श्रीराम

611. लवणासुर का वध किसने किया था?
(क) शत्रुघ्न
(ख) भरत
(ग) लक्ष्मण
(घ) चंद्रकेतु
उत्तर. (क) शत्रुघ्न

612. सुबाहु राक्षस किसके हाथों मारा गया था?
(क) श्रीराम
(ख) लक्ष्मण
(ग) सुग्रीव
(घ) नील
उत्तर. (क) श्रीराम

613. मारीच को किसने मारा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) हनुमान
(ग) विश्वामित्र
(घ) श्रीराम
उत्तर. (घ) श्रीराम

614. कालनेमि (राक्षस) को किसने मारा था?
(क) श्रीराम
(ख) हनुमान
(ग) परशुराम
(घ) बालि
उत्तर. (ख) हनुमान

615. सिंहिका राक्षसी को किसने मारा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) भरत
(ग) मेघनाद
(घ) हनुमान
उत्तर. (घ) हनुमान

616. शंबूक का वध किसने किया था?
(क) श्रीराम
(ख) लक्ष्मण
(ग) विश्वामित्र
(घ) दशरथ
उत्तर. (क) श्रीराम

617. दुंदुभि दैत्य को किसने मारा था?
(क) मेघनाद
(ख) लक्ष्मण

(ग) बालि
(घ) हनुमान
उत्तर. (ग) बालि

618. सुंद दैत्य को किस मुनि ने शाप देकर मार डाला था?
(क) अगस्त्य
(ख) वाल्मीकि
(ग) जाबालि
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) अगस्त्य

619. विराध राक्षस का वध किसने किया था?
(क) शत्रुघ्न-भरत
(ख) लव-कुश
(ग) हनुमान-अंगद
(घ) राम-लक्ष्मण
उत्तर. (घ) राम-लक्ष्मण

620. अकंपन राक्षस का वध किसने किया था?
(क) श्रीराम
(ख) अंगद
(ग) हनुमान
(घ) नल
उत्तर. (ग) हनुमान

621. अग्निकेतु राक्षस को किसने मारा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) श्रीराम
(ग) भरत
(घ) हनुमान
उत्तर. (ख) श्रीराम

622. अतिकाय राक्षस का वध किसने किया था?
(क) हनुमान
(ख) लक्ष्मण
(ग) अंगद
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ख) लक्ष्मण

623. प्रहस्त का वध किसने किया था?
(क) नील
(ख) अंगद
(ग) सुग्रीव
(घ) हनुमान
उत्तर. (क) नील

624. रावण के सेनापति प्रघस को किसने मारा था?

(क) केसरी
(ख) सुग्रीव
(ग) बालि
(घ) अंगद
उत्तर. (ख) सुग्रीव

625. निकुंभ का वध किसने किया था?
(क) हनुमान
(ख) लक्ष्मण
(ग) शत्रुघ्न
(घ) लव
उत्तर. (क) हनुमान

626. वृत्रासुर को किसने मारा था?
(क) शिव
(ख) श्रीराम
(ग) हनुमान
(घ) इंद्र
उत्तर. (घ) इंद्र

627. रावण के एक सेनापति विरूपाक्ष को किसने मारा था?
(क) हनुमान
(ख) मेघनाद
(ग) लक्ष्मण
(घ) श्रीराम
उत्तर. (क) हनुमान

628. रावण के एक सेनापति दुर्धर का वध किसने किया था?
(क) लक्ष्मण
(ख) अंगद
(ग) हनुमान
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ग) हनुमान

629. रावण के एक सेनापति यूपाक्ष को किसने मारा था?
(क) सुग्रीव
(ख) नल
(ग) हनुमान
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ग) हनुमान

630. रावण के एक सेनापति भासकर्ण का वध किसने किया था?
(क) श्रीराम
(ख) हनुमान
(ग) शत्रुघ्न
(घ) विभीषण
उत्तर. (ख) हनुमान

631. शंबरासुर का वध किसने किया था?
(क) इंद्र
(ख) श्रीराम
(ग) विष्णु
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (क) इंद्र

632. रावण-पुत्र देवांतक को किसने मारा था?
(क) श्रीराम
(ख) लक्ष्मण
(ग) हनुमान
(घ) अंगद
उत्तर. (ग) हनुमान

633. रावण-पुत्र नरांतक का वध किसने किया था?
(क) नल
(ख) अंगद
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ख) अंगद

634. राक्षस-प्रमुख यज्ञकोप का वध किसने किया था?
(क) रावण
(ख) लक्ष्मण
(ग) विभीषण
(घ) श्रीराम
उत्तर. (घ) श्रीराम

635. शंबर दैत्य को किसने मारा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) हनुमान
(ग) श्रीराम
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ग) श्रीराम

636. सर्पास्य राक्षस का वध किसने किया था?
(क) लक्ष्मण
(ख) श्रीराम
(ग) भरत
(घ) अंगद
उत्तर. (ख) श्रीराम

637. प्रहस्त-पुत्र जंबुमाली का वध किसने किया था?
(क) सुग्रीव
(ख) गंधमादन
(ग) हनुमान
(घ) जांबवान्

उत्तर. (ग) हनुमान

638. रश्मिकेतु राक्षस को किसने मारा था?
(क) श्रीराम
(ख) मेघनाद
(ग) रावण
(घ) हनुमान
उत्तर. (क) श्रीराम

639. रुधिराशन राक्षस को किसने मारा था?
(क) विष्णु
(ख) इंद्र
(ग) श्रीराम
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (ग) श्रीराम

640. किस देवता ने कामदेव को जलाकर भस्म कर दिया था?
(क) ब्रह्मा
(ख) विष्णु
(ग) इंद्र
(घ) शिव
उत्तर. (घ) शिव

641. त्रिपुरासुर का वध किसने किया था?
(क) शिव
(ख) राम
(ग) लक्ष्मण
(घ) इंद्र
उत्तर. (क) शिव

642. विहंगम राक्षस, जो खर का साथी था, को किसने मारा था?
(क) दशरथ
(ख) श्रीराम
(ग) मेघनाद
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (ख) श्रीराम

643. मय राक्षस का वध किसने किया था?
(क) श्रीराम
(ख) भरत
(ग) इंद्र
(घ) हनुमान
उत्तर. (ग) इंद्र

644. कबंध राक्षस को किसने मारा था?
(क) बालि
(ख) अंगद

(ग) हनुमान
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (क) बालि

645. राजा सुधन्वा का वध किसने किया था?
(क) दशरथ
(ख) रावण
(ग) लवणासुर
(घ) जनक
उत्तर. (घ) जनक

646. परधाम-गमन हेतु श्रीराम ने किस नदी में जल-समाधि ली थी?
(क) गंगा
(ख) सरयू
(ग) तमसा
(घ) गोमती
उत्तर. (ख) सरयू

❑

# 11

# राज्याधिपति

647. अयोध्या के प्रथम राजा कौन थे?
(क) दिलीप
(ख) दशरथ
(ग) इक्ष्वाकु
(घ) रघु
उत्तर. (ग) इक्ष्वाकु

648. दशरथ कहाँ के राजा थे?
(क) मिथिला
(ख) लंका
(ग) कैकय
(घ) अयोध्या
उत्तर. (घ) अयोध्या

649. रावण कहाँ का राजा था?
(क) कैकय
(ख) अलकापुरी
(ग) लंका
(घ) माहिष्मती
उत्तर. (ग) लंका

650. बालि (वानर) कहाँ का राजा था?
(क) माहिष्मती
(ख) किष्किंधा
(ग) अलकापुरी
(घ) अहिच्छत्र
उत्तर. (ख) किष्किंधा

651. जनक कहाँ के राजा थे?
(क) केकय
(ख) अलकापुरी
(ग) मिथिला
(घ) अयोध्या
उत्तर. (ग) मिथिला

652. लव कहाँ के राजा थे?
(क) केकय
(ख) कुंडिनपुर
(ग) अहिच्छत्र
(घ) श्रावस्ती
उत्तर. (घ) श्रावस्ती

653. कुश कहाँ के राजा थे?
(क) कुशस्थली
(ख) कौशांबी
(ग) मगध
(घ) लवपुर
उत्तर. (क) कुशस्थली

654. सहस्रार्जुन कहाँ का राजा था?
(क) मधुपुर
(ख) लंका
(ग) अयोध्या
(घ) माहिष्मती
उत्तर. (घ) माहिष्मती

655. निषादराज गुह कहाँ के राजा थे?
(क) चित्रकूट
(ख) शृंगवेरपुर
(ग) मलयगिरि
(घ) पाटलिपुत्र
उत्तर. (ख) शृंगवेरपुर

656. अलकापुरी का राजा कौन था?
(क) मय
(ख) कुबेर
(ग) रावण
(घ) विभीषण
उत्तर. (ख) कुबेर

657. पूरु कहाँ के राजा थे?
(क) काशी
(ख) माहिष्मती
(ग) लंका
(घ) विदेह
उत्तर. (क) काशी

658. कांपिल्य का राजा कौन था?
(क) ब्रह्मदत्त
(ख) उच्छिन्न
(ग) धर्मदत्त
(घ) वसुदत्त
उत्तर. (क) ब्रह्मदत्त

659. गय, जिसने रावण की अधीनता स्वीकार कर ली थी, कहाँ का राजा था?
(क) विदेह
(ख) काशी
(ग) गया
(घ) कुशस्थली

उत्तर. (ग) गया

660. लवणासुर कहाँ का राजा था?
(क) गया
(ख) मधुपुर
(ग) काशी
(घ) लंका
उत्तर. (ख) मधुपुर

661. रोमपाद कहाँ के राजा थे?
(क) अंगदेश
(ख) कांपिल्य
(ग) कौशांबी
(घ) लवपुर
उत्तर. (क) अंगदेश

662. अंबरीष कहाँ के राजा थे?
(क) लंका
(ख) गया
(ग) अयोध्या
(घ) काशी
उत्तर. (ग) अयोध्या

663. प्राप्तिज्ञ कहाँ के राजा थे?
(क) मधुपुर
(ख) मगध
(ग) केकय
(घ) मिथिला
उत्तर. (ख) मगध

664. कारुपथ का राजा इनमें से कौन था?
(क) चंद्रकेतु
(ख) कुश
(ग) अंगद
(घ) भरत
उत्तर. (ग) अंगद

665. अश्वपति कहाँ के राजा थे?
(क) केकय
(ख) गया
(ग) मगध
(घ) लंका
उत्तर. (क) केकय

666. भानुमान कहाँ के राजा थे?
(क) मधुपुर
(ख) माहिष्मती

(ग) कोशल
(घ) किष्किंधा
उत्तर. (ग) कोशल

667. श्रीराम के पश्चात् अयोध्या का राजा कौन बना था?
(क) लव
(ख) कुश
(ग) चंद्रकेतु
(घ) अंगद
उत्तर. (ख) कुश

668. रावण के पहले लंका का राजा कौन था?
(क) सहस्रबाहु अर्जुन
(ख) बालि
(ग) कुबेर
(घ) मय
उत्तर. (ग) कुबेर

669. रावण के वध के पश्चात् लंका का राजा कौन बना था?
(क) माल्यवान्
(ख) विभीषण
(ग) शत्रुघ्न
(घ) कुबेर
उत्तर. (ख) विभीषण

670. बालि की मृत्यु के पश्चात् किष्किंधा का राजा कौन बना था?
(क) अंगद
(ख) सुग्रीव
(ग) हनुमान
(घ) नील
उत्तर. (ख) सुग्रीव

671. सुग्रीव के पश्चात् किष्किंधा का राजा कौन बना था?
(क) अंगद
(ख) शत्रुघ्न
(ग) विभीषण
(घ) बालि
उत्तर. (क) अंगद

672. लवणासुर के वध के पश्चात् मधुपुर का राजा कौन बना था?
(क) विभीषण
(ख) लक्ष्मण
(ग) भरत
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (घ) शत्रुघ्न

673. श्रीराम के अयोध्या का राजा बनने पर युवराज कौन बना था?

(क) लक्ष्मण
(ख) भरत
(ग) शत्रुघ्न
(घ) लव
उत्तर. (ख) भरत

❑

# 12

# अंशावतार

674. श्रीराम किसका अंशावतार थे?
(क) इंद्र
(ख) सूर्य
(ग) विष्णु
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (ग) विष्णु

675. सीता किसका अवतार थीं?
(क) सती
(ख) लक्ष्मी
(ग) सरस्वती
(घ) शक्ति
उत्तर. (ख) लक्ष्मी

676. रावण किसका अवतार था?
(क) हिरण्यकशिपु
(ख) बलंधर
(ग) भस्मासुर
(घ) पुलस्त्य
उत्तर. (क) हिरण्यकशिपु

677. लक्ष्मण किसका अवतार थे?
(क) शेष
(ख) विष्णु
(ग) अग्नि
(घ) सूर्य
उत्तर. (क) शेष

678. हनुमान किसके अंश से उत्पन्न हुए थे?
(क) धर्म
(ख) वायु देव
(ग) अश्विनीकुमार
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (ख) वायु देव

679. श्रीराम में विष्णु का कितना अंश था?
(क) पूर्णांश
(ख) अर्धांश
(ग) तृतीयांश
(घ) चतुर्थांश
उत्तर. (ख) अर्धांश

680. लक्ष्मण में विष्णुजी का कितना अंश था?
(क) चतुर्थांश
(ख) अर्धांश
(ग) अष्टमांश
(घ) तृतीयांश
उत्तर. (ग) अष्टमांश

681. शत्रुघ्न में विष्णुजी का कितना अंश था?
(क) अष्टमांश
(ख) तृतीयांश
(ग) चतुर्थांश
(घ) अर्धांश
उत्तर. (क) अष्टमांश

682. भरत में किस देवता का चतुर्थांश था?
(क) ब्रह्मा
(ख) शिव
(ग) विष्णु
(घ) वायु देव
उत्तर. (ग) विष्णु

683. वानर वीर अंगद किसके अंश से जनमे थे?
(क) बृहस्पति
(ख) अग्नि
(ग) विश्वकर्मा
(घ) वरुण
उत्तर. (क) बृहस्पति

684. राजा दशरथ किसके अवतार थे?
(क) इंद्र
(ख) वरुण
(ग) धर्म
(घ) स्वायंभुव मनु
उत्तर. (घ) स्वायंभुव मनु

685. बालि किसके अंश से उत्पन्न था?
(क) सूर्य
(ख) इंद्र
(ग) धर्म
(घ) वायु देव
उत्तर. (ख) इंद्र

686. सुग्रीव किसके अंश से जनमे थे?
(क) सूर्य
(ख) वायु देव
(ग) इंद्र
(घ) धर्म

उत्तर. (क) सूर्य

687. कपिल मुनि किसके अंशावतार थे?
(क) ब्रह्मा
(ख) महेश
(ग) विष्णु
(घ) इंद्र
उत्तर. (ग) विष्णु

688. महर्षि परशुराम किसके अंशावतार थे?
(क) विष्णु
(ख) शिव
(ग) वरुण
(घ) अग्नि
उत्तर. (क) विष्णु

689. वानर यूथपति श्वेत का जन्म किसके अंश से हुआ था?
(क) इंद्र
(ख) अग्नि
(ग) शिव
(घ) सूर्य
उत्तर. (घ) सूर्य

690. केसरी (वानर) किसके अंश से जनमे थे?
(क) सूर्य
(ख) वायु देव
(ग) बृहस्पति
(घ) अग्नि
उत्तर. (ग) बृहस्पति

691. सुषेण (वानर) किसके अंश से जनमा था?
(क) वरुण
(ख) ब्रह्मा
(ग) शिव
(घ) इंद्र
उत्तर. (क) वरुण

692. वानर यूथपति दधिमुख में किसका अंश था?
(क) वरुण
(ख) इंद्र
(ग) सूर्य
(घ) चंद्रमा
उत्तर. (घ) चंद्रमा

693. मैंद (वानर) किसके अंश से उत्पन्न था?
(क) ब्रह्मा
(ख) अश्विनीकुमार

(ग) सूर्य
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) अश्विनीकुमार

694. गंधमादन (वानर) को किसने अपने अंश से उत्पन्न किया था?
(क) कुबेर
(ख) वरुण
(ग) शिव
(घ) चंद्रमा
उत्तर. (क) कुबेर

695. वानर यूथपति द्विविद किसके अंश से जनमा था?
(क) अश्विनीकुमार
(ख) विष्णु
(ग) वायु देव
(घ) धर्म
उत्तर. (क) अश्विनीकुमार

696. वानर यूथपति तार किसके अंश से जनमे थे?
(क) इंद्र
(ख) चंद्रमा
(ग) बृहस्पति
(घ) सूर्य
उत्तर. (ग) बृहस्पति

697. वानर यूथपति ज्योतिर्मुख किस देवता के अंश से उत्पन्न था?
(क) अग्नि
(ख) सूर्य
(ग) वायु देव
(घ) शनि
उत्तर. (ख) सूर्य

698. गज, गवाक्ष और गवय (वानर)—ये किसके अंश से जनमे थे?
(क) ब्रह्मा
(ख) बृहस्पति
(ग) यमराज
(घ) वायुदेव
उत्तर. (ग) यमराज

699. वेगदर्शी (वानर) किसका अंश था?
(क) मृत्यु
(ख) वरुण
(ग) अग्नि
(घ) इंद्र
उत्तर. (क) मृत्यु

700. हेमकूट (वानर) किसके अंश से जनमा था?

(क) इंद्र
(ख) वायुदेव
(ग) बृहस्पति
(घ) वरुण
उत्तर. (घ) वरुण

❑

# 13

# इनमें से

701. इनमें से किसने श्रीराम की सेना-हेतु लंका जाने के लिए समुद्र पर पुल बाँधा था?
(क) हनुमान
(ख) अंगद
(ग) नल
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ग) नल

702. इनमें से कौन रावण को पराजित नहीं कर पाया?
(क) बालि
(ख) सहस्रार्जुन
(ग) श्रीराम
(घ) कुबेर
उत्तर. (घ) कुबेर

703. इनमें से राजा दशरथ का पुत्रेष्टि यज्ञ किसने करवाया था?
(क) ऋष्यशृंग
(ख) भरद्वाज
(ग) विश्वामित्र
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) ऋष्यशृंग

704. इनमें से कौन ऋषि थे जो राजा दशरथ के गुरु तथा मंत्री थे?
(क) जाबालि
(ख) परशुराम
(ग) भरद्वाज
(घ) वाल्मीकि
उत्तर. (क) जाबालि

705. लंका-दहन के दौरान इनमें से किसके भवन में हनुमानजी ने आग नहीं लगाई थी?
(क) सुषेण
(ख) कुंभकर्ण
(ग) विभीषण
(घ) प्रहस्त
उत्तर. (ग) विभीषण

706. इनमें से चिरजीवी कौन माना जाता है?
(क) अंगद
(ख) हनुमान
(ग) मेघनाद
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (ख) हनुमान

707. इनमें से कौन चिरजीवी नहीं माना जाता है?
(क) हनुमान
(ख) विभीषण
(ग) अंगद
(घ) परशुराम
उत्तर. (ग) अंगद

708. इनमें से किसे अपमानित कर रावण ने लंका से निकाल दिया था?
(क) प्रघस
(ख) प्रहस्त
(ग) विभीषण
(घ) मारीच
उत्तर. (ग) विभीषण

709. इनमें से कौन है, जो भेद लेने के लिए वानर का रूप धारण कर श्रीराम की वानरी सेना में जा घुसा था?
(क) प्रहस्त
(ख) अक्ष
(ग) निकुंभ
(घ) सारण
उत्तर. (घ) सारण

710. इनमें से कौन श्रीराम का दूत बनकर लंका गया था?
(क) सुग्रीव
(ख) हनुमान
(ग) अंगद
(घ) नल
उत्तर. (ग) अंगद

711. इनमें से कौन है जो हास्यकार था और श्रीराम के साथ उनके मनोरंजन हेतु रहता था?
(क) द्विविद
(ख) मैंद
(ग) सुराजि
(घ) तार
उत्तर. (ग) सुराजि

712. इनमें से किस वीर ने श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ के अश्व को पकड़ने का साहस किया था?
(क) लव
(ख) लवणासुर
(ग) मेघनाद
(घ) सुबाहु
उत्तर. (क) लव

713. इनमें से किस ऋषि के साथ विश्वामित्र का भयंकर युद्ध हुआ था?
(क) वसिष्ठ
(ख) अगस्त्य
(ग) अत्रि
(घ) याज्ञवल्क्य

उत्तर. (क) वसिष्ठ

714. इनमें से कौन ऋषि हैं जो एक शरीर से अयोध्या में रहते हुए भी दूसरे शरीर से सप्तर्षि मंडल में रहते थे?
(क) विश्वामित्र
(ख) भरद्वाज
(ग) वसिष्ठ
(घ) परशुराम
उत्तर. (ग) वसिष्ठ

715. इनमें से कौन एक ही माता से जनमे हैं?
(क) राम-लक्ष्मण
(ख) भरत-शत्रुघ्न
(ग) राम-भरत
(घ) लक्ष्मण-शत्रुघ्न
उत्तर. (घ) लक्ष्मण-शत्रुघ्न

716. इनमें से कौन जुड़वाँ जनमे थे?
(क) राम-लक्ष्मण
(ख) भरत-शत्रुघ्न
(ग) रावण-अहिरावण
(घ) लव-कुश
उत्तर. (घ) लव-कुश

717. इनमें से कौन अविवाहित था?
(क) जनक
(ख) हनुमान
(ग) सुग्रीव
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (ख) हनुमान

718. इनमें से जटायु का भाई कौन है?
(क) संपाति
(ख) गरुड
(ग) वासुकि
(घ) मकराक्ष
उत्तर. (क) संपाति

719. इनमें से किसने श्रीराम को सीता-हरण का समाचार दिया था?
(क) हनुमान
(ख) जटायु
(ग) अंगद
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ख) जटायु

720. इनमें से कौन थी जिसके जूठे बेर श्रीराम ने खाए थे?
(क) अहल्या
(ख) अनसूया

(ग) शबरी
(घ) त्रिजटा
उत्तर. (ग) शबरी

721. इनमें से आदि कवि किसे कहा जाता है?
(क) वाल्मीकि
(ख) भवभूति
(ग) विश्वामित्र
(घ) तुलसीदास
उत्तर. (क) वाल्मीकि

722. इनमें से 'दशानन' किसका नाम था?
(क) मेघनाद
(ख) विभीषण
(ग) कुंभकर्ण
(घ) रावण
उत्तर. (घ) रावण

723. इनमें से 'अयोनिजा' कौन थी?
(क) कौशल्या
(ख) सीता
(ग) अहल्या
(घ) सुलोचना
उत्तर. (ख) सीता

724. इनमें से 'विदेह' किसका नाम था?
(क) दशरथ
(ख) विभीषण
(ग) जनक
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (ग) जनक

725. इनमें से किस मुनि के साथ महर्षि विश्वामित्र की बहन सत्यवती का विवाह हुआ था?
(क) वसिष्ठ
(ख) ऋचीक
(ग) अत्रि
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (ख) ऋचीक

726. इनमें से कौन था जो गंगा को पृथ्वी पर लाया था?
(क) अंशुमान्
(ख) सगर
(ग) असमंज
(घ) भगीरथ
उत्तर. (घ) भगीरथ

727. इनमें से राजा दशरथ का मंत्री कौन था?

(क) संजय
(ख) अकोप
(ग) शतानंद
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ख) अकोप

728. इनमें से देवताओं का सेनापति कौन बना था?
(क) गणेश
(ख) अर्जुन
(ग) भगीरथ
(घ) कार्त्तिकेय
उत्तर. (घ) कार्त्तिकेय

729. इनमें से किस राक्षसी ने राक्षसों के विनाश तथा श्रीराम की विजय का स्वप्न देखा था?
(क) त्रिजटा
(ख) सुरसा
(ग) ताड़का
(घ) पूतना
उत्तर. (क) त्रिजटा

730. इनमें से किसको उसकी पूँछ में आग लगाकर राक्षसों ने दंडित किया था?
(क) अंगद
(ख) सुग्रीव
(ग) नल
(घ) हनुमान
उत्तर. (घ) हनुमान

731. इनमें से किसने 'वैष्णव' धनुष का निर्माण किया था?
(क) विश्वकर्मा
(ख) मय
(ग) इंद्र
(घ) शिव
उत्तर. (क) विश्वकर्मा

732. इनमें से किसने शिव धनुष का निर्माण किया था?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) परशुराम
(ग) विश्वकर्मा
(घ) जनक
उत्तर. (ग) विश्वकर्मा

733. इनमें से 'श्रीरामचरितमानस' का रचयिता कौन है?
(क) वाल्मीकि
(ख) तुलसीदास
(ग) भवभूति
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (ख) तुलसीदास

734. इनमें से लक्ष्मण ने किस राक्षसी के नाक-कान काट लिये थे?
(क) लंकिनी
(ख) अयोमुखी
(ग) प्रघसा
(घ) त्रिजटा
उत्तर. (ख) अयोमुखी

735. इनमें से लक्ष्मण ने किस राक्षसी के नाक-कान नहीं काटे थे?
(क) अयोमुखी
(ख) ताड़का
(ग) त्रिजटा
(घ) शूर्पणखा
उत्तर. (ग) त्रिजटा

736. इनमें से कौन तैंतीस वैदिक देवताओं की माता थी?
(क) शतरूपा
(ख) अदिति
(ग) अरुंधती
(घ) शची
उत्तर. (ख) अदिति

737. इनमें से वह कौन योद्धा था, जो गोह के चमड़े से बने दस्ताने पहनकर युद्ध करता था?
(क) मेघनाद
(ख) प्रहस्त
(ग) सुग्रीव
(घ) बालि
उत्तर. (क) मेघनाद

738. इनमें से कौन दो भाई थे जिनकी मुखाकृति समान थी?
(क) राम-लक्ष्मण
(ख) बालि-सुग्रीव
(ग) खर-दूषण
(घ) भरत-शत्रुघ्न
उत्तर. (ख) बालि-सुग्रीव

739. इनमें से 'वैश्रवण' किसका नाम था?
(क) कुबेर
(ख) विश्वामित्र
(ग) हनुमान
(घ) जांबवान्
उत्तर. (क) कुबेर

740. इनमें से किसकी पीठ पर बैठकर श्रीराम ने रावण से युद्ध किया था?
(क) सुग्रीव
(ख) नल
(ग) हनुमान
(घ) नील

उत्तर. (ग) हनुमान

741. इनमें से 'सिंधुजा' किसका नाम है?
(क) लक्ष्मी
(ख) सीता
(ग) मंदोदरी
(घ) रूमा
उत्तर. (क) लक्ष्मी

742. इनमें से किस स्तोत्र की रचना रावण ने की थी?
(क) महिम्न स्तोत्र
(ख) रामरक्षा स्तोत्र
(ग) शिवतांडव स्तोत्र
(घ) विष्णु महिम्न स्तोत्र
उत्तर. (ग) शिवतांडव स्तोत्र

743. इनमें से किसका नाम 'एकाक्षपिंगली' भी था?
(क) कुबेर
(ख) विभीषण
(ग) भरत
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (क) कुबेर

744. इनमें कौन देवासुर संग्राम में राजा दशरथ के साथ गई थी?
(क) कौशल्या
(ख) सुमित्रा
(ग) कैकेयी
(घ) मंथरा
उत्तर. (ग) कैकेयी

745. इनमें से किसे 'बजरंगबली' भी कहा जाता है?
(क) सुग्रीव
(ख) लक्ष्मण
(ग) शिव
(घ) हनुमान
उत्तर. (घ) हनुमान

746. इनमें से किसे 'महादेव' भी कहा जाता है?
(क) गणेश
(ख) शिव
(ग) ब्रह्मा
(घ) विष्णु
उत्तर. (ख) शिव

747. प्लक्ष इनमें से किसका मंत्री था?
(क) रावण
(ख) दशरथ

(ग) जनक
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (घ) सुग्रीव

748. इनमें से कौन ऋषि हैं जो सदैव वीणा लिये रहते थे?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) नारद
(ग) परशुराम
(घ) धौम्य
उत्तर. (ख) नारद

749. इनमें से कौन है जो 'नारायण-नारायण' कहता हुआ तीनों लोकों में विचरण करता था?
(क) विश्वामित्र
(ख) गौतम
(ग) नारद
(घ) दुर्वासा
उत्तर. (ग) नारद

750. महर्षि वाल्मीकि को 'रामायण' की रचना के लिए इनमें से किसने कहा था?
(क) ब्रह्मा
(ख) श्रीराम
(ग) शिव
(घ) नारद
उत्तर. (घ) नारद

751. इनमें से रावण का आराध्य देव कौन था?
(क) शिव
(ख) विष्णु
(ग) इंद्र
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (क) शिव

752. इनमें से विष्णु का अवतार कौन है?
(क) लक्ष्मण
(ख) हनुमान
(ग) परशुराम
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ग) परशुराम

753. इनमें से किसका नाम 'गिरिजा' है?
(क) सीता
(ख) पार्वती
(ग) मंदोदरी
(घ) सुलोचना
उत्तर. (ख) पार्वती

754. इनमें से किसने गायत्री मंत्र की रचना की थी?

(क) वाल्मीकि
(ख) वसिष्ठ
(ग) भरद्वाज
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (घ) विश्वामित्र

755. इनमें से रीछों का अधिपति कौन था?
(क) धूम्र
(ख) धूम्राक्ष
(ग) धूम्रकेतु
(घ) धूम्रसेन
उत्तर. (क) धूम्र

756. 'रामरक्षास्तोत्र' में इनमें से किसकी आराधना की गई है?
(क) शिव
(ख) श्रीराम
(ग) गणेश
(घ) हनुमान
उत्तर. (ख) श्रीराम

757. इनमें से विष्णु का वाहन कौन है?
(क) उल्लू
(ख) हिरण
(ग) गरुड
(घ) नंदी (बैल)
उत्तर. (ग) गरुड

758. इनमें से शिव का वाहन कौन है?
(क) चूहा
(ख) नंदी (बैल)
(ग) मयूर
(घ) तोता
उत्तर. (ख) नंदी (बैल)

759. इनमें से किसका वाहन महिष (भैंसा) है?
(क) यमराज
(ख) वरुण
(ग) सूर्य
(घ) वायु
उत्तर. (क) यमराज

760. इनमें से किसका वाहन हंस है?
(क) लक्ष्मी
(ख) सरस्वती
(ग) विष्णु
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) सरस्वती

761. इनमें से किसका वाहन उलूक (उल्लू) है?
(क) इंद्र
(ख) लक्ष्मी
(ग) वरुण
(घ) शनि
उत्तर. (ख) लक्ष्मी

762. इनमें से कार्त्तिकेय का वाहन कौन है?
(क) मयूर
(ख) चूहा
(ग) नंदी (बैल)
(घ) गरुड
उत्तर. (क) मयूर

763. इनमें से कामदेव का वाहन कौन है?
(क) हिरण
(ख) मयूर
(ग) कपोत
(घ) शुक (तोता)
उत्तर. (घ) शुक (तोता)

764. इनमें से कौन ऋषि सप्तर्षियों में नहीं माने जाते हैं?
(क) जगदग्नि
(ख) याज्ञवल्क्य
(ग) वसिष्ठ
(घ) कश्यप
उत्तर. (ख) याज्ञवल्क्य

765. इनमें से कौन आदि राक्षसों में है?
(क) रावण
(ख) सुंद
(ग) हिरण्यकशिपु
(घ) हेति
उत्तर. (घ) हेति

766. इनमें से किससे देवताओं ने रावण-वध का उपाय करने को कहा था?
(क) विष्णु
(ख) इंद्र
(ग) दशरथ
(घ) नारद
उत्तर. (क) विष्णु

767. राष्ट्रवर्द्धन इनमें से किसका मंत्री था?
(क) विभीषण
(ख) जनक
(ग) दशरथ
(घ) रावण

उत्तर. (ग) दशरथ

768. इनमें से किसने लव-कुश को रामायण काव्य का पारायण कराया था?
(क) विश्वामित्र
(ख) याज्ञवल्क्य
(ग) वाल्मीकि
(घ) वसिष्ठ
उत्तर. (ग) वाल्मीकि

769. परमधाम-गमन के समय श्रीराम ने इनमें से किसे भूतल पर ही रहने का आदेश दिया था?
(क) मैंद
(ख) नल
(ग) जांबवान्
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ग) जांबवान्

770. ब्रह्माजी इनमें से किसकी नाभि-नाल से उत्पन्न हुए थे?
(क) शिव
(ख) विष्णु
(ग) अदिति
(घ) लक्ष्मी
उत्तर. (ख) विष्णु

771. इनमें से कौन देवता हैं जो सृष्टि-रचना का कार्य करते हैं?
(क) इंद्र
(ख) शिव
(ग) ब्रह्मा
(घ) विष्णु
उत्तर. (ग) ब्रह्मा

772. इनमें से कौन राक्षस था जो धर्मात्मा था?
(क) महोदर
(ख) विभीषण
(ग) कुंभकर्ण
(घ) दूषण
उत्तर. (ख) विभीषण

773. इनमें से किस देवता ने लंका में सीताजी को हविष्यान्न खिलाया था?
(क) शनि
(ख) सूर्य
(ग) वरुण
(घ) इंद्र
उत्तर. (घ) इंद्र

774. इनमें से जांबवान् का भाई कौन था?
(क) वज्र
(ख) जृंभ

(ग) धूम्र
(घ) प्रहस्त
उत्तर. (ग) धूम्र

775. इनमें से कौन छठे अंतरिक्ष में निवास करता है?
(क) गरुड
(ख) कुबेर
(ग) कामदेव
(घ) यम
उत्तर. (क) गरुड

776. इनमें से कौन देवता रावण का भाई था?
(क) वरुण
(ख) वायु
(ग) कुबेर
(घ) यम
उत्तर. (ग) कुबेर

777. श्रीराम ने इनमें से किस वानर से कहा था कि वह कलियुग की समाप्ति तक जीवित रहेगा?
(क) अंगद
(ख) द्विविद
(ग) नल
(घ) हनुमान
उत्तर. (ख) द्विविद

778. इनमें से किस देवता के चार मुख हैं?
(क) इंद्र
(ख) विष्णु
(ग) शिव
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (घ) ब्रह्मा

779. इनमें से कौन देवता त्रिनेत्रधारी हैं?
(क) शिव
(ख) वायु
(ग) अग्नि
(घ) सूर्य
उत्तर. (क) शिव

780. इनमें से किन दो भाइयों में शत्रुता थी?
(क) रावण-कुंभकर्ण
(ख) बालि-सुग्रीव
(ग) खर-दूषण
(घ) जटायु-संपाति
उत्तर. (ख) बालि-सुग्रीव

781. इनमें से सती किसे कहा जाता है?

(क) अहल्या
(ख) मंदोदरी
(ग) श्रुतकीर्ति
(घ) सुलोचना
उत्तर. (घ) सुलोचना

782. इनमें से ‘पंक्तिरथ’ किसका नाम था?
(क) दशरथ
(ख) जनक
(ग) गय
(घ) विभीषण
उत्तर. (क) दशरथ

783. इनमें से किसकी गणना पंच कन्याओं में होती है?
(क) सुलोचना
(ख) रूमा
(ग) मंदोदरी
(घ) उर्मिला
उत्तर. (ग) मंदोदरी

784. इनमें से कौन थी जो अपने दूसरे जन्म में सीता के रूप में जनमी थी?
(क) हेमा
(ख) वेदवती
(ग) अरुंधती
(घ) अनसूया
उत्तर. (ख) वेदवती

785. इनमें से ‘महेंद्र’ किसे कहा जाता है?
(क) शत्रुघ्न
(ख) मेघनाद
(ग) इंद्र
(घ) हनुमान
उत्तर. (ग) इंद्र

786. इनमें से किस पतिव्रता की अग्निपरीक्षा ली गई थी?
(क) सुलोचना
(ख) मंदोदरी
(ग) अहल्या
(घ) सीता
उत्तर. (घ) सीता

787. इनमें से किस ऋषि में प्रतिसृष्टि के सर्जन की क्षमता थी?
(क) धौम्य
(ख) जाबालि
(ग) विश्वामित्र
(घ) दुर्वासा
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

788. इनमें से किन भाइयों का विवाह एक साथ हुआ था?
(क) राम-लक्ष्मण
(ख) भरत-शत्रुघ्न
(ग) राम-भरत
(घ) चारों भाइयों का
उत्तर. (घ) चारों भाइयों का

789. इनमें से किस ऋषि के परामर्श पर राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया था?
(क) वसिष्ठ
(ख) परशुराम
(ग) याज्ञवल्क्य
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) वसिष्ठ

790. इनमें से ‘नागमाता’ किसे कहते हैं?
(क) सुरसा
(ख) सिंहिका
(ग) त्रिजटा
(घ) मंदोदरी
उत्तर. (क) सुरसा

791. इनमें से किसका संबंध सूर्यवंश से था?
(क) जनक
(ख) रावण
(ग) दशरथ
(घ) सहस्रार्जुन
उत्तर. (ग) दशरथ

792. इनमें से वह कौन राजा है जो नक्षत्र होकर आकाश में प्रकाशित होता है?
(क) त्रिशंकु
(ख) दशरथ
(ग) गय
(घ) अंशुमान्
उत्तर. (क) त्रिशंकु

793. इनमें से कौन सा नाम है, जो रावण के पुत्र का भी था और उसके भाई का भी?
(क) त्रिशिरा
(ख) मेघनाद
(ग) दूषण
(घ) अक्षकुमार
उत्तर. (क) त्रिशिरा

794. इनमें से ‘उपेंद्र’ किसे कहा जाता है?
(क) शत्रुघ्न
(ख) लक्ष्मण
(ग) भरत
(घ) दशरथ

उत्तर. (ख) लक्ष्मण

795. इनमें से वह कौन सी महौषधि है जो शरीर में धँसे हुए बाण आदि को निकालकर घाव भरने और पीड़ा दूर करने के काम आती है?
(क) सावर्ण्यकरणी
(ख) विशल्यकरणी
(ग) संजीवकरणी
(घ) संधानी
उत्तर. (ख) विशल्यकरणी

796. इनमें से कौन सी महौषधि है, जो युद्ध के कारण रंगतहीन हुए शरीर में पहले की-सी रंगत ला देती है?
(क) संजीवकरणी
(ख) संधानी
(ग) सावर्ण्यकरणी
(घ) विशल्यकरणी
उत्तर. (ग) सावर्ण्यकरणी

797. इनमें से कौन सी महौषधि है, जो मूर्च्छा दूर कर चेतना प्रदान करती है?
(क) विशल्यकरणी
(ख) सावर्ण्यकरणी
(ग) संधानी
(घ) संजीवकरणी
उत्तर. (घ) संजीवकरणी

798. इनमें से कौन सी महौषधि है, जो टूटी हुई हड्डियों को जोड़ने के काम आती है?
(क) संधानी
(ख) विशल्यकरणी
(ग) संजीवकरणी
(घ) सावर्ण्यकरणी
उत्तर. (क) संधानी

799. श्रीराम ने इनमें से किसका परित्याग कर दिया था?
(क) शत्रुघ्न
(ख) भरत
(ग) लव
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (घ) लक्ष्मण

800. इनमें से कौन दो भाई गांधर्व विद्या (संगीत शास्त्र) के तत्त्वज्ञ थे?
(क) राम-लक्ष्मण
(ख) बालि-सुग्रीव
(ग) लव-कुश
(घ) नल-नील
उत्तर. (ग) लव-कुश

801. इनमें वानरराज कौन था?
(क) सुग्रीव

(ख) हनुमान
(ग) नल
(घ) मैंद
उत्तर. (क) सुग्रीव

802. इनमें गृद्धराज कौन था?
(क) जटायु
(ख) हनुमान
(ग) द्विविद
(घ) गुह
उत्तर. (क) जटायु

803. इनमें निषादराज कौन था?
(क) गय
(ख) सुमंत्र
(ग) गुह
(घ) संपाति
उत्तर. (ग) गुह

804. इनमें से कौन थी, जो गंधर्वराज शैलूष की पुत्री थी?
(क) ताड़का
(ख) लंकिनी
(ग) प्रघसा
(घ) सरमा
उत्तर. (घ) सरमा

❑

# 14

# विविध

805. ‘रामायण’ के रचयिता कौन थे?
(क) विश्वामित्र
(ख) वाल्मीकि
(ग) वसिष्ठ
(घ) परशुराम
उत्तर. (ख) वाल्मीकि

806. वाल्मीकीय रामायण किस भाषा में रचित है?
(क) अवधी
(ख) संस्कृत
(ग) भोजपुरी
(घ) ब्रज
उत्तर. (ख) संस्कृत

807. श्रीराम, सीता व लक्ष्मण को वनवास के लिए अयोध्या की सीमा तक छोड़ने कौन गया था?
(क) दशरथ
(ख) भरत
(ग) सुमंत्र
(घ) गुह
उत्तर. (ग) सुमंत्र

808. हनुमान के लंका जाते समय सीताजी के लिए श्रीराम ने कौन सी वस्तु अपनी पहचान के रूप में दी थी?
(क) भुजबंध
(ख) पुष्प
(ग) खड़ाऊँ
(घ) मुद्रिका (अँगूठी)
उत्तर. (घ) मुद्रिका (अँगूठी)

809. किसके यह बताने पर कि रावण की नाभि में अमृत है, श्रीराम रावण को मार सके थे?
(क) हनुमान
(ख) सुषेण
(ग) विभीषण
(घ) कुंभकर्ण
उत्तर. (ग) विभीषण

810. संजीवनी बूटी लाते समय हनुमानजी को मार्ग में ही किसने बाण से प्रहार कर गिरा दिया था?
(क) शत्रुघ्न
(ख) मेघनाद
(ग) भरत
(घ) रावण
उत्तर. (ग) भरत

811. सीता-हरण के पश्चात् जब श्रीराम-लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे तब उन्हें मार्ग में सीताजी के रूप में कौन मिला था?
(क) सती
(ख) अनसूया
(ग) अरुंधती
(घ) शूर्पणखा
उत्तर. (क) सती

812. वह कौन ऋषि थे जिन्होंने श्रीराम को वन-गमन से विमुख करने की चेष्टा की थी?
(क) वसिष्ठ
(ख) अत्रि
(ग) भरद्वाज
(घ) जाबालि
उत्तर. (घ) जाबालि

813. नाक-कान काटे जाने के बाद शूर्पणखा सबसे पहले अपने किस भाई के पास गई थी?
(क) रावण
(ख) विभीषण
(ग) कुंभकर्ण
(घ) खर
उत्तर. (घ) खर

814. श्रीराम और सीता ने वनवास के लिए प्रस्थान करते समय अपने सब बहुमूल्य वस्त्राभूषण किसे दान कर दिए थे?
(क) उपयाज
(ख) याज
(ग) सुयज्ञ
(घ) आरुणि
उत्तर. (ग) सुयज्ञ

815. श्रीराम जिस रथ पर सवार हो रावण से युद्ध कर रहे थे, वह किसने भेजा था?
(क) वायु
(ख) शिव
(ग) इंद्र
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (ग) इंद्र

816. रावण से युद्ध करते समय श्रीराम के रथ का सारथ्य कौन कर रहा था?
(क) भरत
(ख) अंगद
(ग) मातलि
(घ) विभीषण
उत्तर. (ग) मातलि

817. रावण का अंतिम संस्कार किसने किया था?
(क) खर
(ख) विभीषण

(ग) दूषण
(घ) कुंभकर्ण
उत्तर. (ख) विभीषण

818. श्रीराम के वनवास से लौटकर आने की सूचना भरत को किसने दी थी?
(क) अंगद
(ख) हनुमान
(ग) नल
(घ) विनत
उत्तर. (ख) हनुमान

819. ब्रह्मा से वर माँगते समय कुंभकर्ण की जिह्वा पर कौन देवी आकर विराजमान हो गई थीं?
(क) दुर्गा
(ख) सरस्वती
(ग) लक्ष्मी
(घ) पार्वती
उत्तर. (ख) सरस्वती

820. लंका जाने हेतु समुद्र पर सेतु बाँधते समय श्रीराम ने किस देवता की आराधना की थी?
(क) विष्णु
(ख) ब्रह्मा
(ग) शिव
(घ) वरुण
उत्तर. (ग) शिव

821. जिस दिन श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी उस दिन कौन सी तिथि थी?
(क) नवमी
(ख) दशमी
(ग) एकादशी
(घ) द्वादशी
उत्तर. (ख) दशमी

822. राजा दशरथ की रानियों में ज्येष्ठ कौन थीं?
(क) कैकेयी
(ख) सुमित्रा
(ग) कौशल्या
(घ) कोई नहीं
उत्तर. (ग) कौशल्या

823. जब रावण सीताजी का हरण कर ले जा रहा था तो उस समय रास्ते में उसका प्रतिरोध किस वीर ने किया था?
(क) जटायु
(ख) संपाति
(ग) हनुमान
(घ) अंगद
उत्तर. (क) जटायु

824. रावण का वह कौन सा भाई था जो श्रीराम की शरण में आ गया था?
(क) कुंभकर्ण
(ख) त्रिशिरा
(ग) विभीषण
(घ) खर
उत्तर. (ग) विभीषण

825. लंका को किसने जलाया था?
(क) हनुमान
(ख) अंगद
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (क) हनुमान

826. राक्षसों से यज्ञ की रक्षा हेतु राजा दशरथ से श्रीराम-लक्ष्मण को कौन ऋषि माँगकर ले गए थे?
(क) विश्वामित्र
(ख) वसिष्ठ
(ग) गालव
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (क) विश्वामित्र

827. अयोध्या का कुलगुरु कौन था?
(क) परशुराम
(ख) विश्वामित्र
(ग) वसिष्ठ
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (ग) वसिष्ठ

828. सीता स्वयंवर की क्या शर्त थी?
(क) शिव-धनुष उठाना
(ख) शिव-धनुष भंग करना
(ग) सीताजी को पराजित करना
(घ) जनक को पराजित करना
उत्तर. (क) शिव-धनुष उठाना

829. लंका जाकर सीताजी का पता किसने लगाया था?
(क) हनुमान
(ख) अंगद
(ग) सुग्रीव
(घ) जटायु
उत्तर. (क) हनुमान

830. अयोध्या में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न को शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा किसने दी थी?
(क) विश्वामित्र
(ख) वसिष्ठ
(ग) परशुराम
(घ) वाल्मीकि

उत्तर. (क) विश्वामित्र

831. दशरथ इनमें से किस वंश के थे?
(क) यदु वंश
(ख) कुरु वंश
(ग) पूरु वंश
(घ) रघुवंश
उत्तर. (घ) रघुवंश

832. श्रीराम का जन्म किस तिथि को हुआ था?
(क) सप्तमी
(ख) अष्टमी
(ग) नवमी
(घ) दशमी
उत्तर. (ग) नवमी

833. श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न में अपने क्रोधी स्वभाव के लिए कौन जाना जाता है?
(क) शत्रुघ्न
(ख) लक्ष्मण
(ग) राम
(घ) भरत
उत्तर. (ख) लक्ष्मण

834. सीता स्वयंवर हेतु जो धनुष प्रयोग किया गया था वह किसका था?
(क) परशुराम
(ख) शिव
(ग) जनक
(घ) विष्णु
उत्तर. (ख) शिव

835. वह कौन ऋषि थे जो सीता स्वयंवर में श्रीराम व लक्ष्मण पर क्रोधित हुए थे?
(क) विश्वामित्र
(ख) वसिष्ठ
(ग) वाल्मीकि
(घ) परशुराम
उत्तर. (घ) परशुराम

836. लव-कुश के गुरु कौन थे?
(क) वाल्मीकि
(ख) विश्वामित्र
(ग) कण्व
(घ) वसिष्ठ
उत्तर. (क) वाल्मीकि

837. अशोक वाटिका में सीताजी ने हनुमानजी को कौन सी वस्तु निशानी के रूप में दी थी?
(क) चूड़ामणि
(ख) मुद्रिका

(ग) पुष्प
(घ) स्वर्ण-मुद्रा
उत्तर. (क) चूड़ामणि

838. महर्षि वाल्मीकि किस वंश में उत्पन्न हुए थे?
(क) इक्ष्वाकु
(ख) भृगु
(ग) चंद्र
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (ख) भृगु

839. त्रिजटा राक्षसी विभीषण की क्या लगती थी?
(क) बुआ
(ख) नानी
(ग) चाची
(घ) बहन
उत्तर. (घ) बहन

840. लंका का निर्माण किसने किया था?
(क) विश्वकर्मा
(ख) रावण
(ग) कुबेर
(घ) सुमाली
उत्तर. (क) विश्वकर्मा

841. श्रीराम को वन से वापस अयोध्या लाने के लिए इनमें से कौन नहीं गया था?
(क) जनक
(ख) सुमंत्र
(ग) भरत
(घ) दशरथ
उत्तर. (घ) दशरथ

842. भरत ने अयोध्या के सिंहासन पर श्रीराम की कौन सी वस्तु रखकर उनके वापस आने तक राज्य चलाया था?
(क) मुद्रिका
(ख) पीतांबर
(ग) राजमुकुट
(घ) खड़ाऊँ
उत्तर. (घ) खड़ाऊँ

843. सीताजी का पता लगाने हेतु लंका जाते समय हनुमानजी का स्वागत किस पर्वत ने किया था?
(क) सुमेरु
(ख) मैनाक
(ग) मंदराचल
(घ) किष्किंधा
उत्तर. (ख) मैनाक

844. दशरथ की तीनों रानियों ने गर्भ-धारण हेतु किस वस्तु का सेवन किया था?
(क) जंबु फल
(ख) कदली फल
(ग) चरु
(घ) नारिकेल
उत्तर. (ग) चरु

845. श्रीराम-लक्ष्मण को बला और अतिबला विद्या का ज्ञान किसने कराया था?
(क) नारद
(ख) विश्वामित्र
(ग) वसिष्ठ
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (ख) विश्वामित्र

846. शुनःशेप की रक्षा किसने की थी?
(क) वाल्मीकि
(ख) अंबरीष
(ग) विश्वामित्र
(घ) त्रिशंकु
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

847. सिद्धार्थ अयोध्या में किस पद पर थे?
(क) मंत्री
(ख) महामात्य
(ग) गुप्तचर प्रमुख
(घ) सेना प्रमुख
उत्तर. (क) मंत्री

848. राजा दशरथ का सारथि कौन था?
(क) अधिरथ
(ख) सुमंत्र
(ग) शार्दूल
(घ) संजय
उत्तर. (ख) सुमंत्र

849. सीताजी का हरण करने रावण किस वेश में आया था?
(क) देव वेश
(ख) राक्षस वेश
(ग) साधु वेश
(घ) वानर वेश
उत्तर. (ग) साधु वेश

850. राजा दशरथ की वह कौन रानी थी जो उनके साथ युद्धों में भाग लेती थी?
(क) कैकेयी
(ख) कौशल्या
(ग) सुमित्रा
(घ) कोई नहीं

उत्तर. (क) कैकेयी

851. कुशनाभ की पुत्रियाँ किसके कोप से कुब्जा हो गई थीं?
(क) इंद्र
(ख) चंद्रमा
(ग) वायु
(घ) सूर्य
उत्तर. (ग) वायु

852. वनवास में श्रीराम आदि के शृंगवेरपुर पहुँचने पर किसने उनका स्वागत किया था?
(क) गय
(ख) गुह
(ग) प्राप्तिज्ञ
(घ) सुग्रीव
उत्तर. (ख) गुह

853. श्रीराम लक्ष्मण व सीता सहित वनवास के लिए किस वेश में गए थे?
(क) साधु वेश
(ख) वनवासी वेश
(ग) राजसी वेश
(घ) तपस्वी वेश
उत्तर. (घ) तपस्वी वेश

854. रामायण में किष्किंधाकांड के बाद कौन सा कांड आता है?
(क) अरण्यकांड
(ख) लंकाकांड
(ग) सुंदरकांड
(घ) अयोध्याकांड
उत्तर. (ग) सुंदरकांड

855. वह कौन राक्षस था जिसने रावण को सीता-हरण की सलाह दी थी?
(क) मारीच
(ख) अकंपन
(ग) दूषण
(घ) सुबाहु
उत्तर. (ख) अकंपन

856. श्रीराम व सीता के साथ और कौन वन गया था?
(क) शत्रुघ्न
(ख) लक्ष्मण
(ग) भरत
(घ) दशरथ
उत्तर. (ख) लक्ष्मण

857. संपाति (गृद्ध) के पंख कैसे जल गए थे?
(क) सूर्य की प्रखर किरणों से
(ख) आग लगने से

(ग) रावण द्वारा काट दिए जाने से
(घ) ऋषियों के शाप से
उत्तर. (क) सूर्य की प्रखर किरणों से

858. प्रहस्त कौन था?
(क) रावण का गुप्तचर
(ख) श्रीराम का एक मंत्री
(ग) दशरथ का गुप्तचर
(घ) रावण का एक सेनापति
उत्तर. (घ) रावण का एक सेनापति

859. महोदर, प्रहस्त, धूम्राक्ष, मारीच, शुक व सारण—ये सब लंका में किस पद पर थे?
(क) अमात्य
(ख) सारथि
(ग) गुप्तचर
(घ) सेनापति
उत्तर. (क) अमात्य

860. लंका जाने हेतु समुद्र पर बनाए गए पुल को किसने तैयार किया था?
(क) नल
(ख) अंगद
(ग) हनुमान
(घ) जांबवान्
उत्तर. (क) नल

861. ऋषि भरद्वाज के गुरु कौन महर्षि थे?
(क) परशुराम
(ख) वेदव्यास
(ग) वाल्मीकि
(घ) याज्ञवल्क्य
उत्तर. (ग) वाल्मीकि

862. हनुमानजी के बल और पराक्रम की परीक्षा हेतु देवताओं ने किसे राक्षसी के रूप में उनके मार्ग-विरोध (लंका जाते समय) के लिए भेजा था?
(क) एकजटा
(ख) प्रघसा
(ग) सुरसा
(घ) त्रिजटा
उत्तर. (ग) सुरसा

863. वह कौन राक्षस था जिसने माया से श्रीराम का कटा हुआ शीश दिखाकर सीताजी को विचलित करने का प्रयास किया था?
(क) विद्युज्जिह्व
(ख) निकुंभ
(ग) सुबाहु
(घ) प्रहस्त
उत्तर. (क) विद्युज्जिह्व

864. सीता स्वयंवर में जाते समय श्रीराम-लक्ष्मण के साथ कौन ऋषि थे?
(क) परशुराम
(ख) च्यवन
(ग) विश्वामित्र
(घ) वसिष्ठ
उत्तर. (ग) विश्वामित्र

865. ‘रामरक्षास्तोत्र’ की रचना किसने की थी?
(क) विश्वामित्र
(ख) वसिष्ठ
(ग) जाबालि
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) विश्वामित्र

866. तारकासुर एवं देवताओं के युद्ध में देवताओं का सेनापति कौन था?
(क) कार्त्तिकेय
(ख) जयंत
(ग) इंद्र
(घ) विष्णु
उत्तर. (क) कार्त्तिकेय

867. देवताओं का चिकित्सक कौन था?
(क) कुबेर
(ख) धन्वंतरि
(ग) सुश्रुत
(घ) अश्विनीकुमार
उत्तर. (घ) अश्विनीकुमार

868. पुष्पक विमान का निर्माण किसने किया था?
(क) कुबेर
(ख) मय
(ग) लक्ष्मण
(घ) विश्वकर्मा
उत्तर. (घ) विश्वकर्मा

869. रावण का शरीर किस वर्ण का था?
(क) नील
(ख) गौर
(ग) रक्त
(घ) कृष्ण
उत्तर. (घ) कृष्ण

870. श्रीराम के शरीर का वर्ण कैसा था?
(क) नील
(ख) रक्त
(ग) गौर
(घ) पीत

उत्तर. (क) नील

871. लक्ष्मण का शरीर किस वर्ण का था?
(क) पीत
(ख) नील
(ग) गौर
(घ) रक्त
उत्तर. (ग) गौर

872. भरत का शरीर किस वर्ण का था?
(क) रक्त
(ख) गौर
(ग) नील
(घ) पीत
उत्तर. (ग) नील

873. श्रीराम की आज्ञा से सीता को वन में छोड़ने कौन गया था?
(क) लक्ष्मण
(ख) शत्रुघ्न
(ग) हनुमान
(घ) भरत
उत्तर. (क) लक्ष्मण

874. देवताओं के गुरु कौन थे?
(क) ब्रह्मा
(ख) बृहस्पति
(ग) इंद्र
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (ख) बृहस्पति

875. राक्षसों का गुरु कौन था?
(क) विश्वामित्र
(ख) वसिष्ठ
(ग) शुक्राचार्य
(घ) परशुराम
उत्तर. (ग) शुक्राचार्य

876. रावण और मांधाता के बीच शांति स्थापित कराने में किस महर्षि ने मध्यस्थता की थी?
(क) जाबालि
(ख) परशुराम
(ग) गालव
(घ) वसिष्ठ
उत्तर. (ग) गालव

877. गाधि का जन्म किस यज्ञ के करने से हुआ था?
(क) राजसूय
(ख) वैष्णव

(ग) अश्वमेध
(घ) पुत्रेष्टि
उत्तर. (घ) पुत्रेष्टि

878. मेघनाद द्वारा प्रयुक्त नागपाश से बँध जाने पर श्रीराम-लक्ष्मण को किसने मुक्त कराया था?
(क) गरुड
(ख) हनुमान
(ग) अंगद
(घ) इंद्र
उत्तर. (क) गरुड

879. विष्णु ने वामन रूप में किसके गर्भ से जन्म लिया था?
(क) कद्रु
(ख) अदिति
(ग) विनता
(घ) शर्मिष्ठा
उत्तर. (ख) अदिति

880. राम आदि चारों भाइयों में द्वितीय कौन था?
(क) भरत
(ख) लक्ष्मण
(ग) शत्रुघ्न
(घ) कोई नहीं
उत्तर. (क) भरत

881. म्लेच्छों की उत्पत्ति कहाँ से हुई थी?
(क) ब्रह्मा के नेत्रों से
(ख) शिव की जटाओं से
(ग) विष्णु के अँगूठे से
(घ) कामधेनु के रोमकूपों से
उत्तर. (घ) कामधेनु के रोमकूपों से

882. हनुमानजी को प्रथम बार रावण के समक्ष कौन ले गया था?
(क) मेघनाद
(ख) विभीषण
(ग) अक्षकुमार
(घ) कुंभकर्ण
उत्तर. (क) मेघनाद

883. ऋक्षबिल (गुफा) में हनुमान-अंगद आदि की भेंट किससे हुई थी?
(क) सुरसा
(ख) लंकिनी
(ग) स्वयंप्रभा
(घ) अहल्या
उत्तर. (ग) स्वयंप्रभा

884. वनवास काल में शृंगवेरपुर के पास श्रीराम के चरण किसने धोए थे?

(क) शबरी
(ख) अहल्या
(ग) केवट
(घ) सती
उत्तर. (ग) केवट

885. गायत्री मंत्र में किस देवता की आराधना है?
(क) सूर्य
(ख) वरुण
(ग) अग्नि
(घ) यम
उत्तर. (क) सूर्य

886. पंचवटी में सीताजी की कुटिया के आगे लक्ष्मणरेखा किसने खींची थी?
(क) श्रीराम
(ख) भरत
(ग) हनुमान
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (घ) लक्ष्मण

887. वह कौन ऋषि थे, जिन्होंने 'मरा-मरा' का जाप कर तपस्या की थी?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) दुर्वासा
(ग) वाल्मीकि
(घ) भरद्वाज
उत्तर. (ग) वाल्मीकि

888. लोकपालों के हाथियों को क्या कहा जाता है?
(क) विरूपाक्ष
(ख) दिग्गज
(ग) कुवलयापीड
(घ) शत्रुंजय
उत्तर. (ख) दिग्गज

889. दशरथ ने किस राजा को अपनी पुत्री पोष्य पुत्रिका के रूप में दी थी?
(क) जनक
(ख) गय
(ग) रोमपाद
(घ) वसुदान
उत्तर. (ग) रोमपाद

890. जब श्रीराम ने स्वर्ण-मृग को बाण मारकर गिरा दिया था उस समय उसके मुख से विलाप के स्वर में क्या निकला था?
(क) हे राम!
(ख) हा लक्ष्मण!
(ग) हे भगवान्!
(घ) बचाओ!

उत्तर. (ख) हा लक्ष्मण!

891. भरत का वह कौन मंत्री था, जो श्रीराम के वनवास से वापस अयोध्या लौटने पर उनके स्वागतार्थ गया था?
(क) वसुद्धव
(ख) शतानंद
(ग) अर्थसाधक
(घ) सौजन्य
उत्तर. (ग) अर्थसाधक

892. महर्षि वाल्मीकि को रामकथा किसने सुनाई थी?
(क) विष्णु
(ख) नारद
(ग) ब्रह्मा
(घ) शिव
उत्तर. (ख) नारद

893. 'रभस' नामक यौद्धिक विधि श्रीराम ने किससे सीखी थी?
(क) अत्रि
(ख) याज्ञवल्क्य
(ग) वसिष्ठ
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (घ) विश्वामित्र

894. प्राजापत्य पुरुष द्वारा प्रदत्त चरु का कितना भाग दशरथ ने कौशल्या को दिया था?
(क) दो-तिहाई
(ख) आधा
(ग) एक-तिहाई
(घ) तीन-चौथाई
उत्तर. (ख) आधा

895. प्राजापत्य पुरुष द्वारा प्रदत्त चरु का कितना भाग दशरथ ने कैकेयी को दिया था?
(क) एक-तिहाई
(ख) चौथाई
(ग) आधा
(घ) आठवाँ
उत्तर. (ख) चौथाई

896. प्राजापत्य पुरुष द्वारा प्रदत्त चरु का कितना भाग सुमित्रा को मिला था?
(क) आधा
(ख) एक-तिहाई
(ग) आठवाँ
(घ) चौथाई
उत्तर. (घ) चौथाई

897. काकभुशुंडि पूर्वजन्म में क्या थे?
(क) ब्राह्मण
(ख) क्षत्रिय

(ग) वैश्य
(घ) शूद्र
उत्तर. (क) ब्राह्मण

898. श्रीराम के वनवास काल की कथा रामायण के किस कांड के अंतर्गत है?
(क) उत्तरकांड
(ख) अरण्यकांड
(ग) किष्किंधाकांड
(घ) बालकांड
उत्तर. (ख) अरण्यकांड

899. ताड़का (राक्षसी) राक्षसी होने से पूर्व क्या थी?
(क) गंधर्वी
(ख) यक्षिणी
(ग) दानवी
(घ) देवी
उत्तर. (ख) यक्षिणी

900. 'सनाभ' किस पर्वत का एक नाम है?
(क) महेंद्र
(ख) कैलास
(ग) मैनाक
(घ) किष्किंधा
उत्तर. (ग) मैनाक

901. किस ऋषि ने सीताजी की शुद्धता का दावा किया था?
(क) वाल्मीकि
(ख) विश्वामित्र
(ग) भरद्वाज
(घ) परशुराम
उत्तर. (क) वाल्मीकि

902. रावण-बंधुओं में सबसे छोटा कौन था?
(क) रावण
(ख) विभीषण
(ग) कुंभकर्ण
(घ) कोई नहीं
उत्तर. (ख) विभीषण

903. श्रीराम सहित सभी भाइयों में सबसे छोटा कौन था?
(क) राम
(ख) लक्ष्मण
(ग) शत्रुघ्न
(घ) भरत
उत्तर. (ग) शत्रुघ्न

904. श्रीराम के दरबार में किसने रामायण का गान किया था?

(क) लव-कुश
(ख) नारद
(ग) वाल्मीकि
(घ) जाबालि
उत्तर. (क) लव-कुश

905. राजा दशरथ की रानी कैकेयी किस वर्ण की थीं?
(क) क्षत्रिय
(ख) ब्राह्मण
(ग) वैश्य
(घ) शूद्र
उत्तर. (क) क्षत्रिय

906. रामायण का प्रमुख नायक कौन है?
(क) दशरथ
(ख) जनक
(ग) श्रीराम
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (ग) श्रीराम

907. पंचवटी में प्रवेश करते समय श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के साथ और कौन था?
(क) हनुमान
(ख) जटायु
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ख) जटायु

908. कुबेर को पुष्पक विमान किसने दिया था?
(क) इंद्र
(ख) शिव
(ग) सूर्य
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (घ) ब्रह्मा

909. शूरसेन जनपद किसने बसाया था?
(क) शत्रुघ्न
(ख) भरत
(ग) श्रीराम
(घ) लक्ष्मण
उत्तर. (क) शत्रुघ्न

910. गंगा पार करने पर सीताजी केवट को उतराई के रूप में कौन सी वस्तु दे रही थीं जिसे केवट ने लेने से मना कर दिया था?
(क) मुद्रिका
(ख) वस्त्र
(ग) धन
(घ) स्वर्ण-मुद्रा

उत्तर. (क) मुद्रिका

911. 'बरवै रामायण' की रचना किसने की थी?
(क) वाल्मीकि
(ख) विश्वामित्र
(ग) वसिष्ठ
(घ) तुलसीदास
उत्तर. (घ) तुलसीदास

912. हहा और हूहू कौन थे?
(क) राक्षस
(ख) वानर
(ग) गंधर्व
(घ) यक्ष
उत्तर. (ग) गंधर्व

913. अनल, अनिल, हर और संपाति—ये किसके मंत्री थे?
(क) सुग्रीव
(ख) जनक
(ग) विभीषण
(घ) भरत
उत्तर. (ग) विभीषण

914. 'सर्वतापन' किसका नाम है?
(क) इंद्र
(ख) सूर्य
(ग) वायु
(घ) वरुण
उत्तर. (ख) सूर्य

915. हनुमानजी को समुद्र-लंघन के लिए किसने उत्साहित किया था?
(क) सुग्रीव
(ख) अंगद
(ग) नल
(घ) जांबवान्
उत्तर. (घ) जांबवान्

916. लंका पर आक्रमण हेतु समुद्र पर सेतु बाँधते समय वानरों द्वारा पत्थरों पर कौन सा शब्द अंकित किया गया था?
(क) राम
(ख) सीता
(ग) तारणहार
(घ) हे प्रभु
उत्तर. (क) राम

917. अशोक वाटिका में हनुमान ने किंकर नामक जिन राक्षसों को मारा था उन्हें किसने भेजा था?
(क) कुंभकर्ण

(ख) कुबेर
(ग) रावण
(घ) मेघनाद
उत्तर. (ग) रावण

918. लंगूर जाति के काले मुँहवाले वानरों का यूथपति कौन था?
(क) मैंद
(ख) गवाक्ष
(ग) कुमुद
(घ) सुषेण
उत्तर. (ख) गवाक्ष

919. वानरों की उत्पत्ति किनसे हुई थी?
(क) देवताओं और गंधर्वों
(ख) ब्रह्मा
(ग) इंद्र
(घ) सूर्य
उत्तर. (क) देवताओं और गंधर्वों

920. राजा दशरथ की पुत्री का विवाह किससे हुआ था?
(क) ऋष्यशृंग
(ख) वसिष्ठ
(ग) गय
(घ) रोमपाद
उत्तर. (क) ऋष्यशृंग

921. सीता-हरण के समय असली सीता के स्थान पर माया से नकली सीता की सृष्टि किसने की थी?
(क) इंद्र
(ख) ब्रह्मा
(ग) अग्नि
(घ) वरुण
उत्तर. (ग) अग्नि

922. शुक और सारण लंका में किस पद पर थे?
(क) सारथि
(ख) गुप्तचर प्रमुख
(ग) सेनापति
(घ) अमात्य
उत्तर. (घ) अमात्य

923. महोदर राक्षस रावण का क्या लगता था?
(क) भाई
(ख) चाचा
(ग) दादा
(घ) मामा
उत्तर. (क) भाई

924. जब सूर्य को पकड़ने के लिए हनुमान उछले थे उस समय कौन सा ग्रह सूर्य पर ग्रहण लगाना चाहता था?
(क) केतु
(ख) शनि
(ग) राहु
(घ) बुध
उत्तर. (ग) राहु

925. वह कौन ऋषि थे जिन्होंने रामायण की अधिकांश घटनाओं का पूर्व दर्शन कर लिया था?
(क) विश्वामित्र
(ख) वाल्मीकि
(ग) जमदग्नि
(घ) कश्यप
उत्तर. (ख) वाल्मीकि

926. विजयादशमी का पर्व किस मास की किस तिथि को मनाया जाता है?
(क) आश्विन शुक्ल दशमी
(ख) आश्विन कृष्ण दशमी
(ग) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी
(घ) चैत्र शुक्ल दशमी
उत्तर. (क) आश्विन शुक्ल दशमी

927. श्रीराम ने सेतुबंध रामेश्वरम् की स्थापना किस मास की किस तिथि को की थी?
(क) वैशाख शुक्ल द्वादशी
(ख) ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी
(ग) आषाढ़ कृष्ण अष्टमी
(घ) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी
उत्तर. (घ) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी

928. शत्रुघ्न का जन्म किस नक्षत्र में हुआ था?
(क) आश्लेषा
(ख) रेवती
(ग) स्वाति
(घ) मृगशिरा
उत्तर. (क) आश्लेषा

929. 'काशीनाथ' किस देवता को कहा जाता है?
(क) ब्रह्मा
(ख) शिव
(ग) शनि
(घ) सूर्य
उत्तर. (ख) शिव

930. राजा दशरथ की मृत्यु का समाचार भरत को किसने दिया था?
(क) कौशल्या
(ख) सुमित्रा
(ग) कैकेयी
(घ) लक्ष्मण

उत्तर. (ग) कैकेयी

931. राजा दशरथ की मृत्यु के पश्चात्—किसी भी राजकुमार के उपस्थित न रहने के कारण—उनके शव को किस तरल पदार्थ में डुबोकर रखा गया था?
(क) तेल
(ख) घी
(ग) गंगाजल
(घ) गोदुग्ध
उत्तर. (क) तेल

932. विश्वामित्र को 'महर्षि' की उपाधि से किस देवता ने विभूषित किया था?
(क) इंद्र
(ख) विष्णु
(ग) ब्रह्मा
(घ) नारद
उत्तर. (ग) ब्रह्मा

933. लवणासुर का वध करने के लिए श्रीराम ने किसे भेजा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) भरत
(ग) हनुमान
(घ) शत्रुघ्न
उत्तर. (घ) शत्रुघ्न

934. शुक्राचार्य का समस्त शिल्प-वैभव प्राप्त करने के लिए मयासुर ने किसकी तपस्या की थी?
(क) ब्रह्मा
(ख) शिव
(ग) इंद्र
(घ) विष्णु
उत्तर. (क) ब्रह्मा

935. रावण के किस अंग में अमृत था?
(क) नाभि
(ख) आँख
(ग) कान
(घ) नाक
उत्तर. (क) नाभि

936. ऋक्षराज (ऋक्षराट्) वानर का जन्म ब्रह्मा के किस अंग से हुआ था?
(क) मुँह
(ख) हाथ
(ग) आँख
(घ) कान
उत्तर. (ग) आँख

937. किसने वामन-रूप धारण कर राजा बलि से तीन पग भूमि दान में माँगी थी?
(क) इंद्र

(ख) विष्णु
(ग) शिव
(घ) ब्रह्मा
उत्तर. (ख) विष्णु

938. श्रीराम से सुग्रीव का परिचय किसने कराया था?
(क) हनुमान
(ख) नल
(ग) नील
(घ) जांबवान्
उत्तर. (क) हनुमान

939. बर्बर जाति के लोग महर्षि वसिष्ठ की गाय के किस अंग से उत्पन्न हुए थे?
(क) मुँह
(ख) पेट
(ग) थन
(घ) कान
उत्तर. (ग) थन

940. श्रीराम को ब्रह्मा का यह संदेश किसने सुनाया था कि उनकी (राम की) जीवन-अवधि अब समाप्त हो चुकी है, अतः स्वर्गलोक चले आएँ?
(क) इंद्र
(ख) वायु
(ग) सूर्य
(घ) काल
उत्तर. (घ) काल

941. सुतीक्ष्ण मुनि किसके शिष्य थे?
(क) धौम्य
(ख) याज्ञवल्क्य
(ग) अगस्त्य
(घ) जमदग्नि
उत्तर. (ग) अगस्त्य

942. किस ऋषि ने श्रीराम को स्व-अर्जित ब्रह्मलोक एवं स्वर्गलोक देने चाहे थे, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया था?
(क) जमदग्नि
(ख) शरभंग
(ग) धौम्य
(घ) ऋचीक
उत्तर. (ख) शरभंग

943. लंका के राजा पद पर विभीषण का राज्याभिषेक किसने किया था?
(क) श्रीराम
(ख) सुग्रीव
(ग) माल्यवान्
(घ) लक्ष्मण

उत्तर. (घ) लक्ष्मण

944. जटायु (गृद्ध) का दाह-संस्कार किसने किया था?
(क) संपाति
(ख) श्रीराम
(ग) लक्ष्मण
(घ) हनुमान
उत्तर. (ख) श्रीराम

945. वनवास काल में सीताजी को दिव्य हार, वस्त्राभूषण और अंगराग किसने प्रदान किए थे?
(क) अरुंधती
(ख) शूर्पणखा
(ग) अनसूया
(घ) अंजनी
उत्तर. (ग) अनसूया

946. सीता स्वयंवर में जिस धनुष का प्रयोग किया गया था, वह राजा जनक को किसने दिया था?
(क) ब्रह्मा
(ख) वरुण
(ग) शिव
(घ) इंद्र
उत्तर. (ख) वरुण

947. दंडक वन में श्रीराम, सीता व लक्ष्मण पर किस राक्षस ने आक्रमण किया था?
(क) विराध
(ख) प्रहस्त
(ग) प्रघस
(घ) कबंध
उत्तर. (क) विराध

948. ऋषियों के उस समुदाय को क्या कहते हैं, जो कहा जाता है कि ब्रह्मा के नख से उत्पन्न हुआ है?
(क) वालखिल्य
(ख) सलिलाहार
(ग) उन्मज्जक
(घ) वैखानस
उत्तर. (घ) वैखानस

949. महर्षियों के उस समुदाय को क्या कहते हैं, जो कहा जाता है कि ब्रह्माजी के रोम से प्रकट हुआ है?
(क) सजप
(ख) वालखिल्य
(ग) वायुभक्ष
(घ) पंचाग्निसेवी
उत्तर. (ख) वालखिल्य

950. मुनियों के उस समुदाय को क्या कहा जाता है, जो पत्तों का आहार करता है?
(क) वैखानस
(ख) उन्मज्जक

(ग) पत्राहार
(घ) सलिलाहार
उत्तर. (ग) पत्राहार

951. कंठ तक पानी में डूबकर तपस्या करनेवाले ऋषियों को क्या कहा जाता है?
(क) वैखानस
(ख) वालखिल्य
(ग) उन्मज्जक
(घ) वायुभक्ष
उत्तर. (ग) उन्मज्जक

952. ऋषियों के उस समुदाय को क्या कहा जाता है, जो केवल जल पीकर ही रहता है?
(क) सलिलाहार
(ख) सजप
(ग) पंचाग्निसेवी
(घ) उन्मज्जक
उत्तर. (क) सलिलाहार

953. वायु पीकर जीवन-निर्वाह करनेवाले ऋषियों के समुदाय को क्या कहा जाता है?
(क) सुपार्श्व
(ख) वैखानस
(ग) सजप
(घ) वायुभक्ष
उत्तर. (घ) वायुभक्ष

954. निरंतर जप करनेवाले ऋषियों के समुदाय को क्या कहा जाता है?
(क) वालखिल्य
(ख) उन्मज्जक
(ग) सजप
(घ) सुपार्श्व
उत्तर. (ग) सजप

955. गरमी के मौसम में ऊपर से सूर्य का तथा चारों ओर से अग्नि का ताप सहन करनेवाले ऋषियों के समुदाय को क्या कहा जाता है?
(क) उन्मज्जक
(ख) पंचाग्निसेवी
(ग) वायुभक्ष
(घ) वैखानस
उत्तर. (ख) पंचाग्निसेवी

956. संपाति को सीता-हरण की जानकारी किसने दी थी?
(क) सुपार्श्व
(ख) जटायु
(ग) अंगद
(घ) हनुमान
उत्तर. (क) सुपार्श्व

957. राजा दशरथ के दाह-संस्कार के समय उनके परिवार की कौन स्त्र् उपस्थित नहीं थी?
(क) कौशल्या
(ख) सीता
(ग) कैकेयी
(घ) सुमित्रा
उत्तर. (ख) सीता

958. जब लक्ष्मण किष्किंधापुरी जाकर सुग्रीव पर क्रोधित हो रहे थे, उस समय सुग्रीव ने उन्हें शांत करने के लिए किसे भेजा था?
(क) रूमा
(ख) नील
(ग) तारा
(घ) जांबवान्
उत्तर. (ग) तारा

959. राजा निमि किसके पूर्वज हैं?
(क) दशरथ
(ख) जनक
(ग) रावण
(घ) युधाजित्
उत्तर. (ख) जनक

960. नाभाग किसके पूर्वज हैं?
(क) रावण
(ख) युधाजित्
(ग) दशरथ
(घ) जनक
उत्तर. (ग) दशरथ

961. दशरथ की कौन सी रानी रुष्ट होकर कोपभवन में चली गई थी?
(क) कौशल्या
(ख) सुमित्रा
(ग) कैकेयी
(घ) कोई नहीं
उत्तर. (ग) कैकेयी

962. श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के वन-गमन के पश्चात् उनका संदेश दशरथ को किसने सुनाया था?
(क) निषादराज गुह
(ख) भरत
(ग) जनक
(घ) सुमंत्र
उत्तर. (घ) सुमंत्र

963. लंका पहुँचने पर हनुमानजी ने रावण को सर्वप्रथम किस स्थिति में देखा था?
(क) नृत्य करते हुए
(ख) सोते हुए
(ग) गाते हुए

(घ) घूमते हुए
उत्तर. (ख) सोते हुए

964. हनुमानजी ने लंका पहुँचकर सीताजी को कैसे पहचाना था?
(क) मुखाकृति से
(ख) केशों से
(ग) आभूषणों से
(घ) पादुका से
उत्तर. (ग) आभूषणों से

965. मरीचि, अत्रि, अंगिरा, पुलस्त्य, पुलह और क्रतु—ये कौन हैं?
(क) मरुत्
(ख) प्रजापति
(ग) आदित्य
(घ) देवता
उत्तर. (ख) प्रजापति

966. चित्रकूट पहुँचकर श्रीराम आदि ने किस ऋषि के दर्शन किए थे?
(क) वाल्मीकि
(ख) भरद्वाज
(ग) अगस्त्य
(घ) अत्रि
उत्तर. (क) वाल्मीकि

967. वनवास के लिए जाते समय लक्ष्मण को किसने उपदेश दिया था?
(क) दशरथ
(ख) कौशल्या
(ग) सुमंत्र
(घ) सुमित्रा
उत्तर. (घ) सुमित्रा

968. राजा दशरथ का वह कौन मंत्री था जो अर्थशास्त्र का ज्ञाता था?
(क) जयंत
(ख) विजय
(ग) सुमंत्र
(घ) अकोप
उत्तर. (ग) सुमंत्र

969. वसिष्ठ के अतिरिक्त अन्य कौन ऋषि थे, जो राजा दशरथ के ऋत्विज् (पुरोहित) थे?
(क) गौतम
(ख) वामदेव
(ग) मार्कंडेय
(घ) जाबालि
उत्तर. (ख) वामदेव

970. राजा दशरथ की मुख्य पटरानी कौन थीं?
(क) कैकेयी

(ख) सुमित्रा
(ग) कौशल्या
(घ) तीनों
उत्तर. (ग) कौशल्या

971. राक्षसों के निर्दलन के लिए शिवजी की सलाह से देवतागण किसके पास गए थे?
(क) ब्रह्मा
(ख) इंद्र
(ग) सूर्य
(घ) विष्णु
उत्तर. (घ) विष्णु

972. मूर्च्छित लक्ष्मण के लिए विशल्यकरणी, सावर्ण्यकरणी, संजीवकरणी और संधानी नामक महौषधियाँ कौन लाया था?
(क) हनुमान
(ख) अंगद
(ग) सुग्रीव
(घ) जांबवान्
उत्तर. (क) हनुमान

973. लकड़ी के उन पुलों को क्या कहा जाता था, जिन्हें जब आवश्यकता होती (शत्रु के आक्रमण के समय) तब यंत्रों की सहायता से गिरा दिया जाता था?
(क) काष्ठसेतु
(ख) काष्ठबंध
(ग) संक्रम
(घ) सेतुबंध
उत्तर. (ग) संक्रम

974. तक्षक नाग के शरीर का रंग कैसा था?
(क) धूम्र वर्ण
(ख) नील वर्ण
(ग) पीत वर्ण
(घ) रक्त वर्ण
उत्तर. (घ) रक्त वर्ण

975. वानरों का हाथियों से किस कारण वैर था?
(क) हाथी का रूप धारण करके आए शंबसादन राक्षस को वानरराज केसरी द्वारा मार डालने के कारण
(ख) वानरों द्वारा हाथियों के जंगल को आग लगा देने के कारण
(ग) इंद्र के हाथी ऐरावत द्वारा वानरों को मारने के कारण
(घ) वानरराज सुग्रीव द्वारा ऐरावत को पराजित कर देने के कारण
उत्तर. (क) हाथी का रूप धारण करके आए शंबसादन राक्षस को वानरराज केसरी द्वारा मार डालने के कारण

976. दूषण किसका सेनापति था?
(क) रावण
(ख) सहस्रार्जुन
(ग) खर
(घ) बालि

उत्तर. (ग) खर

977. वनवास से अयोध्या वापस आते हुए श्रीराम ने किसे अपना दूत बनाकर भरत के पास भेजा था?
(क) लक्ष्मण
(ख) जांबवान्
(ग) विभीषण
(घ) हनुमान
उत्तर. (घ) हनुमान

978. संपाति को जटायु की हत्या का समाचार किसने सुनाया था?
(क) जांबवान्
(ख) सुषेण
(ग) अंगद
(घ) द्विविद
उत्तर. (ग) अंगद

979. राजा जनक की ओर से श्रीराम के विवाह का निमंत्रण लेकर राजा दशरथ के पास कौन गया था?
(क) वसिष्ठ
(ख) शतानंद
(ग) परशुराम
(घ) विश्वामित्र
उत्तर. (ख) शतानंद

980. लंका पर आक्रमण के हेतु सेतुबंध बाँधने के अवसर पर शिवलिंग की स्थापना किसने की थी?
(क) श्रीराम
(ख) विभीषण
(ग) जनक
(घ) हनुमान
उत्तर. (क) श्रीराम

981. रावण के साथ युद्ध में विजय-प्राप्ति के लिए श्रीराम को 'आदित्यहृदय' का पाठ करने को किस ऋषि ने कहा था?
(क) याज्ञवल्क्य
(ख) अगस्त्य
(ग) वाल्मीकि
(घ) अत्रि
उत्तर. (ख) अगस्त्य

982. चार शालाओं से युक्त गृह को, जिसकी प्रत्येक दिशा में एक-एक करके चार द्वार हों, उसे क्या कहते हैं?
(क) नंद्यावर्त
(ख) वर्धमान्
(ग) सर्वतोभद्र
(घ) स्वस्तिक
उत्तर. (ग) सर्वतोभद्र

983. जिस गृह में तीन ही द्वार हों, पश्चिम दिशा की ओर द्वार न हो, उसे क्या कहा जाता है?
(क) स्वस्तिक

(ख) नंद्यावर्त
(ग) वर्धमान्
(घ) सर्वतोभद्र
उत्तर. (ख) नंद्यावर्त

984. जिस गृह में दक्षिण के सिवाय अन्य तीन दिशाओं में द्वार हों, उसे क्या कहते हैं?
(क) वर्धमान्
(ख) स्वस्तिक
(ग) नंद्यावर्त
(घ) सर्वतोभद्र
उत्तर. (क) वर्धमान्

985. जिस गृह में केवल पूर्व दिशा की ओर द्वार हो, अन्य तीन दिशाओं में न हो, उसे क्या कहा जाता है?
(क) सर्वतोभद्र
(ख) वर्धमान्
(ग) नंद्यावर्त
(घ) स्वस्तिक
उत्तर. (घ) स्वस्तिक

986. साँप के फनों में दिखाई देनेवाली नील रेखा को क्या कहते हैं?
(क) स्वस्तिक
(ख) शिरो रेखा
(ग) नील रेखा
(घ) फण रेखा
उत्तर. (क) स्वस्तिक

987. वह चौकी, जिसपर पासा बिछाया या खेला जाय, क्या कहलाती है?
(क) द्यूत चौकी
(ख) द्यूत पट्ट
(ग) द्यूत फलक
(घ) द्यूत आसन
उत्तर. (ग) द्यूत फलक

988. रौद्र, सार्प, मैत्र, पैत्र, वासव, आप्य, वैश्व, ब्राह्म, प्राज, ईश, ऐंद्र, ऐंद्राग्न, नैऋत, वारुणार्यमण, भगी—ये क्या हैं?
(क) प्रजापति
(ख) महर्षि
(ग) मरुत्
(घ) मुहूर्त
उत्तर. (घ) मुहूर्त

989. अंतःपुर के अध्यक्ष को क्या कहा जाता था?
(क) अंतर्वेशिक
(ख) अंतराध्यक्ष
(ग) अंतःपाल
(घ) अंतःरक्षक
उत्तर. (क) अंतर्वेशिक

990. पहरेदारों को काम बतानेवाले अधिकारी को क्या कहा जाता था?
(क) प्रहरी प्रमुख
(ख) प्रदेष्टा
(ग) प्रहरी नायक
(घ) द्वार अध्यक्ष
उत्तर. (ख) प्रदेष्टा

991. आवह, प्रवह, संवह, उद्वह, विवह, परिवह और परावह—ये कौन हैं?
(क) प्रजापति
(ख) गंधर्व
(ग) मरुत्
(घ) यक्ष
उत्तर. (ग) मरुत्

992. चतुरंगिणी सेना किसे कहा जाता था?
(क) जिसके रथों में चार घोड़े जुते हों
(ख) जिसका ध्वज चार रंगों का हो
(ग) जो चार अंगों—हाथी, घोड़े, रथ व पैदल—वाली हो
(घ) जो चारों दिशाओं में विजय प्राप्त कर चुकी हो
उत्तर. (ग) जो चार अंगों—हाथी, घोड़े, रथ व पैदल—वाली हो

993. बत्तीस सेर की माप को क्या कहा जाता था?
(क) वितान
(ख) व्याम
(ग) द्रोण
(घ) वायुत्
उत्तर. (ग) द्रोण

994. दोनों भुजाओं को दोनों ओर फैलाने पर एक हाथ की उँगलियों के सिरे से दूसरे हाथ की उँगलियों के सिरे तक जितनी दूरी होती है, उसे क्या कहते हैं?
(क) व्याम
(ख) वायुत्
(ग) वितान
(घ) द्रोण
उत्तर. (क) व्याम

995. प्राण-त्याग के लिए किए जानेवाले अनशन को क्या कहते हैं?
(क) निर्जल अनशन
(ख) आमरण अनशन
(ग) प्राणोत्सर्ग कर्म
(घ) प्रायोपवेशन
उत्तर. (घ) प्रायोपवेशन

996. महिरावण (अद्भुत रामायण के अनुसार) रावण का कौन लगता था?
(क) पुत्र
(ख) भाई
(ग) पिता

(घ) मामा
उत्तर. (क) पुत्र

997. श्रीराम के अश्वमेध यज्ञ में सीताजी के स्थान पर उनकी जिस प्रतिमा को श्रीराम की पत्नी-रूप में बैठाया गया था, वह किस धातु की थी?
(क) स्वर्ण
(ख) लौह
(ग) ताम्र
(घ) कांस्य
उत्तर. (क) स्वर्ण

998. गंधर्वराज शैलूष विभीषण का क्या लगता था?
(क) मामा
(ख) पिता
(ग) श्वसुर
(घ) साला
उत्तर. (ग) श्वसुर

999. भरत-शत्रुघ्न के श्वसुर कौन थे?
(क) सीरध्वज
(ख) शतध्वज
(ग) मकरध्वज
(घ) कुशध्वज
उत्तर. (घ) कुशध्वज

1000. मुक्त, अमुक्त, मुक्तामुक्त तथा मंत्रमुक्त—ये चारों भेद किस वेद के हैं?
(क) सामवेद
(ख) धनुर्वेद
(ग) आयुर्वेद
(घ) ऋग्वेद
उत्तर. (ख) धनुर्वेद

❑

# परिशिष्ट-1

## श्रीराम की कुल-परंपरा का क्रमशः परिचय*

1. ब्रह्मा
↓
2. मरीचि
↓
3. कश्यप
↓
4. विवस्वान्
↓
5. वैवस्वत मनु
↓
6. इक्ष्वाकु
↓
7. कुक्षि
↓
8. विकुक्षि
↓
9. बाण
↓
10. अनरण्य
↓
11. पृथु
↓
12. त्रिशंकु
↓
13. धुंधुमार
↓
14. युवनाश्व
↓
15. मांधाता
↓
16. सुसंधि

↓

17. धुरवसंधि
(प्रसेनजित्)

↓

18. भरत

↓

19. असित

↓

20. सगर

↓

21. असमंज

↓

22. अंशुमान

↓

23. दिलीप

↓

24. भगीरथ

↓

25. ककुत्स्थ

↓

26. रघु

↓

27. प्रवृद्ध (कल्माषपाद)

↓

28. शंखण

↓

29. सुदर्शन

↓

30. अग्निवर्ण

↓

31. शीघ्रग

↓

32. मरु

↓

33. प्रशुश्रुरक

↓

34. अंबरीष

↓

35. नहुष

↓

36. ययाति

↓

37. नाभाग

↓

38. अज

↓

39. दशरथ

↓

40. श्रीराम

❑

* वाल्मीकि रामायण पर आधारित।

# परिशिष्ट-2

## राजा जनक की कुल-परंपरा का क्रमशः परिचय*

1. निमि
↓
2. मिथि
↓
3. जनक
↓
4. उदावसु
↓
5. नंदिवर्धन
↓
6. सुकेतु
↓
7. देवरात
↓
8. बृहद्रथ
↓
9. महावीर्य
↓
10. सुधृति
↓
11. धृष्टकेतु
↓
12. हर्यश्व
↓
13. मरु
↓
14. प्रतींधक
↓
15. कीर्तिरथ
↓
16. देवमीढ

↓

17. विबुध

↓

18. महीध्रक

↓

19. कीर्तिरात

↓

20. महारोमा

↓

21. स्वर्णरोमा

↓

22. ह्रस्वरोमा

↓

23. सीरध्वज (जनक), कुशध्वज

↓


24. सीताजी

* वाल्मीकि रामायण पर आधारित।

❑

# परिशिष्ट-3

## *लंका-नरेश रावण का वंश-वृक्ष*




❑❑❑